


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन जन की आवाज

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 147 | गुरूवार, 9 जुलाई 2026 | आषाढ़ माह कृष्ण पक्ष नवमी विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रूपया




## संक्षिप्त समाचार

### अतहर खान की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने वर्ष 2020 में राजधानी के उत्तर-पूर्वी हिस्सों में हुए दंगों के पीछे कथित 'बड़ी साजिश' को लेकर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज मामले में गिरफ्तार अतहर खान को जमानत देने से मंगलवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह और न्यायमूर्ति मधु जैन की पीठ ने अधीनस्थ न्यायालय के 29 जनवरी को इस मामले में राहत देने से इनकार करने के आदेश को चुनौती देने वाली अतहर की अपील को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि वह "दंगों के दौरान हत्या कराने की साजिश रचने वाले मुख्य षड्यंत्रकताओं में से एक" था, न कि "केवल स्थानीय स्तर का कोई गुर्गा"।

### बिल्डर के यहां गोलीबारी करने वाले पांच गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने पहाडगंज के एक बिल्डर से 30 लाख रुपये की रंगदारी को लेकर उसके दफ्तर पर गोलीबारी करने के मामले में मुठभेड़ के बाद मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में चार अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि आरोपियों में एक स्थानीय बिल्डर और होटल व्यवसायी भी शामिल है, जिन्होंने शिकायककर्ता से रंगदारी वसूलने के लिए एक अंतरराज्यीय गिरोह के साथ मिलकर साजिश रची थी।

### भारत में अवैध रूप से रह रही यूक्रेनी महिला गिरफ्तार

**मोतिहारी।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में भारत-नेपाल सीमा के पास यूक्रेन की एक महिला को वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद भी अवैध रूप से यहां रहने और पड़ोसी मुल्क में अवैध तरीके से घुसने की कोशिश करने के आरोप में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महिला के खिलाफ भारत-नेपाल सीमा के निकट स्थित हरपुर थाने में आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई गई है।

### चंडीगढ़ में सड़क हादसा, तीन लोगों की मौत

**ऊना।** जिला ऊना के तीन लोगों की मंगलवार को चंडीगढ़ के निकट हुए एक भीषण सड़क हादसे में मौत हो गई। यह हादसा मोहाली-कुराली हाईवे पर हुआ, जहां एक तेज रफ्तार कार आगे चल रहे कंटेनर से टकराकर उसके नीचे जा घुसी। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान देहलां गांव के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवी सुरेश ऐरी, मैहतपुर औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगपति शम्मी जैन के पुत्र एवं व्यवसायी आदित्य जैन तथा उनकी पुत्रवधू के रूप में हुई है। सुरेश ऐरी चढ़तगढ़ स्थित वृद्धजन आश्रय 'पुरोधा' के संस्थापक अध्यक्ष भी रहे हैं और सामाजिक कार्यों में उनकी सक्रिय भूमिका रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार सभी लोग एक विवाह समारोह में शामिल होकर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान मोहाली-कुराली हाईवे पर उनकी कार के आगे चल रहे कंटेनर ने अचानक ब्रेक लगा दी।

# 2.25 लाख में बिका यूजीसी-नेट पेपर: राहुल

## राहुल गांधी ने परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र बेचने का किया दावा, हरियाणा के एडवोकेट की रिपोर्ट का दिया हवाला

**» राहुल गांधी का दावा- यूजीसी-नेट परीक्षा से पहले 100 पेज की पीडीएफ में लीक हुए सवाल**

**» आरोप लगाया कि सोशियोलॉजी का प्रश्नपत्र 2.25 लाख रुपये में कई राज्यों में बेचा गया**

**» जिस एडवोकेट के दावे का हवाला दिया गया, उसने पेपर लीक माफिया से जान का खतरा बताया**



**नई दिल्ली**

नीट परीक्षा विवाद के बीच अब यूजीसी-नेट परीक्षा को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने यूजीसी-नेट परीक्षा में कथित पेपर लीक का आरोप लगाते हुए केंद्र सरकार और परीक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने दावा किया कि परीक्षा से पहले सोशियोलॉजी विषय का प्रश्नपत्र लीक हुआ और इसे लाखों रुपये में बेचा गया। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि छात्रों की मेहनत और भविष्य से जुड़े मामलों में लगातार गड़बड़ी सामने आ रही है। उन्होंने दावा किया कि यूजीसी-नेट परीक्षा से पहले करीब 100 पेज की एक पीडीएफ प्रसारित हुई थी, जिसमें मौजूद कई सवाल वास्तविक परीक्षा के प्रश्नों से मेल खाते हैं।

राहुल गांधी ने अपने आरोपों के समर्थन में हरियाणा के एक एडवोकेट द्वारा किए गए दावे का हवाला दिया है। हालांकि, संबंधित एडवोकेट की ओर से अभी तक पुलिस या नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के सामने औपचारिक शिकायत दर्ज कराने की जानकारी सामने नहीं आई है। राहुल गांधी ने अपनी पोस्ट में दावा किया कि यूजीसी-नेट परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र से जुड़ी सामग्री कई अभ्यर्थियों तक पहुंचाई गई थी। उनके अनुसार, करीब 100 पेज की पीडीएफ में मौजूद लगभग 90 सवाल सोशियोलॉजी विषय की परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों से मिलते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह प्रश्नपत्र 2.25 लाख रुपये में बेचा जा रहा था और इसका नेटवर्क बिहार, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान जैसे राज्यों तक फैला हुआ था। राहुल गांधी ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले लाखों छात्र वर्षों तक मेहनत करते हैं, लेकिन पेपर लीक जैसी घटनाएं उनके भविष्य और भरोसे को प्रभावित करती हैं। इस पूरे मामले में हरियाणा के एक एडवोकेट का दावा चर्चा में है। एडवोकेट ने कथित तौर पर करीब 100 पेज की पीडीएफ जारी कर दावा किया कि 28 और 29 जून की रात को परीक्षा से जुड़े सवाल पहले ही बाहर आ चुके थे। उनका दावा है कि जिन अभ्यर्थियों ने पैसे देकर सौदा किया था, उन्हें पहले से वही सवाल उपलब्ध कराए गए, जो बाद में परीक्षा में पूछे गए। इसके बाद मामला राजनीतिक स्तर पर चर्चा में आ गया और राहुल गांधी ने इसी दावे को आधार बनाते हुए सरकार से जवाब मांगा। जानकारी के अनुसार, दावा करने वाले एडवोकेट ने 6 जुलाई को एक ऑडियो संदेश जारी किया था। इसमें उन्होंने कहा कि उन्हें कथित पेपर लीक नेटवर्क से जुड़े लोगों से खतरा है। एडवोकेट ने दावा किया कि सुरक्षा कारणों की वजह से वह सामने नहीं आ रहे हैं और फिलहाल अंडरग्राउंड हैं। हालांकि, अभी तक इस मामले में उनकी तरफ से किसी जांच एजेंसी, पुलिस या एनटीए को लिखित शिकायत दिए जाने की पुष्टि नहीं हुई है। राहुल गांधी ने अपनी पोस्ट में यह भी दावा किया कि इसी नेटवर्क द्वारा सीएसआईआर-नेट, एचटीईटी और अन्य परीक्षाओं के प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने की बात कही गई थी। उन्होंने कहा कि अगर इस तरह के आरोप सामने आ रहे हैं तो उनकी गंभीर जांच होनी चाहिए, क्योंकि यह लाखों युवाओं के भविष्य से जुड़ा मामला है।

### राहुल गांधी ने सरकार पर साधा निशाना

राहुल गांधी ने इस मामले को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रही गड़बड़ियां युवाओं के भविष्य से जुड़ा गंभीर मुद्दा हैं। उन्होंने कहा कि नीट विवाद के बाद अब यूजीसी-नेट परीक्षा को लेकर उठ रहे सवाल छात्रों के भरोसे को कमजोर करते हैं। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि सरकार को ऐसे मामलों में जवाबदेही तय करनी चाहिए और छात्रों को न्याय मिलना चाहिए।

### छात्रों के भविष्य और परीक्षा प्रणाली पर सवाल

देश में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले करोड़ों विद्यार्थी सरकारी नौकरियों और उच्च शिक्षा में प्रवेश के लिए इन परीक्षाओं पर निर्भर रहते हैं। ऐसे में पेपर लीक के आरोप परीक्षा व्यवस्था की पारदर्शिता और सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े करते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि परीक्षा प्रक्रिया में तकनीकी सुरक्षा, निगरानी और जवाबदेही को और मजबूत करने की जरूरत है ताकि छात्रों का विश्वास बना रहे।

# भारी बारिश से बिगड़े हालात, अमित शाह ने तीन राज्यों को दिया मदद का भरोसा

**» महाराष्ट्र, गुजरात और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्रियों से गृह मंत्री ने की बात, बाढ़ और आपदा की स्थिति का लिया जायजा**



**नई दिल्ली**

देश के कई हिस्सों में लगातार हो रही भारी बारिश और उससे पैदा हुए हालात को देखते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महाराष्ट्र, गुजरात और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्रियों से बातचीत की। उन्होंने तीनों राज्यों में बारिश, जलभराव और बाढ़ जैसी परिस्थितियों की समीक्षा की और केंद्र सरकार की ओर से हर संभव मदद उपलब्ध कराने का भरोसा दिया।

गृह मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार, अमित शाह ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से अलग-अलग फोन पर बात की। इस दौरान उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों की जानकारी ली। मॉनसून के सक्रिय होने के कारण महाराष्ट्र, गुजरात और जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में भारी बारिश दर्ज की गई है। लगातार बारिश से कई जगहों पर जलभराव, सड़क बाधित होने और सामान्य जनजीवन प्रभावित होने की स्थिति बनी हुई है। महाराष्ट्र में खासतौर पर मुंबई और आसपास के इलाकों में भारी बारिश के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### केंद्र से हर संभव सहायता का आश्वासन

अमित शाह ने मुख्यमंत्रियों को भरोसा दिलाया कि केंद्र सरकार राज्य सरकारों के साथ पूरी तरह खड़ी है और आपदा की स्थिति से निपटने के लिए हर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने राहत और बचाव कार्यों को तेजी से चलाने, प्रभावित लोगों तक मदद पहुंचाने और स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखने पर जोर दिया। केंद्र सरकार की ओर से आपदा प्रबंधन एजेंसियों को भी अलर्ट रखा गया है ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत सहायता पहुंचाई जा सके।

मुंबई में तेज बारिश के चलते लोकल ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुईं और कार्यालय जाने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इससे पहले सप्ताहांत में भी मुंबई में भारी बारिश हुई थी, जिसके बाद मंगलवार को कुछ राहत मिली थी। लेकिन बुधवार को दोबारा तेज बारिश ने कई इलाकों में मुश्किलें बढ़ा दीं।

# लॉरेंस बिश्नोई गैंग पर एफबीआई का ऑपरेशन, 50 ठिकानों पर छापे

## ऑपरेशन हार्ड बॉल के तहत अमेरिका, कनाडा और यूरोप में कार्रवाई, 20 लोग हिरासत में

**» एफबीआई ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की**

**» अमेरिका, कनाडा और यूरोप में 50 से ज्यादा ठिकानों पर एक साथ छापेमारी**



**नई दिल्ली**

अमेरिकी संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने भारत से जुड़े गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के अंतरराष्ट्रीय अपराध नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। एफबीआई ने ह्यऑपरेशन हार्ड बॉलह्ल के नाम से चलाए गए अभियान के तहत अमेरिका, कनाडा और यूरोप के कई देशों में एक साथ छापेमारी की।

इस बड़े अभियान के दौरान 50 से ज्यादा ठिकानों पर कार्रवाई की गई और करीब 20 लोगों को हिरासत में लिया गया है। जांच एजेंसियों का दावा है कि यह कार्रवाई बिश्नोई गैंग के विदेशों में फैले आपराधिक नेटवर्क को कमजोर करने के उद्देश्य से की गई है। एफबीआई के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समन्वित कार्रवाई बताया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, अमेरिका के कई राज्यों के अलावा कनाडा और यूरोप के कुछ इलाकों में भी संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी की गई। विशेष रूप से अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य के लॉस एंजेलिस सहित कई क्षेत्रों में एफबीआई एजेंटों ने कार्रवाई की। जांच एजेंसियां लंबे समय से बिश्नोई गैंग से जुड़े लोगों की गतिविधियों पर नजर रख रही थीं। लॉरेंस बिश्नोई गैंग पर भारत सहित कई देशों में आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने के आरोप लगते रहे हैं। एजेंसियों का कहना है कि इस गैंग ने विदेशों में भी अपना नेटवर्क फैलाने की कोशिश की है। कनाडा सरकार ने पिछले साल लॉरेंस बिश्नोई गैंग को आतंकी संगठन घोषित किया था। इसके बाद से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई तेज हुई है। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, अपराधी गिरोह अब केवल एक देश तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे अलग-अलग देशों में मौजूद सहयोगियों के जरिए गतिविधियां संचालित करते हैं।

### छापों में ड्रग्स और हथियार बरामद

एफबीआई की इस कार्रवाई के दौरान बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद होने की जानकारी सामने आई है। अधिकारियों के अनुसार, छापेमारी में हेरोइन, कोकीन जैसे ड्रग्स, कई आग्नेयास्त्र और हजारों डॉलर की नकदी जब्त की गई है। जांच एजेंसियां अब बरामद सामान के आधार पर यह पता लगाने में जुटी हैं कि यह नेटवर्क किस तरह काम कर रहा था और इसमें कितने लोग शामिल हैं।

# आंध्र प्रदेश में नाव पलटने के बाद लापता 6 मछुआरों के मारे जाने की आशंका, बंद किया सर्च ऑपरेशन

### 10-10 लाख रुपये की आर्थिक मदद


विजयनगरम और विशाखापत्तनम जिलों के सात मछुआरों का एक समूह 1 जुलाई को विशाखापत्तनम फिशिंग हार्बर से मछली पकड़ने के लिए नाव से निकला था। शनिवार को तट पर लौटते समय नाव में तकनीकी खराबी आ गई और वह पलट गई। उनमें से एक को एक मछुआरे को मर्चेंट जहाज के क्रू ने बचाया और वह सोमवार को तट पर पहुंचा। सर्च ऑपरेशन बंद होने के साथ ही, राज्य सरकार ने छह मछुआरों के परिवारों के लिए 10-10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता की घोषणा की।



**विशाखापत्तनम**

आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम तट के पास लापता हुए मछुआरों के लिए बुधवार को सर्च ऑपरेशन बन कर दिया गया है। अधिकारियों ने इस बात की जानकारी दी। बीते 4 जुलाई को उनकी नाव पलट गई थी, जिससे उनके जिंदा मिलने की उम्मीदें खत्म हो गई हैं। भारतीय नौसेना और कोस्ट गार्ड के चार दिन तक चले सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद भी मछुआरों का कोई पता नहीं चल सका। अधिकारियों ने अब लापता मछुआरों के मारे जाने की आशंका जताई है। यह जानकारी एक मछुआरे से मिली थी, जिसे रविवार को एक कार्गो जहाज ने बचाया था। कोस्ट गार्ड के दो जहाजों और दो हेलीकॉप्टरों की मदद से सर्च ऑपरेशन मंगलवार आधी रात तक जारी रहा, लेकिन सर्च टीमों की सभी कोशिशें बेकार गईं। राज्य मंत्री कोल्लू रवींद्र ने लापता मछुआरों के परिवारों को सांत्वना देने और हर परिवार को 10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की बात कही है। मंत्री ने मीडिया को बताया कि 72 घंटे से ज्यादा समय तक खोज के बाद भी लापता मछुआरों का कोई सुराग नहीं मिला, इसलिए उन्हें मृत मान लिया गया है।

# पोरबंदर में नेवी ड्रोन क्रैश, जांच शुरू



**पोरबंदर।** गुजरात के पोरबंदर जिले में इंडियन नेवी का एक मानवरहित हवाई वाहन (ड्रोन) दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह हादसा धरमपुर गांव के पास नैश इलाके में हुआ। ड्रोन के अचानक जमीन पर गिरने से आसपास के क्षेत्र में अफरातफरी मच गई। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी भी व्यक्ति के घायल होने या जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, नेवी का यह ड्रोन नियमित उड़ान पर था। इसी दौरान किसी तकनीकी समस्या या सिस्टम में खराबी के कारण यह नियंत्रण खो बैठा और धरमपुर गांव के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ड्रोन के जमीन से टकराने की तेज आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी प्रशासन को दी। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियां तुरंत सक्रिय हो गईं। घटना के बाद सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पूरे क्षेत्र को घेर लिया गया। नेवी और स्थानीय प्रशासन की टीमों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने ड्रोन के मलबे को सुरक्षित तरीके से कब्जे में लिया है और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। जांच के दौरान यह पता लगाया जाएगा कि ड्रोन में तकनीकी खराबी किस वजह से आई और क्या कोई अन्य कारण इसके पीछे था। अधिकारियों के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त ड्रोन बिना हथियार वाला मानवरहित एरियल व्हीकल (यूएवी) था। इसका इस्तेमाल निगरानी और प्रशिक्षण जैसी गतिविधियों के लिए किया जाता है। नेवी की ओर से घटना की विस्तृत जांच की जा रही है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। फिलहाल इलाके में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी गई है।

# एनसीईआरटी की किताबों में बदलाव, हिटलर और विभाजन के अध्याय बदले

**» सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान पुस्तक में संशोधन**

**» न्यायपालिका, कांग्रेस के रुख और नाजी विचारधारा से जुड़े कई हिस्से हटाए गए**



**नई दिल्ली**

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की नई पुस्तक में व्यापक बदलाव किए हैं। सुप्रीम कोर्ट की आपत्तियों और बदलते शैक्षिक दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए जारी किए गए नए संस्करण 'एक्सप्लोरिंग सोसाइटी: इंडिया एंड बियॉन्ड' में न्यायपालिका, भारत के विभाजन, कांग्रेस की भूमिका और एडॉल्फ हिटलर की नाजी विचारधारा से जुड़े कई पुराने संदर्भों में संशोधन किया गया है। इन बदलावों ने शिक्षा जगत, राजनीतिक दलों और इतिहासकारों के बीच नई बहस छेड़ दी है। विशेषज्ञ इसे पाठ्यक्रम के आधुनिकीकरण की दिशा में कदम मान रहे हैं, जबकि कुछ इतिहासकार इसे इतिहास की प्रस्तुति में बदलाव के रूप में देख रहे हैं। नई पुस्तक में भारत के स्वतंत्रता संग्राम और वर्ष 1947 के विभाजन से जुड़े अध्यायों में भी संशोधन किया गया है। पहले की पुस्तक में कांग्रेस के तत्कालीन नेतृत्व और विभाजन को लेकर दिए गए कुछ विवरण शामिल थे। संशोधित संस्करण में इन संदर्भों को बदला गया है और कुछ हिस्सों को पूरी तरह हटा दिया गया है। एनसीईआरटी का कहना है कि नए संस्करण में घटनाओं को अधिक संतुलित और सरल तरीके से प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है ताकि विद्यार्थी ऐतिहासिक घटनाओं को तथ्यों के आधार पर समझ सकें। हालांकि, इस बदलाव को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों और इतिहासकारों की अलग-अलग राय सामने आ रही है। नई पुस्तक में एडॉल्फ हिटलर और नाजी विचारधारा से जुड़े कई विवरणों में भी बदलाव किया गया है। पहले के संस्करण में नाजी शासन और हिटलर के उदय से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई थी। संशोधित पुस्तक में इन संदर्भों को सीमित कर दिया गया है तथा कुछ अंश पूरी तरह हटा दिए गए हैं। शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि विद्यालयी स्तर पर पाठ्यक्रम को विद्यार्थियों की आयु और सीखने की आवश्यकता के अनुरूप तैयार किया जाता है। इसी दृष्टिकोण से कुछ विषयों को संक्षिप्त किया गया है, जबकि अन्य महत्वपूर्ण विषयों को अधिक स्थान दिया गया है।

### सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद हुआ संशोधन

एनसीईआरटी द्वारा किए गए सबसे महत्वपूर्ण बदलाव न्यायपालिका से जुड़े अध्याय में किए गए हैं। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने पुस्तक में न्यायपालिका से संबंधित कुछ सामग्री पर कड़ी आपत्ति जताई थी। अदालत ने उस सामग्री को अनुचित बताते हुए उसकी सभी मुद्रित और डिजिटल प्रतियां वापस लेने का निर्देश दिया था। इसके बाद एनसीईआरटी ने अध्याय की समीक्षा कर विवादित अंशों को हटाया और नई भाषा के साथ संशोधित सामग्री शामिल की। परिषद का कहना है कि संशोधन का उद्देश्य विद्यार्थियों को न्यायपालिका की भूमिका और संवैधानिक व्यवस्था की संतुलित तथा तथ्यपरक जानकारी देना है।

# 'टीबी मुक्त भारत अभियान' को बनाएं देश का जन-आंदोलन: जेपी नड्डा

**नई दिल्ली**



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने मंगलवार को देश के युवाओं की शक्ति का उपयोग करते हुए टीबी मुक्त भारत अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि टीबी उन्मूलन के लिए सरकार और समाज दोनों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।नड्डा ने केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के साथ उच्चस्तरीय अंतर-मंत्रालयी बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने स्वयंसेवकों, शैक्षणिक संस्थानों, कार्यस्थलों और रक्षा बलों की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी हाल ही में प्रगति समीक्षा बैठक में युवाओं और संस्थानों की सक्रिय भूमिका पर बल दिया था। उन्होंने युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय से माय भारत स्वयंसेवकों और एनसीसी कैडेटों को अभियान से अधिक संख्या में जोड़ने, स्क्रीनिंग शिविर आयोजित करने तथा स्कूलों, कालेजों और समुदायों में जागरूकता अभियान तेज करने को कहा। बैठक में मनसुख मांडविया ने मेडिकल कालेजों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि देश में लगभग छह लाख स्नातक और दो लाख स्नातकोत्तर मेडिकल छात्र टीबी उन्मूलन अभियान में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

# यूपीईएसएससी की प्रवक्ता भर्ती 2022 का अंतिम परिणाम जारी

**प्रयागराज**

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने सहायता प्राप्त अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में प्रवक्ता (बालक/बालिका) भर्ती-2022 का अंतिम चयन परिणाम घोषित कर दिया है। आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि 18 विषयों के कुल 624 प्रवक्ता पदों के लिए लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के उपरांत चयनित अभ्यर्थियों की अंतिम सूची जारी कर दी गई है। प्रवक्ता भर्ती-2022 की पूरी प्रक्रिया निष्पक्षता के साथ कराई गई। परीक्षा 9 एवं 10 मई 2026 को हुई थी। सफल अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 15 जून से 27 जून 2026 तक हुए। लिखित परीक्षा, अभिलेख सत्यापन एवं साक्षात्कार की समस्त प्रक्रिया पूरी होने के बाद आयोग ने अंतिम चयन परिणाम घोषित कर दिया है। उन्होंने बताया कि भौतिकी, जीव विज्ञान, गृह विज्ञान, इतिहास, शिक्षा, अंग्रेजी, कृषि, वाणिज्य, समाजशास्त्र, नागरिक शास्त्र, गणित, अर्थशास्त्र, संस्कृत, मनोविज्ञान, रसायन विज्ञान, भूगोल, हिंदी तथा कला सहित कुल 18 विषयों के चयनित अभ्यर्थियों का विषयवार एवं श्रेणीवार विवरण आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया गया है।



## अहमदाबाद में सीरियल ब्लास्ट : गुजरात हाईकोर्ट का फैसला

# 38 दोषियों की फांसी और 11 की उम्रकैद की सजा बरकरार

**अहमदाबाद**

गुजरात हाईकोर्ट ने मंगलवार को 2008 अहमदाबाद सीरियल बम धमाकों के मामले में विशेष अदालत द्वारा सुनाई गई सजा और दोषसिद्धि को बरकरार रखा। हाईकोर्ट ने 38 दोषियों की फांसी की सजा और 11 अन्य दोषियों की उम्रकैद की सजा की पुष्टि करते हुए सजा के खिलाफ दायर अपीलों को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति अल्पेश वाई. कोग्जे और न्यायमूर्ति समीर जे. दवे की खंडपीठ ने विशेष अदालत के फरवरी 2022 के फैसले को बरकरार रखा। इस फैसले में भारत के सबसे घातक आतंकी हमलों में से एक में भूमिका निभाने वाले 49 लोगों को दोषी ठहराया गया था। मौजूदा कानूनों के तहत निचली अदालत द्वारा सुनाई गई हर फांसी की सजा को लागू करने से पहले हाई कोर्ट की पुष्टि जरूरी होती है।



हाईकोर्ट ने सिलसिलेवार बम धमाकों में मारे गए 56 लोगों के परिवारों को 10-10 लाख रुपये का मुआवजा देने का भी निर्देश दिया। फैसले के बाद जारी आदेश के विवरण के अनुसार, अदालत ने हमलों में घायल हुए 200 से अधिक लोगों को 1-1 लाख रुपये का मुआवजा देने का भी निर्देश दिया। यह मामला 26 जुलाई 2008 की शाम अहमदाबाद में किए गए समन्वित बम धमाकों से जुड़ा है। उस दिन करीब 70 मिनट के भीतर 21 धमाके हुए थे। ये धमाके बसों, सार्वजनिक स्थानों और उन दो अस्पतालों में किए गए थे, जहां पहले हुए धमाकों के पीड़ितों को इलाज के लिए ले जाया गया था। इन हमलों में 56 लोगों की मौत हुई थी और 200 से अधिक लोग घायल हुए थे। इसके बाद यह देश की सबसे बड़ी आतंकवाद जांचों में से एक बन गई। विस्तृत जांच के बाद पुलिस ने 35 एफआईआर दर्ज कीं और सैकड़ों आरोपपत्र दाखिल किए।

मामले की सुनवाई के दौरान विशेष अदालत के सामने 1,100 से अधिक गवाहों के बयान दर्ज किए गए और हजारों दस्तावेजी व भौतिक साक्ष्य पेश किए गए। फरवरी 2022 में विशेष अदालत ने अपना फैसला सुनाते हुए 49 आरोपियों को दोषी ठहराया और 28 अन्य को बरी कर दिया। दोषी ठहराए गए 49 लोगों में से 38 को फांसी की सजा सुनाई गई थी, जबकि 11 दोषियों को उनके प्राकृतिक जीवन के शेष समय तक जेल में रहने की सजा दी गई थी।

# भारत से ब्रह्मोस मिसाइल खरीदेगा इंडोनेशिया

**जकार्ता**

प्रधानमंत्री मोदी इन दिनों तीन दिवसीय जकार्ता के दौरे पर हैं। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति सुबियांतो से द्विपक्षीय बातचीत के बाद, दोनों देशों के बीच 20 विषयों पर करार हुआ। इनमें कृषि, रक्षा, खनिज और शिक्षा से जुड़े अहम करार शामिल हैं।

लेकिन सबसे अहम करार भारत इंडोनेशिया को ब्रह्मोस मिसाइल की अतिरिक्त यूनिट देने का रहा। इसी के साथ फिलीपींस, वियतनाम के बाद इंडोनेशिया ब्रह्मोस खरीदने वाला तीसरा देश बन गया है। माना जा रहा है कि इंडोनेशिया के साथ ब्रह्मोस मिसाइल का ये सौदा करीब 450 मिलियन डॉलर (करीब 3877 करोड़) का होने जा रहा है।

### मोदी इंडोनेशिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित

इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मंगलवार को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'बिंतांग आदिपूर्णा ऑफ द रिपब्लिक ऑफ इंडोनेशिया' से सम्मानित किया। राष्ट्रपति सुबियांतो ने जकार्ता में आयोजित विशेष समारोह में प्रधानमंत्री मोदी को यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया।

## एक नजर

### मेड़ काटने के विवाद में युवक पर हमला, रिपोर्ट दर्ज

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र के गाँव पचपेड़ा में एक युवक द्वारा संदेह होने पर कुछ लोगों से मेंड काटने के बारे में पूछने पर हुए विवाद में चाकू व लाठी डंडे से हमला कर घायल कर दिए जाने के आरोप में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित चेतन्य प्रकाश के अनुसार, बीते मंगलवार शाम करीब चार बजे खेत की कटी मेंड को देखा तो शक के आधार पर गांव के ही राजवीर, रोहित व महेश चंद्र से पूछताछ की। आरोप है कि, इसी से भड़क कर उक्त लोगों ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर चाकू तथा लाठी डंडों से उस पर हमला कर दिया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। चीख पुकार सुनकर आस पास के लोगों के आ जाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

# नशा तस्करों पर बड़ा प्रहार, 198 करोड़ से अधिक कीमत के मादक पदार्थ किए नष्ट

**907 मामलों में बरामद 5914.690 किलोग्राम नशीले पदार्थों का पांच चरणों में हुआ विनिष्टीकरण**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी रोक लगाने की दिशा में बरेली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ऑपरेशन दहन के तहत लगभग 198 करोड़ 63 लाख रुपये मूल्य के मादक पदार्थों का विनिष्टीकरण कराया।

जिले के विभिन्न थानों में दर्ज 907 मुकदमों से बरामद कुल 5914.690 किलोग्राम नशीले पदार्थों को न्यायालय के निर्देशों और निर्धारित कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए नष्ट किया गया। एक मार्च से सात जुलाई तक चले इस विशेष अभियान को पांच चरणों में पूरा किया गया। पहले चरण में 648.444 किलोग्राम, दूसरे चरण में 1320.076 किलोग्राम, तीसरे चरण में 649.817 किलोग्राम, चौथे चरण में 2153.823 किलोग्राम तथा पांचवें और अंतिम चरण में 1097.530 किलोग्राम मादक पदार्थ नष्ट किए गए। चौथा चरण सबसे बड़ा रहा, जिसमें दो टन से अधिक प्रतिबंधित नशीले पदार्थों का विनिष्टीकरण किया गया। पुलिस के अनुसार नष्ट किए गए मादक पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 198 करोड़ 63 लाख 35 हजार 701 रुपये आंकी गई है। कार्रवाई के दौरान गांजा, चरस, हेरोइन, कोकीन, मॉर्फीन, अफीम, डोडा पोस्त सहित विभिन्न प्रकार के प्रतिबंधित मादक पदार्थ नष्ट किए गए। ये सभी अलग-अलग मामलों में पुलिस द्वारा बरामद किए गए थे। एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्र ने बताया कि जनपद में नशा तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने और तस्करी के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए पुलिस पूरी गंभीरता से काम कर रही है। इस अभियान की निगरानी एसएसपी अनुराग आर्य की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी ने की, जिसमें एसपी क्राइम मनीष चंद्र सोनकर और सीओ क्राइम देवेश सिंह भी शामिल रहे।


विनिष्टीकरण करती पुलिस। -जागरण मोर्चा

## नाबालिग का अपहरण माँ-बेटे पर केस दर्ज

**बहेड़ी।** नजदीकी गाँव में कथित तौर पर 13 बर्षीय किशोरी को बहला फुसला कर भगा ले जाने के मामले में पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बेटे तथा उसकी मां के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़िता की मां के कहे मुताबिक, बीती तीन जुलाई को उसका पड़ोसी जावेद उसकी नाबालिग बेटी को कथित तौर पर बहला फुसला कर अपने साथ ले गया।

जानकारी होने पर जब वह उसके घर पूछताछ करने गयी तो जावेद की मां ने भरोसा दिलाते हुए जावेद द्वारा लड़की वापस कर देने की बात कही। साथ ही मुकदमा न लिखाने का भी अनुरोध किया। शिकायत कर्ता का आरोप है कि बीती सात जुलाई को जब वह दोबारा जावेद के घर गयी तो, आरोप है कि, उसकी माँ ने लड़की वापस न मिलने की बात कहकर अभद्रता की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी मां बेटे के खिलाफ मामला दर्ज कर गंभीरता से जांच शुरू कर दी है।

# एसएसपी का फेरबदल, 4 अफसर स्थानांतरित

जागरण मोर्चा कार्यालय


**बरेली।** जिले की पुलिस व्यवस्था को अधिक प्रभावी और चुस्त-दुरुस्त बनाने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने पुलिस विभाग में प्रशासनिक फेरबदल किया है। जारी आदेश के तहत चार पुलिस अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। सभी स्थानांतरित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से अपने नए तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

तबादला आदेश के अनुसार, सीबीगंज थाना प्रभारी रहे प्रदीप कुमार चतुर्वेदी को अब विशारतगंज थाने की कमान सौंपी गई है। वहीं सिरौली थाना प्रभारी विनोद सिंह को स्थानांतरित कर सीबीगंज थाना प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा कोतवाली क्षेत्र की बिहारीपुर चौकी प्रभारी रोहित कुमार को पदोन्नति देते हुए सिरौली थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसी क्रम में जनपदीय महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की प्रभारी निरीक्षक छवि सिंह को महिला थाना प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अब महिला सुरक्षा, महिला उत्पीड़न और महिलाओं से जुड़े मामलों की निगरानी उनकी देखरेख में की जाएगी। एसएसपी अनुराग आर्य की ओर से जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सभी अधिकारी बिना किसी विलंब के अपने-अपने नए तैनाती स्थल पर पहुंचकर कार्यभार संभालें। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि इस प्रशासनिक बदलाव से संवेदनशील थाना क्षेत्रों में पुलिसिंग और अधिक मजबूत होगी तथा अपराध नियंत्रण, गश्त व्यवस्था और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में बेहतर परिणाम मिलेंगे। नई तैनाती के बाद संबंधित क्षेत्रों में प्रभावी पुलिसिंग और जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

# एस्कॉर्ट सर्विस के झांसे में फंसा बरेली का धान कारोबारी, 25 लाख की साइबर ठगी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**▶ फेसबुक विज्ञापन से शुरू हुआ संपर्क, रुपये लौटाने की मांग पर परिवार को जानकारी देने और फोटो वायरल करने की दी धमकी**



**बरेली।** प्रयागराज में धान का कारोबार करने वाले बरेली निवासी एक धान व्यवसायी से एस्कॉर्ट सर्विस के नाम पर साइबर ठगों ने करीब 25 लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

साइबर थाना प्रभारी धनंजय पांडेय को दी गई तहरीर के अनुसार, मई 2026 में पीड़ित ने फेसबुक पर एस्कॉर्ट सर्विस का एक विज्ञापन देखा था। विज्ञापन के लिंक पर क्लिक करने के बाद उनकी व्हाट्सएप पर बातचीत शुरू हुई। ठगों ने पहले सेवा शुल्क, फिर पंजीकरण फीस, होटल बुकिंग और मेडिकल संबंधी सामान के नाम पर अलग-अलग किस्तों में रुपये जमा कराए। जब वादा की गई सेवा नहीं मिली तो व्यवसायी ने अपने रुपये वापस मांगे। आरोप है कि इसके बाद ठगों ने एस्कॉर्ट सर्विस लेने की बात उनके परिवार को बताने और सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें वायरल करने की धमकी दी। बदनामी के डर से पीड़ित ने उनके बताए विभिन्न बैंक खातों में और रकम भेज दी। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने अलग-अलग व्यक्तियों के नाम पर संचालित कई बैंक खातों में कुल लगभग 25 लाख रुपये ट्रांसफर किए। शिकायत के आधार पर साइबर पुलिस ने मामला दर्ज कर खातों और आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## टिप्पणी विरोध, वाल्मीकि आर्मी ने सौंपा ज्ञापन

**बरेली।** रॉयल वाल्मीकि आर्मी, बरेली की जिला इकाई ने बुधवार को थाना सुभाषनगर प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर कांग्रेस प्रवक्ता दीपक झा पर भगवान वाल्मीकि को लेकर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया। संगठन ने मामले में तत्काल कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले बयान को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। ज्ञापन के माध्यम से संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि आरोपों की निष्पक्ष जांच कर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वाल्मीकि समाज व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि समाज अपने सम्मान और आस्था से जुड़े मुद्दे पर चुप नहीं बैठेगा।

# कथित धर्मांतरण के आरोपों को लेकर हिंदू रक्षा दल ने उठाई आवाज, डीएम को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** हिंदू रक्षा दल के बरेली मंडल अध्यक्ष अभिषेक सिंह के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने कुछ चर्च से जुड़े लोगों पर कथित रूप से प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराने के आरोप लगाते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषी पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया है कि बरेली में मैथोडिस्ट चर्च ऑफ इंडिया से जुड़े कुछ पदाधिकारियों द्वारा एक अलग ट्रस्ट का गठन कर विदेशों से फंडिंग प्राप्त किए जाने का संदेह है। आरोप है कि इस ट्रस्ट के माध्यम से लोगों को चर्च की जमीन, विवाह, विदेश में रोजगार, निशुल्क इलाज और आवास जैसी सुविधाओं का लालच देकर ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित किया जाता है। शिकायतकर्ताओं ने जगमोहन सिंह, राजीव मसीह, आनंद सैमसन, संजीव कुमार और बिशप सीजी दयानंद सहित कुछ अन्य लोगों का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि प्रार्थना सभाओं में लोगों को बुलाकर धार्मिक साहित्य वितरित किया जाता है तथा आर्थिक रूप से कमजोर और बीमार लोगों को विभिन्न प्रकार के प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया जाता है। हिंदू रक्षा दल ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, विदेशी फंडिंग की भी जांच करने तथा आरोप सही पाए जाने पर संबंधित लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान अभिषेक सिंह, हिमांशु, राहुल गुप्ता, मिंटू सिंह, रोहित शर्मा, कमल शर्मा, पवन, सूरज प्रधान, जितिन सिंह, सोमवीर, ध्रुव देवल सहित संगठन के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



डीएम कार्यालय में ज्ञापन देने जाते हिंदू रक्षा दल के बरेली मंडल के कार्यकर्ता।

### जागरूकता शिविर में कृषकों की उमड़ी भीड़

**बहेड़ी।** गन्ना विभाग द्वारा गन्ना किसानों तथा उनके परिजनों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजना के लिए स्थानीय गन्ना समिति में आयोजित चार दिवसीय जागरूकता शिविर में पहले दिन गन्ना किसानों की खासी भीड़ उमड़ी। जागरूकता शिविर का शुभारंभ समिति अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार ने फीता काट कर किया। इफ्को के प्रतिनिधि ने, खाद तो खाद बीमा भी साथ, योजना की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में पहुंचे पंजाब नेशनल बैंक, यूनियन बैंक इंडियन बैंक आदि के अधिकारियों ने मौके पर ही तमाम किसानों को बीमा से आच्छादित किया। इस अवसर पर गन्ना समिति की सदस्य शान्ति देवी, मंजीत कौर तथा खूबचंद आदि भी शामिल रहे।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
बरेली सिटी से 'जागरण मोर्चा' को चाहिए ऊजार्वान पत्रकार!
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक 'जागरण मोर्चा' बरेली शहर, तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समाचार संकलन के लिए निष्पक्ष, साहसी और ऊजार्वान संवाददाताओं (पत्रकारों) की आवश्यकता है।
संपर्क सूत्र: 7579849555, 9627739857
मिलने का समय: दोपहर 12 से शाम 06 बजे तक
कार्यालय का पता: सी-86, चन्दपुरी, प्रेम नगर (बी-बाजार के सामने), बरेली, उत्तर प्रदेश।


# 'रावण' लिखी प्लेट और पटाखा बुलेट पर आरटीओ का शिकंजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आरटीओ प्रवर्तन की टीम ने नैनीताल रोड पर एक मॉडिफाइड बुलेट बाइक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। बाइक की नंबर प्लेट पर पंजीकरण संख्या की जगह 'रावण' लिखा हुआ था और मॉडिफाइड साइलेंसर से अत्यधिक तेज धमाकेदार आवाज निकल रही थी। नियमों के उल्लंघन पर टीम ने बाइक का 28 हजार रुपये का चालान कर उसे सीज करते हुए इज्जतनगर थाने में खड़ा करा दिया। आरटीओ प्रवर्तन अधिकारी प्रवण झा के नेतृत्व में पीटीओ रमेश प्रजापति की टीम मंगलवार को नैनीताल रोड पर विशेष चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान उत्तराखंड पंजीकरण वाली एक बुलेट तेज आवाज के साथ आती दिखाई दी। वाहन को रोककर जांच की गई तो पीछे नंबर प्लेट पर वाहन संख्या के स्थान पर 'रावण' लिखा मिला। साइलेंसर की जांच के दौरान चालक से एक्सेलेटर देने को कहा गया, जिस पर पटाखे जैसी तेज आवाज निकलने लगी। जांच में ध्वनि स्तर 109 डेसिबल से अधिक पाया गया, जो निर्धारित मानकों से कहीं ज्यादा है।

पूछताछ में युवक ने बताया कि वह रुद्रपुर का रहने वाला है और रिश्तेदारी में बरेली आया था। उसका कहना था कि बाइक उसकी नहीं, बल्कि उसने किसी परिचित से लेकर चलाई थी। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि वाहन पर पहले से चार चालान दर्ज थे। आरटीओ अधिकारियों ने बताया कि उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में मॉडिफाइड साइलेंसर, फर्जी या नियम विरुद्ध नंबर प्लेट तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कार्रवाई करते हुए बाइक को सीज कर इज्जतनगर थाने भेज दिया गया।



पटाखा छोड़ने वाली बुलेट का चलन करती यातायात पुलिस।

# रुहेलखण्ड मैनेजमेंट एसोसिएशन ने रेलवे को भेंट कीं छह व्हीलचेयर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** यात्रियों, विशेषकर दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रुहेलखण्ड मैनेजमेंट एसोसिएशन, बरेली ने बुधवार को मुरादाबाद मंडल, उत्तर रेलवे के अंतर्गत आने वाले विभिन्न रेलवे स्टेशनों के लिए छह व्हीलचेयर दान कीं। इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद यात्रियों को स्टेशन परिसर में सहज और सम्मानजनक सहायता उपलब्ध कराना है।

इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक महेश यादव ने एसोसिएशन की सामाजिक पहल की सराहना करते हुए कहा कि जनसहयोग से रेलवे की यात्री सुविधाएं और अधिक सशक्त होती हैं। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए इस प्रकार की सुविधाएं बेहद उपयोगी साबित होंगी। कार्यक्रम में डीआरयूसीसी सदस्य शरद प्रताप सिंह, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक इमरान, स्टेशन अधीक्षक भानु प्रताप, मुख्य टिकट निरीक्षक ओ.पी. भारद्वाज, आरपीएफ इंस्पेक्टर मयंक चौधरी तथा जीआरपी इंस्पेक्टर सुशील वर्मा मौजूद रहे। वहीं एसोसिएशन की ओर से अध्यक्ष डॉ. मनीष शर्मा, संयुक्त सचिव डॉ. स्वतंत्र, सचिव डॉ. नीरज सक्सेना, संरक्षक कदीर साहब सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने इसे समाज और रेलवे के बीच सहयोग तथा जनसेवा की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल बताया।



व्हीलचेयर यात्रियों को दान करते रुहेलखण्ड मैनेजमेंट एसोसिएशन पदाधिकारी।






# तीन संगठित गिरोह माफिया घोषित, 11 अपराधियों पर पुलिस का बड़ा शिकंजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गौकशी, नशा तस्करी और लूटपाट से जुड़े गिरोहों की अवैध संपत्तियों व आर्थिक नेटवर्क की होगी जांच**

**बरेली।** जिले में संगठित अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने तीन आपराधिक गिरोहों को जिला स्तरीय माफिया घोषित किया है। इन गिरोहों से जुड़े कुल 11 आरोपियों को चिह्नित करते हुए उनकी अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों, आर्थिक स्रोतों और वित्तीय लेनदेन की जांच शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस का कहना है कि अपराधियों के आर्थिक तंत्र को भी निशाना बनाया जाएगा।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि अपराध और अपराधियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। थाना फरीदपुर और शाही पुलिस की रिपोर्ट के आधार पर तीन संगठित गिरोहों को माफिया घोषित किया गया है। पुलिस के अनुसार ये गिरोह संगठित रूप से गंभीर अपराध कर अवैध आर्थिक लाभ अर्जित करने के साथ क्षेत्र में भय का माहौल बनाने में सक्रिय थे। पुलिस के अनुसार फरीदपुर थाना क्षेत्र के मेवासफर्पुर निवासी फातून पुत्र दौलत खां को गौकशी गिरोह का सरगना घोषित किया गया है। इस गिरोह में बेचे खां, तैय्यब उर्फ तोईयाब खां, याकूब खां और कासिम को भी शामिल बताया गया है। वहीं फरीदपुर निवासी मोहम्मद शेर खान पुत्र नवीशेर खान को मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े गिरोह का माफिया घोषित किया गया है। इसके अलावा थाना शाही क्षेत्र के दुनका निवासी नन्हू उर्फ नन्हे उर्फ लालताप्रसाद पुत्र छोटेलाल को लूटपाट करने वाले गिरोह का सरगना घोषित किया गया है। इस गिरोह में गिरीश पाल उर्फ गुड्डू, धर्मेंद्र, चंद्र प्रकाश और राहुल के नाम भी शामिल हैं। पुलिस का आरोप है कि यह गिरोह संगठित तरीके से लूट की वारदातों को अंजाम देकर अवैध कमाई करता था। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि तीनों गिरोहों की अवैध संपत्तियों, आर्थिक नेटवर्क और बैंकिंग लेनदेन की विस्तृत जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि जनपद में गौकशी, मादक पदार्थों की तस्करी, लूटपाट और अन्य संगठित अपराधों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत अभियान लगातार जारी रहेगा तथा अपराधियों के आर्थिक ढांचे को ध्वस्त करने के लिए विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## भुगतान न होने पर आंदोलन की चेतावनी

**बरेली।** पैनी नजर सामाजिक संस्था की अध्यक्ष सुनीता गंगवार के नेतृत्व में किसानों ने ओसवाल चीनी मिल के तीन वर्ष से लंबित गन्ना बकाया भुगतान को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

सुनीता गंगवार ने कहा कि किसानों का भुगतान जल्द न होने पर अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों पर नीलामी प्रक्रिया रुकवाकर राजनीति करने का आरोप लगाया। ज्ञापन में तहसील परिसर में व्याप्त भ्रष्टाचार और कर्मचारियों द्वारा अवैध वसूली का मुद्दा भी उठाकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई।

## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें।
मोबाइल नंबर- 7906815587, 9758444242

# जनता दर्शन में पहुंचे 12 गंभीर बीमारों को डीएम ने सौंपे आयुष्मान कार्ड'

- पूर्ति एवं चिकित्सा विभाग की मदद से दूर हुई फरियादियों की आर्थिक चिंता

जागरण मोर्चा कार्यालय


पीड़ित को आयुष्मान कार्ड देते डीएम। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** गंभीर बीमारियों से जूझ रहे और आर्थिक तंगी के कारण इलाज कराने में असमर्थ जिले के 12 मरीजों के लिए प्रशासन का 'जनता दर्शन कार्यक्रम संजीवनी साबित हुआ है। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने संवेदनशीलता दिखाते हुए न केवल इन गरीब परिवारों को अंत्योदय योजना में शामिल कराया, बल्कि 'आयुष्मान भारत योजना' के तहत इनके आयुष्मान कार्ड बनवाकर खुद अपने हाथों से वितरित किए। इनमें तहसील बिलासपुर के 10 और स्वार के 02 लाभार्थी शामिल हैं। कार्ड पाकर इन गरीब परिवारों के चेहरे खिल उठे, जिससे अब उनका योजना के तहत निःशुल्क इलाज निर्बाध रूप से चल सकेगा।विगत दिनों कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता दर्शन में कई ऐसे फरियादी पहुंचे थे, जो गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं और विभिन्न अस्पतालों में उनका इलाज चल रहा है। इन मरीजों ने आर्थिक तंगी का हवाला देते हुए आगे के इलाज में अपनी बेबसी और असमर्थता जताई थी। उनकी इस पीड़ा को समझते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल जिला पूर्ति अधिकारी और मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि इनकी पात्रता की जांच कर प्राथमिकता के आधार पर आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं। जिन गरीब परिवारों का नाम योजना की सूची में नहीं था, प्रशासन ने उनकी पात्रता की जांच कराते हुए उन्हें अंत्योदय में शामिल किया और इस केंद्र व राज्य सरकार की सबसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य योजना का लाभ दिलाया।

आयुष्मान कार्ड वितरण के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री की सख्त मंशा है कि जनसुनवाई के दौरान लोगों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण ढंग से और तत्काल निस्तारण कराया जाए।

### चेहरों पर लौटी मुस्कान और कम हुई चिंता

इलाज के भारी-भरकम खर्च की चिंता में डूबे इन सभी 12 लाभार्थियों के हाथों में जब जिलाधिकारी ने खुद आयुष्मान कार्ड सौंपे, तो उनके चेहरों पर एक बड़ी राहत साफ दिखाई दी। लाभार्थियों ने प्रशासन और जिलाधिकारी का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बीमारी ने उन्हें आर्थिक और मानसिक रूप से तोड़ दिया था। अब आयुष्मान कार्ड बन जाने से उन्हें इलाज के लिए पैसों की चिंता नहीं सताएगी और वे सरकार की इस योजना से मिलने वाली नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधा का पूरा लाभ उठा सकेंगे।

## एक नजर

### नकली व अमानक कीटनाशकों की जांच के लिए 22 प्रतिष्ठानों पर छापेमारी

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर जिले में किसानों को गुणवत्तायुक्त कृषि निवेश उपलब्ध कराने तथा नकली एवं अमानक कीटनाशकों की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से कृषि विभाग एवं कीटनाशी निरीक्षकों की संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में संचालित कीटनाशक निर्माता कंपनियों, निजी प्रतिष्ठानों एवं गोदामों पर आकस्मिक छापेमारी अभियान चलाया।

विशेष अभियान के दौरान जिला कृषि रक्षा अधिकारी कुलदीप सिंह राणा के नेतृत्व में मंडी समिति स्थित मैसर्स आर.के. पेस्टीसाइड, मैसर्स एस. खान फर्टीलाइजर, मैसर्स किसान सेवा केन्द्र, मैसर्स साजिद पेस्टीसाइड तथा मैसर्स नेशनल फर्टीलाइजर सहित विभिन्न प्रतिष्ठानों का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गुणवत्ता परीक्षण के लिए तीन कीटनाशक नमूने एकत्रित कर प्रयोगशाला परीक्षण हेतु भेजे गए।अभियान के अंतर्गत जनपदभर में 22 कीटनाशक दुकानों एवं प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया कि किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। यदि कोई विक्रेता अमानक, नकली अथवा प्रतिबंधित कीटनाशकों का विक्रय करते हुए अथवा निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर कीटनाशकों की बिक्री करते हुए पाया गया, तो उसके विरुद्ध कीटनाशी अधिनियम, 1968 के प्रावधानों के अंतर्गत कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# बेसुध हालत में मिले ई-रिक्शा चालक की मौत, परिजनों ने लगाया आरोप

### बच्चों के संग किराए के मकान के रहता था ई- रिक्शा चालक

जागरण मोर्चा, कार्यालय


जिला अस्पताल में खड़े मृतक के परिजन व मृतक का फाइल फोटो। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** थाना सिविल लाइंस क्षेत्र में मिले बेसुध अवस्था में ई-रिक्शा चालक की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

शहजादनगर थाना क्षेत्र के गांव खजुरिया निवासी निर्मल सिंह सोमवार शाम करीब 7 बजे लापता हो गए थे। इसी दौरान सिविल लाइंस थाना पुलिस को वह सिविल लाइंस क्षेत्र में बेसुध मिले। पुलिस ने उन्हें तत्काल एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां मंगलवार शाम लगभग 7:30 से 8 बजे के बीच उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइंस थाना पुलिस ने मृतक के परिजनों को जानकारी दी। निर्मल सिंह की पत्नी और भाई जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचे, जहां शव को पोस्टमार्टम के लिए रखा गया है। जिला अस्पताल की मोर्चरी में मौजूद मृतक की पत्नी की बहन ने बताया कि निर्मल सिंह शराब पीने के आदी थे। नशे की लत के कारण उन्होंने अपनी अधिकांश जमीन-जायदाद बेच दी थी और उन पर काफी कर्ज भी हो गया था। इसके बाद वह गांव छोड़कर पत्नी और बच्चों के साथ सिविल लाइंस क्षेत्र की गड्ढा कॉलोनी में किराये के मकान में रहने लगे थे और परिवार का खर्च चलाने के लिए ई-रिक्शा चलाते थे।

### परिवार में अजीविका का संकट उत्पन्न

मृतक अपने पीछे पत्नी और चार छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं। इनमें सबसे बड़ा बेटा आशु (11) आशीष (7), बासु (6) और दो वर्षीय बेटी भूमि शामिल हैं। उनकी मृत्यु के बाद परिवार के सामने आजीविका का संकट उत्पन्न हो गया है।

"शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है। पंचनामा और पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। **-ओकांर सिंह, थाना प्रभारी सिविल लाइंस।**"

## सार संक्षेप

### शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किए

**शाहबाद।** बुधवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, शाहबाद में मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का राज्यस्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का सजीव प्रसारण देखा गया। मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी आशुतोष कुमार ने योजना को शिक्षकों एवं उनके आश्रितों के लिए एक अत्यंत जनकल्याणकारी कदम बताया। कहा कि यह योजना स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित कर शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक समर्पित होकर कार्य करने के लिए प्रेरित करेगी। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. मनोज कुमार सिंह, सुरेश कुमार गुप्ता एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर चयनित शिक्षकों और शिक्षामित्रों को प्रतीकात्मक रूप से कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किए गए। खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी और संकुल प्रभारी शामिल हुए। कार्यक्रम का सफल संचालन दिलशाद वारसी द्वारा किया गया।इस मौके पर बीजेपी नेता सुरेश बाबू गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य मनोज कुमार, जीजीआईसी प्रिंसिपल वंदना शर्मा, खालिद खां, जफर बेग आदि रहे।


सीएम कैशलेश चिकित्सा योजना का शुभारंभ करते एसडीएम आशुतोष कुमार और बीजेपी नेता सुरेश बाबू गुप्ता।

### महिला की मौत के बाद पति-पत्नी पर मुकदमा दर्ज

**रामपुर।** दो दिन बाद महिला की मौत के मामले में पति-पत्नी पर उपचार में लापरवाही बरतने पर पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने दोनों की तलाश की दबिश देनी शुरू कर दी है। शहर के मोहल्ला निवासी तकिया मुबारक शाह निवासी जुनैद की पत्नी सोनी सोमवार की शाम तबीयत खराब हुई थी। ऐसे में परिजन घबराकर आनन फानन में नर्सिंग होम लेकर पहुंचे थे। जहां डॉ.अजीम नकवी और पत्नी हिना नकवी ने सोनी को उपचार के लिए भर्ती कर लिया था। परिजनों का आरोप है कि दोनों ही डॉक्टरों ने बहुत ही उतावले पन में लापरवाही से उपचार किया, जल्दबाजी में कई इंजेक्शन लगा दिए थे जिससे सोनी की हालत बिगड़ गई थी और नर्सिंग होम में ही तड़पने लगी थी। जहां कुछ ही देर बाद विवाहिता की मौत हो गई थी। मृतक के पति जुनैद ने इस मामले में पुलिस को दोनों चिकित्सक के खिलाफ तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### फिल्म काला हिरण के निर्माता को फोन पर धमकी

**भोट।** फिल्म काला हिरण के निर्माता अमित जानी ने भोट क्षेत्र में एक ढाबे पर नाश्ता करते समय फोन पर धमकी मिलने की रिपोर्ट दर्ज करायी है।पुलिस ने तहरीर के आधार पर आधार पर मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नोएडा निवासी फिल्म प्रोड्यूसर अमित जानी बुधवार दोपहर में नैनीताल जाते समय भोट थाना क्षेत्र में ढाबे पर नाश्ते के लिए रूके थे।इसी दौरान एक मोबाइल नंबर से उनके फोन पर व्हाट्सएप काल आई। जिसे उन्होंने नहीं उठाया। जिसके बाद एक बजकर 27 मिनट पर उसी नंबर से धमकी भरा आडियो आया आया जिसमें अमित जानी सुधर जा, रोहित भाई ने लास्ट वार्निंग भी दी थी।तुम जहां हो वहां चारों तरफ से घिरे हो। फिल्म रिलीज होने से पहले इंडिया में बड़ा होगा कहा गया था। जिसके बाद अमित जानी ने थाने पहुंचे व पुलिस को मामले की तहरीर दी। बताया कि वह काला हिरण फिल्म के निर्माता हैं। गैंगस्टर रोहित गोदारा,गोल्डी बरार,आतंकवादी शहजाद भट्टी की तरफ से मुझे लगातार बम से उड़ाने की धमकी मिल रही हैं।धमकी देने वाला अंतर्राष्ट्रीय गैंगस्टर रोहित गोदारा का गुर्गा है। जिस पर आज ही एफबीआई ने शिकंजा कसा है।जो उसकी हत्या की फिराक में है।थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह त्यागी ने बताया कि अमित जानी द्वारा दी गयी सूचना को गंभीरता से लेते हुए तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

## अभिषेक ने संदीप को हराकर फाइनल में बनाई जगह

जागरण मोर्चा कार्यालय



**रामपुर।** बुधवार को पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने शहीद-ए-आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम बमनपुरी में आयोजित 43 वीं अंतर्जनपदीय उत्तर प्रदेश पुलिस बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस महिला-पुरुष प्रतियोगिता-2026 का फीता काटकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर विधिवत शुभारंभ किया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाते हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता तथा आपसी समन्वय की भावना को भी विकसित करते हैं। खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने तथा प्रतियोगिता को सफल एवं यादगार बनाने का आह्वान किया। उद्घाटन समारोह के बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिताओं के मुकाबलों का शुभारंभ हुआ।बैडमिंटन व्यक्तिगत पुरुष वर्ग(ए) में अभिषेक चौधरी जनपद बिजनौर व संदीप कुमार जनपद रामपुर के मध्म सेमीफाइनल मैच खेला गया। अभिषेक चौधरी ने संदीप कुमार को हराकर फाइनल में जगह बनाई। वर्ग(बी) में जुनैद जनपद मुरादाबाद व अंकुश जनपद बरेली के मध्य सेमीफाइनल मैच खेला गया, जुनैद ने अंकुश को हराकर फाइनल में जगह बनाई। बैडमिंटन टीम चैम्पियनशिप महिला वर्ग (ए) में जनपद अमरोहा व जनपद बदायूं के मध्य सेमीफाइनल मैच खेला गया जिसमें जनपद अमरोहा ने जनपद बदायूं को हराकर फाइनल में जगह बनाई ।वर्ग (बी) में जनपद मुरादाबाद व जनपद रामपुर के मध्य सेमीफाइनल मैच खेला गया जिसमें जनपद मुरादाबाद ने जनपद रामपुर को हराकर फाइनल में जगह बनाई। टेबल टेनिस व्यक्तिगत पुरूष वर्ग (ए) में अरविन्द जनपद मुरादाबाद व नागेन्द्र राठौर जनपद बरेली के मध्य सेमीफाइनल मैच खेला गया। जिसमें अरविन्द ने नागेन्द्र राठौर को हराकर फाइनल में जगह बनाई। वर्ग (बी) में अभिषेक चौधरी जनपद बिजनौर व आशीष कुमार जनपद अमरोहा के मध्य सेमीफाइनल मैच खेला गया। जिसमें अभिषेक चौधरी ने आशीष कुमार को हराकर फाइनल में जगह बनाई। टेबल टेनिस व्यक्तिगत महिला वर्ग (ए) में सुप्रिया जनपद रामपुर व मीनू जनपद अमरोहा के मध्य सेमीफाइनल मैच खेला गया जिसमें सुप्रिया ने मीनू को हराकर फाइनल मे जगह बनाई। वर्ग (बी) में आशमा जनपद शाहजहांपुर व रमा जनपद मुरादाबाद के मध्य सेमीफाइनल मैच खेला गया। जिसमें रमा ने आशमा को हराकर फाइनल में जगह बनाई। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी बिलासपुर, क्षेत्राधिकारी कार्यालय, प्रतिसार निरीक्षक, अन्य पुलिस अधिकारी,कर्मचारी, आयोजन समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## जौहर विवि प्रबंधन ने आरडीए के नोटिस का दिया जवाब




- जौहर विवि की स्थापना के समय नहीं था आरडीए

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** मौलाना मोहम्मद अली जौहर विवि में अवैध निर्माण को लेकर रामपुर विकास प्राधिकरण द्वारा नोटिस का जवाब देते हुए विवि प्रबंधन ने कहा कि जिस समय विवि की स्थापना हुई थी उस समय आरडीए नहीं था। 28 जून को आरडीए ने नोटिस देकर 15 दिन के भीतर जवाब मांगा था।

करीब 20 साल पहले मौलाना मोहम्मद अली जौहर विवि की संग बुनियाद रखी गई थी। पिछले दिनों आयकर विभाग ने ट्रस्ट का पंजीकरण निरस्त कर दिया है। इसके बाद आरडीए, फायर विभाग ने संयुक्त रूप से छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान जौहर विवि में बिना मानचित्र स्वीकृत निर्मित 38 भवनों को अवैध मानते हुए रामपुर विकास प्राधिकरण ने नोटिस जारी कर 15 दिन के भीतर जवाब भी मांगा। सूत्रों के अनुसार जौहर विवि ने जवाब दाखिल करते हुए कहा कि जिस समय मौलाना मोहम्मद अली जौहर का निर्माण हुआ था कि उस समय रामपुर विकास प्राधिकरण की स्थापना नहीं हुई थी। अब प्रशासन ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### 22 ब्लॉकों में अग्नि सुरक्षा प्रबंध आधे-अधूरे

जौहर विवि में अग्नि सुरक्षा के लिए किए गए प्रबंध आधे अधूरे हैं। जिसमें शैक्षणिक भवन, प्रशासनिक ब्लॉक, मेडिकल कॉलेज, पुस्तकालय, छात्र-छात्रा छात्रावास, आवासीय परिसर और ऑडिटोरियम सहित विवि के 22 ब्लाकों की जांच में सामने आया है कि अधिकांश भवनों में भारतीय मानक ब्यूरो, तथा अग्निशमन एवं आपात सेवा अधिनियम के अनुरूप अग्नि सुरक्षा प्रबंध मिले।

### कलेक्ट्रेट परिसर में किसान नेता की होमगार्ड से नोकझोंक

**रामपुर।** बुधवार को जिलाधिकारी कार्यालय के सामने बने पार्क में बाइक खड़ी करने को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के जिलाध्यक्ष भानु प्रताप गंगवार और ड्यूटी पर तैनात एक होमगार्ड जवान के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। दोनों के बीच हो रही बहस का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कलेक्ट्रेट परिसर में एक किसान अपनी बाइक पार्क के अंदर ले जाकर खड़ी कर रहा था। इसी दौरान ड्यूटी पर मौजूद होमगार्ड जवान ने उसे रोका और आपत्ति जताई। इस बात को लेकर किसान और होमगार्ड के बीच कहासुनी शुरू हो गई। सूचना मिलने पर भाकियू जिलाध्यक्ष भानु प्रताप गंगवार मौके पर पहुंचे और किसान का पक्ष रखा, जिसके बाद उनकी भी होमगार्ड जवान से तीखी बहस हो गई। कुछ देर तक दोनों पक्षों के बीच ऊंची आवाज में नोकझोंक होती रही, जिससे वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। भाकियू जिलाध्यक्ष भानु प्रताप गंगवार ने बताया कि होमगार्ड का किसान से बात करने का तरीका ठीक नहीं था, इसलिए उन्होंने विरोध जताया। वहीं, होमगार्ड जवान का आरोप है कि उनसे अभद्रता की गई, जो गलत है।

## प्रशासन ने हजरत बैरम शाह मियां की मजार को हटाया

- मंगलवार देर रात सड़क नाकाबंदी के बाद हुई कार्रवाई
- अजीमनगर थाना क्षेत्र के जौहर बाईपास का मामला

जागण मोर्चा कार्यालय

**सैदनगर।** अजीम नगर थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात प्रशासन ने हजरत बैरम शाह मियां की मजार को हटा दिया। सड़क चौड़ीकरण के चलते पीडब्ल्यूडी विभाग ने कार्रवाई की। सुबह ग्रामीणों नें मजार को गायब देखा तो उनके होश उड़ गए। मजार तोड़े जाने को लेकर एक समुदाय के लोगों में नाराज की है।

मामला थाना क्षेत्र के आंगा चौराहे स्थित हजरत बैरंग शाह मियां की मजार का है। जौहर बाईपास पर नीम वाली जियारत के नाम से मशहूर हज़रत का सैकड़ों साल पुराना मजार सड़क के बीचो-बीच में था। चौड़ीकरण के चलते काफी समय से पीडब्ल्यूडी विभाग उसे हटाने की कोशिश कर रहा था। मंगलवार देर रात आसपास के थानों की पुलिस फ़ोर्स की मौजूदगी में मजार को हटा दिया गया। मजार के मलबे को पीडब्ल्यूडी की गाड़ियों से दूसरी जगह भेज दिया गया है। सुबह ग्रामीणों ने मजार गायब देखा तो उनके होश उड़ गए। मौके पर पहुंचे लोगों को पुलिस ने अपने घरों की ओर जाने को कहा। मजार के मुताबिली नासिर मियां ने बताया मजार करीब डेढ़ सौ साल पुराना था। 8 दिन पहले प्रशासन ने मजार खाली करने को नोटिस लगाया था। हम लोगों ने मजार रोकने के लिए काफी कोशिश की लेकिन कामयाबी नहीं मिली। थाना अध्यक्ष दयाशंकर सिंह ने बताया पीडब्ल्यूडी विभाग ने सड़क चौड़ीकरण के लिए मजार को हटाया है। सुरक्षा की दृष्टि से मौके पर पुलिस भी मौजूद रही थी।


प्रशासन द्वारा हटाई गई मजार के बाद खाली पड़ी जमीन।

## डूंगरपुर के मामले में 13 जुलाई को होगी सुनवाई

- एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चल रही है सुनवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** सपा शासनकाल में डूंगरपुर में बने मकानों पर बुलडोजर चलवाने के मामले में बुधवार को हड़ताल के चलते आजम खां और पूर्व पालिका चेयरमैन के बयान दर्ज नहीं हो सके। अब इस मामले में 13 जुलाई को सुनवाई होगी।

सपा सरकार में डूंगरपुर में बने मकानों पर बुलडोजर चलवाकर उनको मलवे में तब्दील कर दिया गया था।इस मामले में सपा सरकार जाने के बाद सूबे में आई भाजपा सरकार ने आजम खां सहित कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया था। जहां पुलिस ने चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी।इसकी सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में हो रही है। बुधवार को हड़ताल के चलते आजम खां सहित दो लोगों के बयान दर्ज नहीं हो सके। अब 13 जुलाई को सुनवाई होगी। इसके अलावा अधिकारियों पर आपत्ति जनक टिप्पणी करने के मामले में सपा नेता आजम खां को दो साल की सजा हो चुकी है। सजा के खिलाफ अधिवक्ता के माध्यम से सेशन कोर्ट में अपील की है। जिसमें अब गुरुवार को सुनवाई होगी। वहीं किले के अंदर नगर पालिका द्वारा बनाई गई मार्केट मामले में पूर्व पालिका अध्यक्ष अजहर खां सहित कई पर रिपोर्ट दर्ज हुई थी। अब इस मामले में 4 अगस्त को सुनवाई होगी।

### बीमारी के चलते एक दिन में दो भाइयों की मौत

**सैदनगर।** अजीमनगर थाना क्षेत्र में 1 दिन में दो भाइयों की मौत से कोहराम मचा है। एक भाई की मौत सुबह बीमारी के चलते हुई जबकि दूसरे भाई की मौत शाम को सदमे में हो गई।मामला थाना क्षेत्र के बड़ापुरा शुमाली गांव का है। गांव निवासी रईस उम्र 55 वर्ष की बुधवार सुबह बीमारी के चलते मौत हो गई थी। शाम को उनके दफन की तैयारी चल रही थी तो उनके बड़े भाई मरूम मियां उम्र 65 वर्ष की भी मौत हो गई। 1 दिन के अंदर घर में हुई दो मौत से कोहराम मच गया। बदहवास परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल हो गया। ग्रामीणों के मुताबिक दोनों भाइयों में अच्छा प्यार था। जिसके चलते छोटे भाई के सदमे में बड़े भाई ने भी दम तोड़ दिया।

**अभियान** — मिशन सेफ फ्यूचर अभियान' के तहत स्कूली वाहनों की भी हुई सघन जांच

## ओवरलोड वाहनों पर परिवहन विभाग ने कार्रवाई करते हुए चार ट्रेलर किए सीज

जागरण मोर्चा कार्यालय



स्कूली बसों को चेक करते पीटीओ।

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर जनपद में ओवरलोड वाहनों एवं यातायात नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध विशेष प्रवर्तन अभियान लगातार चलाया जा रहा है। बुधवार सुबह लगभग 3 बजे यात्रीकर अधिकारी होरी लाल वर्मा द्वारा बिलासपुर क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

चेकिंग के दौरान चार ट्रेलर ट्रकों में निर्धारित क्षमता से अधिक रेता (बालू) लदा हुआ पाया गया। सभी वाहनों को तत्काल कार्रवाई करते हुए थाना बिलासपुर में सीज कराया गया। इन चारों वाहनों से लगभग पांच लाख रुपये का प्रशमन शुल्क प्राप्त होने का अनुमान है।इसके साथ ही जनपद में संचालित मिशन सेफ फ्यूचर अभियान के तहत स्कूली वाहनों की भी व्यापक जांच की गई। अभियान के दौरान पांच स्कूली वाहनों में विभिन्न प्रकार की कमियां एवं नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर उनके विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई। यात्रीकर अधिकारी होरी लाल वर्मा ने सभी विद्यालय प्रबंधकों एवं प्रधानाचार्यों से अपील की है कि विद्यार्थियों के सुरक्षित आवागमन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विद्यालयों में संचालित सभी वाहनों के वैध प्रपत्र, फिटनेस, परमिट एवं अन्य आवश्यक अभिलेख पूर्ण रूप से अद्यतन रखें।

साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि किसी भी वाहन में निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों का परिवहन न किया जाए तथा सभी सुरक्षा मानकों का अनिवार्य रूप से पालन किया जाए।उन्होंने बताया कि जनपद में ओवरलोड वाहनों एवं स्कूली वाहनों की जांच का विशेष अभियान 15 जुलाई 2026 तक निरंतर संचालित रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन स्वामियों एवं संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### नगर पालिका अध्यक्ष ने सुनी समस्याएं

**रामपुर।** नगर पालिका अध्यक्ष सना खानम ने बुधवार को अपने कार्यालय में जनता दरबार लगाकर आमजन की समस्याएं सुनीं। इस दौरान सफाई, जलभराव, स्ट्रीट लाइट, सड़क और पेयजल व्यवस्था से जुड़ी कई शिकायतें उनके सामने रखी गईं।नगर पालिका अध्यक्ष सना खानम ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर जाकर 3 दिन के अंदर समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की छोटी-छोटी समस्या भी हमारे लिए प्राथमिकता है।शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से होना चाहिए।इस अवसर पर, सफाई निरीक्षक व अन्य विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

### सब्सिडी योजना के तहत करें ऑनलाइन आवेदन

**रामपुर।** सहायक निदेशक मत्स्य ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में मत्स्य विभाग द्वारा संचालित राज्य सेक्टर की विभिन्न योजनाओं यथा मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, निषादराज बोट सब्सिडी योजना एवं सघन मत्स्य पालन हेतु एयरेशन सिस्टम की स्थापना योजना के तहत जनसामान्य को ऑनलाइन आवेदन करने के लिए विभागीय पोर्टल 9 से 24 जुलाई तक खोला दिया गया है। निषादराज बोट सब्सिडी योजना में आवेदन कर अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। बताया कि योजनान्तर्गत परियोजना का विवरण, इकाई लागत, आवेदन करने की प्रक्रिया, आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेख व विस्तृत विवरण को विभागीय वेबसाइट पर देखा जा सकता है। इन योजनाओं में यदि भविष्य में कोई संशोधन होता है तो संशोधित प्राविधान लागू होंगे।

# सरकार शिक्षा व्यवस्था को और आधुनिक बनाने के साथ शिक्षकों के हितों की सुरक्षा के लिए कार्य कर रही :बलदेव

## मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ, शिक्षकों को वितरित किए प्रतीकात्मक प्रमाण-पत्र


शिक्षक को प्रतीकात्मक प्रमाण-पत्र देते राज्यमंत्री बलदेव औलख और डीएम। -जागरण मोर्चा


स्वार में शिक्षक को प्रतीकात्मक प्रमाण-पत्र देते विधायक। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वाराणसी स्थित ट्रेड फैसिलिटेशन सेंटर में आयोजित बेसिक शिक्षा विभाग के विशेष कार्यक्रम का सजीव प्रसारण बुधवार को जनपद के विकास भवन सभागार में देखा व सुना गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ किया।

विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया। प्रसारण के बाद कृषि राज्य मंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त शिक्षक को बधाई देते हुए कहा की प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ और आधुनिक बनाने के साथ-साथ शिक्षकों के हितों की सुरक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रही है।उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज के निर्माण की आधारशिला हैं और उनके स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा तथा सम्मान के लिए सरकार की यह पहल महत्वपूर्ण है।मिलक विधायक राजबाला ने शिक्षकों को योजना के लागू होने की शुभकामना देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने शिक्षा व्यवस्था में अभूतपूर्व सुधार किए हैं।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन तय करते हुए पात्रता के अनुसार समयबद्ध रूप से लाभ उपलब्ध कराया जाए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी ने बताया कि मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना से जनपद के बेसिक शिक्षा के 10,664 और माध्यमिक शिक्षा के 241 शिक्षक लाभान्वित होंगे। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि जनपद के 1,23,779 छात्र-छात्राओं को डीबीटी के माध्यम से यूनिफॉर्म, जूते, मोजे, स्वेटर, स्कूल बैग एवं स्टेशनरी के लिए प्रत्येक को 1200 रुपये की धनराशि हस्तांतरित की गई है।योजना के माध्यम से प्रदेश के लगभग 12 लाख शिक्षकों एवं उनके परिवारों को कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिलेगा। इसके साथ ही प्रदेश के 1.10 करोड़ छात्र-छात्राओं की डीबीटी के माध्यम से यूनिफॉर्म, जूते, मोजे, स्वेटर, स्कूल बैग एवं स्टेशनरी के लिए प्रति छात्र-छात्रा 1200 रुपये की धनराशि हस्तांतरित की गई।

### प्रतीकात्मक प्रमाण-पत्र प्राप्त करने वाले शिक्षक

अब्दुल बशीर खां, अनुजेंद्र सिंह चौहान, शुऐब अहमद अंसारी, राकेश कुमार, अर्जुन कुमार कश्यप, मनीष कुमार, जितेन्द्र कुमार, दिनेश कुमार,आनंद प्रकाश गुप्ता, विपिन यादव, पंकज कुमार, चिरंजीव कुमार, रितेश कुमार, अमित कुमार, फाजिल अली सिद्दीकी, राजीव कुमार, अनिल कुमार, कुशल राणा, अशोक कुमार एवं वामिका, शमाइला, शकील तथा कृष्ण मोहन भाटिया।



मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा सुविधा योजना वास्तव में शिक्षकों के लिए बहुत ही उपयोगी योजना साबित होगी। शिक्षक समुदाय अचानक आने वाली किसी भी दुविधा का अब आसानी से सामना कर सकता है। शिक्षक समुदाय उत्तर प्रदेश सरकार का हमेशा आभारी रहेगा। **-इंद्रेश कुमार**



आज का दिन परिषदीय शिक्षकों और कार्मिकों के लिए स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो जाएगा 12 लाख शिक्षकों सहित कार्मिकों को पारिवारिक सुरक्षा कैशलेस चिकित्सा योजना का लाभ दिया जाना अपने आप में उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा किया गया अतुलनीय कार्य है इस योजना के लागू होने से शिक्षकों मन में पारिवारिक सुरक्षा को लेकर डर की भावना रहती थी उसका कहीं ना कहीं अंत हुआ है। **-तरूण पाण्डेय**



राज्य सरकार द्वारा शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों एवं रसोइयों को मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा कार्ड उपलब्ध कराया जाना एक सराहनीय और संवेदनशील पहल है। इससे जनपद के लगभग 11 हजार परिवारों को बेहतर एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा। यह निर्णय शिक्षा परिवार के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता और उनके सामाजिक सुरक्षा के प्रति सकारात्मक सोच को दर्शाता है। **-आनन्द प्रकाश गुप्ता,जिला मंत्री प्राथमिक शिक्षक संघ।**



कैशलेस चिकित्सा योजना को लेकर शिक्षकों,शिक्षामित्रों,अनुदेशकों,अनुचर सहित रसोइयों में खुशी का माहौल है। उत्तर प्रदेश सरकार की यह बहुत ही अच्छी पहल है जिसका काफी लंबे समय से सभी को इंतजार था कई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा कैसलेस चिकित्सा कार्ड देकर शिक्षक, शिक्षा मित्र, अनुदेशक,अनुचर, रसोईयों को सम्मानित किया है। **-डॉ . राजवीर सिंह जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ।**



शिक्षकों एवं कार्मिकों की बरसों बरस पुरानी मांग को पूर्ण करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा 5 लाख तक की पारिवारिक कैशलैस चिकित्सा सुविधा का लाभ शिक्षकों,शिक्षामित्र, रसोईया आदि को दिया जा रहा है यह स्वर्णिम योजना कार्मिकों के लिए मील का पत्थर साबित होगी महंगाई के इस दौर में योजना का परिवार सहित बड़ा लाभ मिलेगा।उत्तर प्रदेश सरकार ने एक और बड़ी योजना ओ एम यू के माध्यम से एसबीआई के साथ करार किया है। **-चरनसिंह ,शिक्षक नेता।**


स्वार में शिक्षक को प्रतीकात्मक प्रमाण-पत्र देते विधायक।

**स्वार: विधायक शफीक अहमद अंसारी ने किया शिक्षकों का सम्मान**

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षकों एवं उनके परिवारों के स्वास्थ्य संरक्षण के उद्देश्य से शुरू की गई मुख्यमंत्री शिक्षक कल्याण कैशलेस चिकित्सा योजना के तहत तहसील स्वार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वार-टांडा विधानसभा क्षेत्र के विधायक शफीक अहमद अंसारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों एवं उनके परिवारों को मुख्यमंत्री शिक्षक कल्याण कैशलेस चिकित्सा योजना की जानकारी दी।इस योजना के माध्यम से शिक्षकों और उनके परिजनों को बेहतर एवं कैशलेस चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्य अतिथि विधायक शफीक अहमद अंसारी ने कहा कि शिक्षक समाज की रीढ़ हैं।देश के भविष्य के निर्माता हैं। इस दौरान उपजिलाधिकारी स्वार, खंड शिक्षा अधिकारी, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक, दीप गोयल,जुल्फिकार अली, दीपक नागर, हामिद अल्वी, फैजान बल्ली, नाहिद खान, पंकज सैनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# महात्मा गांधी स्टेडियम में आज होगी 1000 जोड़ों की शादी

- बुधवार को स्टेडियम में दिनभर जारी रही कार्यक्रम की तैयारियां

जागरण मोर्चा, कार्यालय


रामपुर-स्वार रोड स्थित महात्मा गांधी स्टेडियम कार्यक्रम स्थल पर बनाया गया टेंट।

**रामपुर।** इंतजार की घड़ियां खत्म हो गई। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत रामपुर- स्वार रोड स्थित महात्मा गांधी स्टेडियम में 1000 जोड़ों की शादियां आज होगी। बरसात के बचने के लिए प्रशासन की ओर से टेंट तंबू बनाए गए हैं साथ ही कार्यक्रम स्थल को एक दम पैक किया गया। जिससे कि आने-जाने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

विभाग द्वारा प्रभारी मंत्री धर्मपाल, जलशक्ति राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, शाहबाद, स्वार और शहर विधायक को आमंत्रित किया गया है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के लिए कई दिनों से जनपद में तैयारियां आरंभ की थी। विवाह योजना में प्रदेश सरकार की ओर से 1 लाख रुपये मिलते हैं। जिसमें 60,000 रुपये सीधे वधू के खाते में, 25000 रुपये वैवाहिक उपहार सामग्री, 15,000 आयोजन व्यवस्था पर खर्च होते हैं। लेकिन इस बार सामग्री में चांदी के पायलें नहीं होंगी। बल्कि वधू के खाते में 4,000 रुपये नगद धनराशि डिजीटल माध्यम से ट्रांसफर की जाएगी।

### 1200 पात्र, फिर भी सिर्फ एक हजार शामिल

समाज कल्याण विभाग द्वारा 1200 लाभार्थियों को पात्र की श्रेणी में रखा गया। लेकिन गुरुवार को 1000 जोड़ों को ही शामिल किया गया है। जिसमें 35 प्रतिशत मुस्लिम, 65 प्रतिशत हिन्दू जोड़े शामिल है। विभागीय अफसरों के मुताबिक शासन से मिले निर्देशानुसार 1000 जोड़ों को शामिल किया गया है, शेष जोड़ों को अगले कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा। समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी ने बताया कि महात्मा गांधी स्टेडियम में रीति रिवाज के अनुसार सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन होगा।

# सैम बच्चों को सुपोषित बनाने के लिए एक जुलाई से 30 सितम्बर तक चलेगा विशेष अभियान

- सम्भव अभियान 6 के सफल संचालन को लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने दिए निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय


बैठक को संबोधित करते सीडीओ। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** जिले में सम्भव अभियान 6 के प्रभावी संचालन को लेकर विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र की अध्यक्षता में संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक हुई।

बैठक में अभियान की कार्ययोजना, विभागवार दायित्वों तथा निर्धारित लक्ष्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

सीडीपीओ जितेंद्र कुमार जायसवाल ने बताया कि 1 जुलाई से 30 सितंबर तक संचालित होने वाले सम्भव अभियान 6.0 का मुख्य उद्देश्य गंभीर तीव्र कुपोषण श्रेणी के बच्चों को आवश्यक स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाएं उपलब्ध कराकर उन्हें सुपोषित श्रेणी में लाना है। उन्होंने बताया कि जनपद में 185 सैम बच्चे हैं। इस कार्यक्रम के अंतर्गत जिन्हें इस श्रेणी से बाहर निकलना है। इसके लिए महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य तथा पंचायती राज विभाग सहित सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना होगा। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री, आशा एवं एएनएम संयुक्त रूप से घर-घर जाकर परिवारों को संतुलित आहार, स्वच्छता, स्तनपान, पूरक पोषण तथा बच्चों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के प्रति जागरूक करें।

अभियान के अंतर्गत शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाएगा।स्वास्थ्य विभाग द्वारा आवश्यक औषधि किट उपलब्ध कराते हुए सभी पात्र बच्चों का ई-कवच ऐप पर पंजीकरण सुनिश्चित किया जाएगा।मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि पोषण पुनर्वास एवं पुष्टाहार वितरण की नियमित समीक्षा की जाएगी।अभियान की प्रगति का प्रत्येक 15 दिन में मूल्यांकन एवं रैंकिंग शासन स्तर पर की जाएगी।फीडिंग की प्रगति में किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

अभियान की मॉनिटरिंग प्रत्येक सप्ताह की जाएगी। पात्र लाभार्थियों को निर्धारित समय पर शत-प्रतिशत पुष्टाहार व अन्य सुविधायें उपलब्ध कराया जाए। ग्राम प्रधान, स्वयं सहायता समूह, ग्राम सचिव एवं अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से गांवों में चौपाल एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर स्वच्छता, संतुलित पोषण एवं कुपोषण से बचाव के प्रति व्यापक जनजागरूकता फैलाई जाए।

# पेंशन योजनाओं की जानकारी के साथ कराया पंजीकरण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड मिलक परिसर में बुधवार को तीन दिवसीय सामाजिक सुरक्षा बीमा एवं पेंशन योजनाओं के मेले का शुभारम्भ किया गया। यह मेला 8 से 10 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें किसानों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा एवं पेंशन योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ उनका पंजीकरण भी कराया जाएगा।

मेले का उद्घाटन समिति के चेयरमैन रजनीश कुमार पटेल ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार किसानों और आम नागरिकों के सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही हैं। किसानों को इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाकर अपने परिवार का भविष्य सुरक्षित करना चाहिए।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत दुर्घटना अथवा स्थायी विकलांगता की स्थिति में दो लाख रुपये तक का बीमा सुरक्षा कवच मिलता है। कार्यक्रम में किसानों को योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया तथा लाभ प्राप्त करने की जानकारी भी दी गई। साथ ही अधिक से अधिक किसानों से इन योजनाओं से जुड़ने की अपील की गई।

इस अवसर पर एफएसएस रठौंडा के चेयरमैन रामसिंह गंगवार, प्रधान नरेन्द्र गंगवार, मंडल अध्यक्ष रवि गंगवार, इफको के रोहित कुमार, बैंक ऑफ बड़ौदा के आशीष कुमार, चीनी मिल मीरगंज के आमेन्द्र सिंह, गन्ना पर्यवेक्षक कपिल कुमार, संतोष कुमार, घनश्याम गंगवार सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन समिति के सचिव केजी गौतम ने किया।


फीता काटकर कार्यक्रम का आगाज करते मुख्य अतिथि।

अभियान | जनपद में 100 दिवसीय अभियान की 24 मार्च से हुई थी शुरूआत

# 3071 लोगों में मिले टीबी के लक्षण, 41 हजार स्क्रीनिंग



जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** स्वास्थ्य विभाग के सघन टीबी रोगी खोजो 100 दिवसीय अभियान में तहत 3071 लोगों की टीबी की पुष्टि हुई है। तीन माह तक संचालित अभियान के तहत 41,984 लोगों की स्क्रीनिंग भी हुई है। जिसमें पुरुष 22024, जबकि 19960 महिलाएं शामिल है। तीन हजार लोगों की टीबी की पुष्टि होने पर क्षय रोग विभाग द्वारा उपचार चालू कराया जा रहा हैं।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.सत्यप्रकाश ने बताया कि 100 दिवसीय अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने घर-घर जाकर संभावित क्षय रोग के लक्षण वाले मरीजों की पहचान की गई है। अभियान में 286 अतिसंवेदशील क्षेत्रों में टीम ने लोगों की जांच की तो 41,984 में टीबी की पुष्टि हुई है। विभाग द्वारा लगाई गई टीमों ने दो मेडिकल यूनिट, चार हैंड एक्सरे मशीन से स्क्रीनिंग कराई। जनपद के छह ब्लॉकों के 286 गांव शामिल है। जिसमें बिलासपुर में 74, स्वार 61, मिलक में 31, टांडा में 17, शाहबाद में 19, सैदनगर 40, अर्बन में 4, चमरौआ के 40 लोगों में टीबी संक्रमण की पुष्टि हुई है।

### 51 पंचायतें हो चुकी है टीबी मुक्त

डीटीओ ने बताया कि छह विकास खंडों की 51 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त हो चुकी है। वैसे जो जनपद में 680 ग्राम पंचायतें हैं बिलासपुर की 20, स्वार की 13, चमरौआ की 6, शाहबाद की 5, मिलक की 4, सैदनगर की 3 ग्राम पंचायतें शामिल है।

### टीबी के यह हैं लक्षण

- दो सप्ताह से अधिक खांसी
- खांसी के साथ खून आना
- छाती में दर्द, सांस फूलना
- वजन का कम होना
- ज्यादा थकान महसूस करना
- शाम को बुखार, ठंड लगना।

# सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण के 20 जुलाई तक करें आवेदन

**रामपुर।** पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए संचालित ओ लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत वर्ष 2026-27 के लिए ऑनलाइन आवेदन से लेकर प्रशिक्षण प्रारंभ कराने तक की संशोधित समय-सारणी जारी कर दी गई है।जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी श्री गौरव खड़ायत ने बताया कि भारत सरकार की अधिकृत संस्था नीलिट (राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान) से मान्यता प्राप्त संस्थाओं के माध्यम से इंटरमीडिएट उत्तीर्ण अन्य पिछड़ा वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को निःशुल्क ओ लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।वर्तमान में योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया संचालित है। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी 20 जुलाई तक प्रशिक्षण योजना के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# गलत जांच रिपोर्ट से अटके सामूहिक विवाह योजना के आवेदन

- लाभार्थियों ने कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आवेदन करने वाली पांच अविवाहित युवतियों ने अपने आवेदन गलत जांच रिपोर्ट के आधार पर निरस्त किए जाने का आरोप लगाया है। युवतियों ने बुधवार दोपहर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर निष्पक्ष जांच और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

बुधवार को आशिका, सोनी, इकरा समेत दो अन्य युवती कलेक्ट्रेट परिसर पहुंची। जहां उन्होंने सत्यापन में गलत जांच रिपोर्ट लगाए जाने को लेकर प्रदर्शन किया। युवतियों का कहना है कि शादी के लिए योजना में आवेदन किया था। हालांकि, लेखपाल की जांच रिपोर्ट में उन्हें 'शादीशुदा' बताकर उनके आवेदन रद्द कर दिए गए। युवतियों ने जोर देकर कहा कि वे सभी अविवाहित हैं और जांच रिपोर्ट गलत है। सभी युवतियां आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से आती हैं। उनके माता-पिता को उम्मीद थी कि इस योजना के तहत मिलने वाली आर्थिक सहायता से उनकी बेटियों की शादी में मदद मिलेगी।

गलत रिपोर्ट के कारण उन्हें योजना के लाभ से वंचित कर दिया गया है। शिकायतकर्ताओं ने मांग की है कि प्रत्येक युवती की अलग-अलग और निष्पक्ष जांच कराई जाए। यदि जांच में वे अविवाहित पाई जाती हैं, तो उनके आवेदन बहाल किए जाएं और गलत रिपोर्ट तैयार करने वाले संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# समितियों में डीएपी-एनपीके का संकट

**मसवासी।** क्षेत्र की सहकारी समितियों पर डीएपी और एनपीके उर्वरक की किल्लत से किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। धान की रोपाई के सीजन में खाद नहीं मिलने से किसान परेशान हैं। किसानों ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर समितियों पर जल्द पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने की मांग की है। किसानों का कहना है कि मानपुर किसान सेवा सहकारी समिति, रहमतगंज किसान सेवा सहकारी समिति और पुशवाड़ा किसान सेवा सहकारी समिति पर पिछले कई दिनों से डीएपी और एनपीके उर्वरक उपलब्ध नहीं है।इस समय क्षेत्र में धान की रोपाई युद्धस्तर पर चल रही है और फसल के लिए उर्वरक की सबसे अधिक आवश्यकता है।खाद नहीं मिलने के कारण किसानों को मजबूर होकर निजी दुकानों से अधिक कीमत पर उर्वरक खरीदना पड़ रहा है, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। किसानों का आरोप है कि बुकिंग कराने के बावजूद समय पर खाद उपलब्ध नहीं कराई जा रही है, जिससे धान की रोपाई भी प्रभावित हो रही है।किसान नरेश कुमार, हरिओम सिंह, हरप्रसाद, सलीम अहमद, जफर अली, इरशाद अहमद, मुनीर अहमद और मोहम्मद सैफ सहित अन्य किसानों ने जिलाधिकारी से सहकारी समितियों पर तत्काल डीएपी और एनपीके उर्वरक उपलब्ध कराने की मांग की है। उनका कहना है कि समय पर खाद उपलब्ध होने से किसानों का आर्थिक शोषण रुकेगा और धान की रोपाई का कार्य भी सुचारु रूप से पूरा हो सकेगा।

# अपहरण कर बालक को प्रताड़ित करने की सूचना पर पुलिस में मचा हड़कंप

## पुलिस जांच में बालक हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया झुलसा

- उपचार के बाद पुलिस ने बालक को परिजनों को सौंपा

जागरण मोर्चा, कार्यालय



सीएचसी में बालक से जानकारी करते एसओ।

चन्दौसी। कोतवाली क्षेत्र के इंद्रा कालोनी निवासी 12 वर्षीय बालक ने दुकानदार पर अपहरण कर करंट लगाने का आरोप लगाया। बालक के परिजनों ने घटना की तहरीर कोतवाली में दी। जिससे पुलिस में हड़कंप मच गया। पुलिस जांच में सामने आया कि बालक पिता के पास जाते समय सड़क पर गिरे हाईटेंशन तार से झुलस गया और परिजनों को झूठी कहानी बताई।

पुलिस द्वारा बालक का उपचार सीएचसी कराया गया है। इंद्रा कालोनी निवासी हिमांशु सैनी 12 वर्ष पुत्र जसवीर सिंह की मां कांती ने मंगलवार को कोतवाली में तहरीर दी। जिसमें कहा कि उनका पुत्र तहसील के छोटे गेट के सामने पकौड़ी की दुकान पिछले चार से पांच दिन से कार्य करता है। मंगलवार की अपराह्न 3 बजे बालक घर पहुंचा।

परिजनों द्वारा जानकारी करने पर बालक ने बताया कि उसे दुकानदार ने अपहरण कर एक कोल्ड स्टोरेज के पास कमरे में बोहेश का इंजेक्शन लगाने के बाद शरीर में जगह-जगह करेंट से दागा गया।

बालक के शरीर पर करंट लगने के निशान भी थे। यह सुन परिजनों में हड़कंप मच गया और आनन-फानन मंगलवार की शाम को तहरीर दी। जिससे पुलिस में हड़कंप मच गया। पुलिस ने अपनी जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार बालक सोमवार की रात मोहल्ले के युवक की शादी में बरेली गया था।

> परिजनों द्वारा आपहरण कर बालक को प्रताड़ित करने की तहरीर झूठी निकली है। पुलिस जांच में युवक सड़क पर टूटे पड़े हाईटेंशन तार की चपेट में आकर झुलसा है। बालक का उपचार कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।
> **संत कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक, कोतवाली**

वहां लौटकर आया तो अपने पिता से मिलने आईटीआई से पास गली में जाते समय टूटे पड़े हाईटेंशन की चपेट में आ गया और बेहोश होकर गिर गया। उधर से गुजर रही दो महिलाओं ने बालक को देख और उसे परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने बालक का उपचार सीएचसी में कराया है।

### मिशन शक्ति 5.0 के तहत एंटी रोमियो टीम का जागरूकता अभियान

सम्भल। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर जनपद पुलिस का मिशन शक्ति 5 .0 ( द्वितीय चरण) अभियान लगातार जारी है। बुधवार को पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन में जनपद की मिशन शक्ति टीम एवं एंटी रोमियो स्क्वॉड ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर महिलाओं और छात्राओं को उनके अधिकारों तथा सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी दी। अभियान के दौरान बहू–बेटी सम्मेलन और चौपाल का आयोजन कर महिलाओं एवं बालिकाओं की समस्याएं सुनी गईं तथा उनके समाधान के लिए पुलिस की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। महिला पुलिसकर्मियों ने छात्राओं और महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ अपनी समस्याएं साझा करने तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल हेल्पलाइन सेवाओं का उपयोग करने की सलाह दी। इसके अलावा एंटी रोमियो टीम ने प्रमुख बाजारों, चौराहों, स्कूल–कॉलेजों, धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं को पंपलेट वितरित किए। इस दौरान वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा 102, एंबुलेंस सेवा 108, महिला हेल्पलाइन 181 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 सहित अन्य महत्वपूर्ण सेवाओं की जानकारी दी गई।

## सार संक्षेप

### शिक्षिका को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित



प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते कृषि मंत्री।

चन्दौसी। श्री अक्रूरजी कन्या पाठशाला इंटर कालेज में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित कैशलेस चिकित्सा योजना का सजीव प्रसारण देखा गया। विद्यालय में हुए कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति के प्रधान कौशल नंदन व प्रबंधक राजीव कुमार के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शिक्षिकाओं को कैशलेस चिकित्सा योजना के कार्ड वितरित किए गए। योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को सूचीबद्ध अस्पतालों में कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। जिससे उन्हें बेहतर एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो सकेगी। शिक्षिकाओं ने इस जनकल्याणकारी योजना का स्वास्थ्य करते हुए इसे स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में राज्य सरकार की एक सराहनीय पहल बताया। वहीं विद्यालय की प्रधानाचार्य अंजू गुप्ता को कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में आयोजित कैशलेश चिकित्सा योजना के जिला स्तरीय उद्घाटन समारोह में कृषि मंत्री धर्मपाल सिंह ने द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।



तहसील गेट पर धरना देते समिति पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

### समिति का दूसरा दिन भी जारी रहा धरना प्रदर्शन

चन्दौसी। राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति का दूसरा दिन भी तहसील गेट पर धरना प्रदर्शन जारी रहा। बुधवार को धरना प्रदर्शन के दौरान एसडीएम नीतू रानी ने किसानों को वार्ता बुलाया गया। जिसमें किसानों व एसडीएम के बीच हुई वार्ता विफल रही। किसानों का कहना थआ कि मूल्यांकन सूची 2025–26 के अनुसार क्रम संख्या 12 पर दर्ज पार्क हिन्दुस्तान प्लेज पार्क की भूमि 2023 में आबादी में दर्ज हो चुकी है। जिसके अनुसार आने वाली सभी भूमि किसानों को क्रम संख्या 12 के अनुसार ही मुआवजा दिया जाए। जब तक सूची के अनुसार किसानों को मुआवजा नहीं दिया गया तब तक धरना जारी रहेगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राहुल कश्यप, वीरेंद्र सिंह, अमर सिंह तोमर, अनिल कुमार, आकाश तोमर, पप्पू तोमर, मनोज तोमर, उदय पाल सिंह, रामपाल सिंह, ओमवीर सिंह, संजीव, दिनेश पाल सिंह, करण सिंह, भीकम जाटव, लेखराज मौर्य आदि मौजूद रहे।



कैशलेस योजना का प्रचार करते शिक्षक, पालिकाध्यक्ष व अन्य।

### योजना का विद्यालय में हुआ संजीव प्रसारण

चन्दौसी। चन्दौसी इंटर कालेज में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंक्षी शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के शुभारंभ कार्यक्रम का संजीव प्रसारण शिक्षकों व विद्यालयों के स्टाफ ने देखा। योजना के अंतर्गत प्रदेश के लगभग 12 लाख शिक्षकों एवं उनके परिजन कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने योजना की जानकारी प्राप्त की। साथ ही उक्त पहल को शिक्षक हित में महत्वपूर्ण कदम बताया। पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने प्रदेश सरकार की इस पहल का स्वागत किया। कहा कि इस योजना से प्रदेश भर के शिक्षक व उनके परिवार को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर इंचार्ज प्रधानाचार्य मनोज कुमार सहित अन्य स्टाफ व भाजपा नेता भी मौजूद रहे।

### समझौता केंद्र में दो परिवारों को मिलाया



चन्दौसी। पुलिस परिवार पराशर्म सुलह समझौता केंद्र की बैठक का आयोजन गोशाला रोड स्थित पिंक चौकी पर किया गया। जिसमें परामर्श केंद्र प्रभारी व महिला थानाध्यक्ष डा. रुकम पाल सिंह की देखरेख में पति–पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को सुना गया। पति–पत्नी के बीच हुए विवादों को काउंसलरों के सहयोग से सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया। जिसमें कुल 26 पत्रावली को सुना गया। जिसमें 7 पत्रावली का निस्तारण किया गया। दो परिवारों को पुन: मिलाया गया। 5 पत्रावली आवेदक द्वारा बल न देने के कारण व अन्य कारण से बंद किया गया। इस अवसर पर काउंसलर श्वेता गुप्ता, संगीता भार्गव, पूनम अरोरा, सब इंस्पेक्टर महेश गंगवार, हेड कांस्टेबिल मनोहर सिंह, रुचि आदि मौजूद रहे।

# झमाझम बारिस सड़कों हुई जलभराव, मिली राहत



स्टेशन रोड पर बारिश से हुए जलभराव से गुजरतीं कार व बंद हुई स्कूटी को ले जाता युवक।

जागरण मोर्चा, कार्यालय

चन्दौसी/संभल। जनपद सहित आसपास क्षेत्र में बुधवार की झमाझम बारिश हुई। जिससे कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से बारिश ने राहत दिलाई है। बारिश होने से जगह-जगह जलभराव हो गया। जिससे आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं कई स्थानों पर जलभराव से गुजरने पर दोपहिया वाहन बंद हो गए। जिससे उन्हें खींचने को मजबूर होना पड़ा।

पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी से लोग परेशान बने हुए हैं। गर्मी होने के कारण लोगों का पसीने सूखने का नाम नहीं ले रहा था। केवल एसी ही कार्य कर रहे हैं, इसके अलावा कूलर व पंखे बेकार साबित हो रहे हैं। बुधवार की शाम शुरू हुई झमाझम बारिश से लोगों ने गर्मी से राहत पाई। वहीं बारिश होने से जनपद के कई शहरों में जलभराव हो गया। चन्दौसी में स्टेशन रोड, संभल गेट, सीता रोड, गोशाला रोड, रामस्वरूप रोड, बड़ा बाजार, एफआर रोड, पंचशील कालोनी, शक्ति नगर, विकास नगर, गणेश कालोनी, आवास विकास सहित अन्य हिस्सों में जलभराव हो गया। जिससे आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर जलभराव से दोपहिया वाहन निकालने पर वाहन बंद हो गए। जिससे चालकों को अपने दोपहिया वाहनों को पानी से खीचकर अपने गंतव्य तक ले जाना पड़ा। फिलहाल बारिश होने से मौसम खुशनुमा बना हुआ है।

वहीं संभल में बारिश के चलते शहर का तापमान गिर गया और वातावरण में ठंडक घुल गई। लोग घरों से निकलकर सुहाने मौसम का आनंद लेते नजर आए। बच्चों ने बारिश में भीगकर खुशी जताई, जबकि बाजारों और चौराहों पर भी मौसम की चर्चा होती रही।

बारिश से किसानों के चेहरों पर भी खुशी दिखाई दी। हालांकि, कुछ निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति भी देखने को मिली, जिससे राहगीरों को थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में भी रुक-रुक कर बारिश होने की संभावना बनी हुई है।

# मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा कार्ड योजना का शिक्षकों ने किया शुभारंभ



एसएम इंटर कालेज में शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का प्रचार करते शिक्षक।

जागरण मोर्चा, कार्यालय

चन्दौसी। एसएम इंटर कालेज में मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेश चिकित्सा कार्ड योजना का शुभारंभ हुआ। यह प्रदेश के शिक्षक समुदाय के लिए एक ऐतिहासिक और कल्याणकारी कदम साबित होगा। योजना का राज्य स्तरीय उद्घाटन मुख्यमंत्री द्वारा वाराणसी में किया गया। उक्त कार्यक्रम का विद्यालय में लाइव टेलीकास्ट देखा गया।

उक्त योजना के तहत प्रदेश के लगभग 12 लाख शिक्षकों एवं उनके परिवार को स्वास्थ्य सुरक्षा का मजबूत कवच प्रदान किया गया है। अब राज्य के शिक्षक सूचीबद्ध निजी एवं सरकारी अस्पतालों में कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। जिसमें उन्हें 5 लाख रुपये तक मुफ्त उपचार प्राप्त होगा। यह योजना शिक्षकों को स्वास्थ्य संबंधी आकस्मिक आर्थिक चिंताओं से मुक्त कर शिक्षण कार्य में और अधिक ऊर्चा के साथ योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

कार्यक्रम में प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता ने कहा कि इसे शिक्षक हित में एक सराहनीय निर्णय बताया। उन्होंने कहा कि यह कार्ड न केवल आर्थिक संबल प्रदान करेगा। बल्कि कठिन समय में शिक्षकों को बिना किसी परेशानी के बेहतर इलाज सुनिश्चित कराएगा। प्रवक्ता मनोज कुमार ने बताया कि कैशलेस चिकित्सा कार्ड मुख्यमंत्री की शिक्षकों को एक बहुत बड़ी देन है। ताकि समाज में भी इसके प्रति जागरुकता का प्रसार हो सके। इस अवसर पर योगेश बाबू, नेमचंद, चंद्रवीर, ममता शर्मा, डा. विनीता रानी, नेहा श्रीवास्तव, जटाशंकर, विपिन कुमार, सत्यपाल, खंबन सिंह, इमरान, मोहम्मद सलीम, आकाश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# बिल के बिना वसूले गए 4,951 रुपये लौटाने का आदेश

जागरण मोर्चा, कार्यालय

चन्दौसी। उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा करते हुए जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, सम्भल ने पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड और अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड चन्दौसी को एक उपभोक्ता से अतिरिक्त रूप से जमा कराई गई धनराशि ब्याज सहित वापस करने का आदेश दिया है। आयोग ने विभाग को मानसिक कष्ट एवं वाद व्यय के रूप में भी 10 हजार रुपये का भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। बहजोई निवासी सुभाष चंद्र गुप्ता ने अपने विद्युत कनेक्शन की आवश्यकता समाप्त होने पर विभागीय प्रक्रिया पूरी करते हुए कनेक्शन विच्छेदित करा दिया था। आरोप है कि कनेक्शन समाप्त होने के बाद भी उनके मोबाइल पर विभाग की ओर से 4,951 रुपये जमा करने का संदेश भेजा गया। विभागीय कार्रवाई से बचने के लिए उन्होंने उक्त राशि जमा कर दी। बाद में जब उन्होंने विभाग से अतिरिक्त जमा धनराशि वापस करने की मांग की तो उनकी सुनवाई नहीं हुई।



इसके बाद उन्होंने उपभोक्ता मामलों के विशेषज्ञ अधिवक्ता लवमोहन वार्ष्णेय के माध्यम से जिला उपभोक्ता आयोग, सम्भल में परिवाद दायर किया। सुनवाई के दौरान विद्युत विभाग की ओर से आयोग को बताया गया कि परिवादी से किसी प्रकार का विद्युत बिल जारी कर धनराशि की मांग नहीं की गई थी तथा यदि कोई प्रार्थना पत्र दिया जाएगा तो उसका निस्तारण कर दिया जाएगा। परिवादी की ओर से अधिवक्ता लवमोहन वार्ष्णेय ने इस तर्क का विरोध करते हुए कहा कि यदि विभाग ने कोई बिल जारी नहीं किया था तो उपभोक्ता से जमा कराई गई अतिरिक्त राशि तत्काल वापस की जानी चाहिए। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जिला उपभोक्ता आयोग ने पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड एवं अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड चन्दौसी को आदेश दिया कि परिवादी को जमा कराई गई 4,951 रुपये की राशि 29 सितंबर 2025 से सात प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित दो माह के भीतर लौटाई जाए। आयोग ने इसके अतिरिक्त परिवादी को 5,000 रुपये मानसिक कष्ट एवं आर्थिक हानि तथा 5,000 रुपये वाद व्यय के रूप में भी दो माह के भीतर भुगतान करने का आदेश दिया है। आयोग ने स्पष्ट किया कि निर्धारित अवधि में आदेश का पालन नहीं होने पर देय राशि पर नौ प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से भुगतान करना होगा।

### छत उतरते समय पैर फिसलने से गिरी महिला, मौत

चन्दौसी। कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव दियौरा खास में मंगलवार की रात छत से उतरते समय पैर फिसलने से 55 वर्षीय महिला की मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। घटना के समय घर के पुरुष युवती की लग्न लेकर बाहर हुए थे। गांव दियौरा खास में माया देवी 55 वर्ष के घर में परिजन मंगलवार को उसकी पोती अंशु पुत्री सूरजपाल की लग्न लेकर बाहर गए थे। घर केवल महिलाएं ही थी। रात को वृद्ध महिला अन्य महिलाओं के साथ छत जाकर सो गई। रात 11 .30 बजे छत से उतरते समय महिला कै पैर फिसलने से वह नीचे आंगन में आ गिरी और गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को ग्रामीण उपचार के लिए चन्दौसी निजी हास्पिटल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने देखते ही महिला को मृत घोषित कर दिया। जिससे घर की खुशियों मातम में बदल गई। बुधवार को परिजनों ने मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया।

### स्कूली वाहनों का किया चालान



चन्दौसी। क्षेत्राधिकारी यातायात व प्रभारी यातायात जगरोशन सिंह के निर्देश शहर में यातायात पुलिस द्वारा अभियान चलाया गया। जिसमें मुख्य आरक्षी सचिन कुमार द्वारा बिना फिटनेस स्कूली वाहन का चालान किया गया और कई स्कूली वाहनों की फिटनेस भी चेक की गई। स्कूली वाहनों के चालकों को दिशा निर्देश दिए गए कि वह वाहन में क्षमता से अधिक बच्चे न बैठाए। साथ ही वाहन को तेज गति से न चाए। वाहन में फर्स्ट एड किट और आग बुझाने वाला उपकरण जरूर रखे। क्योंकि वाहन चलाते समय बच्चों की सुरक्षा की जिम्मेदारी आपकी है। बच्चे हमारे देश का भविष्य है और भी कई यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा मुख्य आरक्षी सचिन कुमार द्वारा बुलेट बाइक में मोडिफाइड साइलेंस लगाने वाले 7 वाहनों का चालन किया गया।

# आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित हुआ जिला सूचना कार्यालय

- प्रभारी मंत्री ने पुस्तकालय, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल व भंडार कक्ष का किया लोकार्पण

जागरण मोर्चा, कार्यालय



नवनिर्मित पुस्तकालय कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन करते प्रभारी मंत्री।

बहजोई। जनपद सम्भल के जिला सूचना कार्यालय को मंगलवार को नई सौगात मिली। उत्तर प्रदेश सरकार के प्रभारी मंत्री एवं राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सहकारिता जे.पी.एस. राठौर ने जिला सूचना कार्यालय परिसर में नवनिर्मित पुस्तकालय कक्ष, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल एवं भंडार कक्ष का फीता काटकर तथा शिलापट्ट का अनावरण कर लोकार्पण किया। इसके बाद उन्होंने सभी कक्षों का निरीक्षण कर उपलब्ध कराई गई सुविधाओं का जायजा लिया।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि सूचना विभाग सरकार और जनता के बीच मजबूत सेतु का कार्य करता है। आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित कार्यालय शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और जनहितकारी कार्यक्रमों के प्रभावी प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल के माध्यम से शासन की योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी आमजन तक अधिक तेजी, पारदर्शिता और प्रभावी ढंग से पहुंचाई जा सकेगी।

जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल ने कहा कि कार्यालय में विकसित नई सुविधाओं से कार्यक्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। सूचना के संकलन, विश्लेषण और प्रसारण की व्यवस्था पहले की तुलना में अधिक सुदृढ़ एवं व्यवस्थित बनेगी, जिससे जनसंपर्क व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

पुलिस अधीक्षक के.के. बिश्नोई ने कहा कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया सूचना का सबसे प्रभावी माध्यम बन चुका है। ऐसे में जिम्मेदार, त्वरित और तथ्यात्मक सूचना के प्रसार के लिए सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी।कार्यक्रम में जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार ने प्रभारी मंत्री एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए नवनिर्माण कार्यों की जानकारी दी तथा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनसंपर्क एवं प्रचार-प्रसार गतिविधियों से अवगत कराया।

लोकार्पण कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने जिला सूचना कार्यालय में विकसित नई व्यवस्थाओं का स्वागत करते हुए इसे जनहित में सूचना व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। अंत में प्रभारी मंत्री ने विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए जनसेवा और सुशासन के लिए सूचना तंत्र को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया।

स्थापना दिवस | नागरिकों से सफाई व्यवस्था में योगदान देने की अपील की

# नगर पालिका के स्थापना दिवस पर पालिकाध्यक्ष ने किया पौधरोपण



स्थापना दिवस पर केक काटतीं पालिकाध्यक्ष व कर्मचारी। –जागरण मोर्चा



स्थापना दिवस पर पौधारोपण करतीं पालिकाध्यक्ष व अन्य। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

चन्दौसी। नगर पालिका परिषद का 163वां स्थापना दिवस पालिका के स्वास्थ्य विभाग में केक काटकर व धूमधाम से मनाया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय व अन्य द्वारा पालिका के गांधी पार्क स्थित अस्थायी कार्यलाय में पौधारोपण किया गया। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि नगर पालिका परिषद का आज स्थापना दिवस है। इस बार स्थापना दिवस पौधारोपण करके मनाया जा रहा है। इस मौकके पर सभी नागरिकों से अपील है कि वह नगर की साफ-सफाई व्यवस्था में अपना-अपना योगदान दे। जिससे नगर जल्द ही चांदसी नगर कहलाए। अंत में मिठाई वितरण कर सभी को शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी सतेंद्र प्रकाश, समाजसेवी अखिलेश खिलाड़ी, नगराध्यक्ष भाजपा अंकुर अग्रवाल, तरुण कुमार नीरज, प्रियंका सिंह, सुनील कुमार, सचिन सक्सेना, केपी सिंह, प्रभाकर गुप्ता, रविंद्र कुमार, अवनेश गुप्ता, चंद्रमोहन, लवित वार्ष्णेय, मुकुल शर्मा, अर्पित श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार, नरेश कुमार, हिना गोयल आदि मौजूद रहे।

# 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने बेटी पर मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न का लगाया आरोप

## पीड़िता ने प्रार्थना पत्र देकर अपनी सुरक्षा तथा मामले की निष्पक्ष जांच कराने की लगाई गुहार




जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद**। थाना नागफनी क्षेत्र की रहने वाली 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने अपनी ही पुत्री पर मानसिक एवं शारीरिक उत्पीड़न, गाली-गलौज, धमकी और परिवार की बदनामी करने का आरोप लगाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) से कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता ने प्रार्थना पत्र देकर अपनी सुरक्षा तथा मामले की निष्पक्ष जांच कराने की गुहार लगाई है।

प्रार्थना पत्र के अनुसार, श्रीमती नजमा, पत्नी स्वर्गीय रजा अली, निवासी बेकरी वाली गली नंबर-1, दौलत बाग, थाना नागफनी, मुरादाबाद, ने आरोप लगाया है कि उनकी पुत्री कुं. इरम, जो वर्तमान में नोएडा में रहती है, उनकी बात नहीं मानती और कथित रूप से ब्यूटी पार्लर की आड़ में अवैध गतिविधियों में संलिप्त है। महिला ने यह भी आरोप लगाया है कि उनकी पुत्री सोशल मीडिया पर उनके नाम से फर्जी प्रोफाइल बनाकर आपत्तिजनक पोस्ट करती है, जिससे परिवार की बदनामी हो रही है।

शिकायतकर्ता का कहना है कि जब भी वह समझाने का प्रयास करती हैं तो उनकी पुत्री घर आकर गाली-गलौज करती है और कथित रूप से अपने परिचितों के माध्यम से धमकियां भी दिलाती है। महिला ने स्वयं को वृद्ध और कमजोर बताते हुए कहा है कि वह मानसिक रूप से बेहद परेशान हैं। प्रार्थना पत्र में उल्लेख किया गया है कि उन्होंने 4 जुलाई 2026 को थाना नागफनी में भी शिकायत दी थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने 6 जुलाई 2026 को पंजीकृत डाक के माध्यम से भी शिकायत भेजी और अंततः 8 जुलाई 2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र सौंपकर उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की। महिला ने अपने आवेदन में यह भी कहा है कि उन्होंने अपनी पुत्री से संबंध विच्छेद करने का निर्णय लिया है और भविष्य में उनके अन्य पुत्र-पुत्रियों का भी उससे कोई संबंध नहीं रहेगा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनकी पुत्री उनकी चल एवं अचल संपत्ति पर भी कब्जा करना चाहती है। पीड़िता ने एसएसपी से मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए आवश्यक कानूनी कार्रवाई और सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है।

## ससुरालियों पर उत्पीड़न का आरोप, लगाई न्याय की गुहार

**मुरादाबाद**। जनपद के थाना कांठ क्षेत्र की रहने वाली एक विवाहिता ने अपने ससुराल पक्ष पर मानसिक एवं शारीरिक उत्पीड़न, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) से कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता ने प्रार्थना पत्र देकर सुरक्षा उपलब्ध कराने और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थना पत्र के अनुसार, श्रीमती मीनू पत्नी रजनीश, निवासी ग्राम रुस्तमपुर, थाना कांठ, जिला मुरादाबाद, ने आरोप लगाया है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। शिकायत में कहा गया है कि कई बार उन्हें कमरे में बंद कर दिया गया, भोजन तक नहीं दिया गया और उनके साथ मारपीट की गई। इस मामले को लेकर दोनों पक्षों के बीच न्यायालय में मुकदमेबाजी भी चल रही




है। पीड़िता का आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग कई बार उन्हें जान से मारने की धमकी दे चुके हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में 10 अप्रैल 2026 को भी पुलिस प्रशासन को शिकायत दी गई थी, जिसके बाद अधिकारियों ने आवश्यक निर्देश दिए थे। इसके बावजूद कथित उत्पीड़न बंद नहीं हुआ। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि 28 मई 2026 की शाम लगभग छह बजे पति रजनीश, पवनीत और राहुल ने कथित रूप से उनके साथ मारपीट की और उन्हें घर से बाहर निकाल दिया। इसके बाद से वह स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रही हैं और लगातार प्रशासन से सुरक्षा की मांग कर रही हैं। पीड़िता ने अपने प्रार्थना पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन अभी तक उन्हें राहत नहीं मिली। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वह वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यालय के बाहर धरना देने को मजबूर होंगी। विवाहिता ने एसएसपी से अनुरोध किया है कि उनके प्रार्थना पत्र पर संज्ञान लेकर निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## जनसुनवाई में डीएम ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

**मुरादाबाद**। कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में लोग राजस्व, भूमि विवाद, पुलिस, विकास कार्य, पेंशन, आवास, विद्युत, पेयजल एवं अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें लेकर पहुंचे। जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायतकर्ता की बात ध्यानपूर्वक सुनते हुए अधिकारियों को पारदर्शी तरीके से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना तथा शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना है। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि गंभीर मामलों में मौके पर जाकर जांच की जाए और शिकायतकर्ताओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर की गई कार्रवाई की जानकारी उपलब्ध कराई जाए।

## सार संक्षेप

### नींद की गोली खिलाने के मामले में आठ के खिलाफ पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

**हसनपुर**। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में परिजनों को नींद की गोली देकर शादीशुदा प्रेमी के साथ फरार हुई विवाहिता के मामले में विवाहिता के पिता की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस के द्वारा दो महिलाओं सहित आठ के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव गुलामपुर में गुड्डू पुत्र भोलू अपने परिवार के साथ रहता है, उसी के साथ उसकी विवाहिता बहन अंशु अपनी चार वर्षीय पुत्री के साथ रहती थी। अंशु का लगभग 5 से 6 वर्ष पूर्व थाना सैद नगली के गांव बिजनौरा मैं विवाह हुआ था, पति-पत्नी में अनबन के बाद से अंशु अपने मायके में रह रही थी। प्रेमी के साथ फरार हुई विवाहिता अंशु के पिता भोलू ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गांव के जसवीर एवं उसके आठ साथियों के द्वारा सोमवार की देर रात्रि उसके परिवार को खाने में नशीला पदार्थ खिला दिया गया जिससे सभी बेहोश हो गए, लेकिन भोलू की तबीयत ठीक नहीं थी जिससे उसने खाना नहीं खाया था। भोलू ने बताया कि रात्रि करीब 12 :30 बजे आरोपी विवाहिता पुत्री अंशु को घर से बहला फुसला कर ले जा रहे थे तभी उसकी आंख खुल गई और उन्हें रोकने का प्रयास किया तो उसके साथ गाली गलौज मारपीट करते हुए जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया गया। पीड़ित द्वारा तहरीर देकर पुलिस से विवाहिता को बरामद एवं आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। जब इस बारे में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी से बात की तो उन्होंने बताया कि पीड़ित भोलू की तहरीर पर जसवीर,पृथी, नन्हे,हरवंश, शिवकुमार,भागवती, कौशल्या एवं आकाश के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, जल्द विवाहिता की बारामदी की जाएगी।

### भाकियू असली ने एसडीएम को सोपा ज्ञापन

**हसनपुर**। भारतीय किसान यूनियन असली के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंप कर भारत अमेरिका व्यापार समझौता रद्द करने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि अगर समझौता रद्द नहीं किया गया तो किसान आंदोलन करने को मजबूर होगा।बुधवार को गांव करनपुर माफी स्थित तहसील कार्यालय पर बुधवार की दोपहर भारतीय किसान यूनियन असली के जिला उपाध्यक्ष रणवीर सिंह के नेतृत्व में किसान एकत्र हुए और एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर 13 जुलाई को भारत अमेरिका व्यापार समझौता रद्द करने एवं किसानों की जमीन का सर्किल रेट बढ़ाने की मांग को लेकर मंडी समिति से तहसील कार्यालय तक किसानों द्वारा बाइक रैली निकाल कर विरोध दर्ज कराया जाएगा।इसी के साथ राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक ज्ञापन भी सोपा जाएगा। किसानों द्वारा देश के व्यापारियों एवं किसानों के हित में अमेरिका व्यापार समझौता रद्द करने की मांग की। इस मौके पर समर सिंह, परम सिंह, सुखवा, कमल सिंह , अलीमुद्दीन सैफी,मेवाराम, नरेश,ओमप्रकाश,शराफत अली, मोहम्मद उमर आदि मौजूद रहे।

### बेटी को बुलाने आए पिता को उसके दो जेठों ने मारपीट कर किया घायल



**हसनपुर**। नगर के एक मोहल्ले में अपनी बेटी के फोन पर उसे बुलाने आए पिता को उसकी बेटी के दो जेठे ने मिलकर मारपीट कर उसे घायल कर दिया घायल कोतवाली पहुंचा और दोनों आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर लेकर घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया। रहरा थाना क्षेत्र के गांव खुर्तिया निवासी नरेश चंद्र पुत्र हरचंद ने अपनी पुत्री अंशु की शादी नगर के मोहल्ला खेवान निवासी रविंद्र के साथ की थी। सोमवार को अंशु ने अपने पिता को फोन करके मारपीट करने एवं घर से निकालने की बात बताई थी। लेकिन पिता दिल्ली में होने के कारण वह बुधवार को अपनी पुत्री के घर नगर स्थित पहुंचा जहां उसने अपने दामाद के परिजनों से वार्ता की वार्ता के दौरान उसके दामाद के बड़े भाइयों ने नरेश चंद के साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान नरेश के सिर पर धारदार हथियार से बार कर उसे घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए, पिता को बचाने आई अंशु के भी चोट आई है। दोनों पिता पुत्री कोतवाली पहुंचे और दोनों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की पुलिस ने तहरीर लेकर दोनों पिता पुत्री को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया। जहां उनका उपचार किया गया।प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी द्वारा बताया कि मारपीट की तहरीर प्राप्त हुई है। घायलों को सीएचसी भेज दिया गया है। जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

### अरविंद कुमार बने भीम आर्मी भारत एकता मिशन के तहसील संयोजक



**हसनपुर**। भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिला संयोजक के द्वारा तहसील क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से तहसील क्षेत्र के गांव ढकिया खादर निवासी अरविंद कुमार सिंह को संगठन का तहसील संयोजक मनोनीत किया गया और उन्हें तहसील क्षेत्र में संगठन की कार्यकारिणी घोषित कर संगठन के उपदेशों को जनता तक पहुंचाने के निर्देश दिए। वही अरविंद कुमार सिंह के तहसील संयोजक बनने से उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी और समर्थकों द्वारा फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। वही नवनियुक्त तहसील संयोजक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि पार्टी नेतृत्व ने जो उन पर विश्वास जताया है वह उस पर खरा उतरेंगे और संगठन को तहसील में मजबूती के साथ खड़ा करेंगे।

### अनदेखीः नो एंट्री में भारी वाहनों की एंट्री से नगर वासी परेशान, प्रशासन अनजान

**हसनपुर**। नगर की पुरानी जामा मस्जिद के निकट जाम लगने से जहां व्यापारियों एवं नगर वासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा वहीं जाम की मुख्य वजह को अनदेखी कर प्रशासन मौन धारण करे हुए हैं।जिससे नगर वासियों में भारी रोष व्याप्त हो रहा है।नगर में जाम की समस्या धीरे-धीरे करके एक विकराल रूप धारण कर चुकी है, नगर का कोई भी मुख्य स्थान ऐसा नहीं है जहां दिन में एक बार जाम की समस्या सामने ना आती हो। शासन के निर्देश पर नगर में नो एंट्री के समय भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित है और नगर के प्रत्येक प्रवेश मार्ग पर पुलिस पिकेट भी तैनात रहती है। उसके बाद भी शासन के नियमों की अनदेखी करते हुए भारी वाहन नगर में प्रवेश कर जाते हैं। जिसके कारण बुधवार को नगर की पुरानी जामा मस्जिद पर भीषण जाम लग गया जाम के कारण मार्ग के दोनों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी लाइनें लग गई जिससे पूरी तरह से यातायात प्रभावित हो गया। वहीं पूर्व में व्यापारी संगठनों के द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों से जाम की समस्या से निजात दिलाने की मांग की जा चुकी है लेकिन प्रशासन द्वारा कोई भी सुनवाई नहीं की जाती।


नगर में लगा जाम।

### किसान संघ ने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**हसनपुर**। गंगेश्वरी ब्लॉक सभागार में बुधवार को भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा के बाद जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा गया।ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि गांव रहरई, चकफेरी, पौरारा मु0 व गंगेश्वरी आदि गांवों की नालियों से कीचड़ सफाई कराने, निराश्रित गोवंशों को पकड़वाकर गोशाला भिजवाने तथा धान की रोपाई व सिंचाई के लिए बिना कटौती पर्याप्त बिजली देने की मांग की गई। बैठक में जिला प्रचार प्रमुख अखिलेश शर्मा ने सदस्यता व संपर्क अभियान चलाकर जुलाई के अंत में एक बड़ी रैली निकालने का सुझाव दिया।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष डॉ. शिवचरन सैनी, जिला जैविक प्रमुख हरिप्रकाश राणा, ब्लॉक अध्यक्ष दिव्यांशु यादव, प्रहलाद सैनी, बोवी कुमार व होमपाल सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ



**मुरादाबाद**। उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ बुधवार को वाराणसी से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुरादाबाद के पंचायत भवन सभागार में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा योजना के प्रतीकात्मक कार्ड और विद्यार्थियों को डीबीटी योजना के अंतर्गत प्रतीकात्मक चेक वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र चौधरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर मुरादाबाद में कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इस पहल को शिक्षकों के हित में ऐतिहासिक निर्णय बताते हुए कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं और उनके स्वास्थ्य एवं सम्मान की रक्षा करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना लागू होने के बाद अब शिक्षकों और उनके परिवारों को इलाज के लिए आर्थिक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। सरकार उनके उपचार की व्यवस्था को और अधिक सुलभ एवं पारदर्शी बना रही है। साथ ही डीबीटी प्रणाली के माध्यम से यूनिफॉर्म, स्टेशनरी सहित अन्य लाभ सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजे जाने की व्यवस्था सरकार की पारदर्शी कार्यशैली को दर्शाती है। कैबिनेट मंत्री ने शिक्षकों से बच्चों के बेहतर भविष्य और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका पूरी निष्ठा से निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार हर परिस्थिति में शिक्षकों के साथ खड़ी है।

## चार छात्राओं के साथ की छेड़छाड़

**गजरौला**। मेडिकल कॉलेज से पढ़ाई करके लौट रहीं चार छात्राओं के साथ तीन युवकों ने अश्लील इशारे और गलत कमेंट्स पास किए। एक छात्रा के पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीन आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। बता दें कि बीते दिन हाइवे स्थित एक मेडिकल कॉलेज में अध्ययनरत चार छात्रा पढ़ाई करके अपने घर वापस आ रहीं थीं। वे चौपला से उतरकर पैदल पैदल रेलवे लाइन के समीप ग्राउंड से होकर गुजर रहीं थीं। इसी बीच एक बाइक पर सवार तीन युवक वहां पर आए और छात्राओं की तरफ देखकर गलत कमेंट्स पास करने लगे, साथ ही उनकी तरफ



अश्लील इशारे करने लगे। जब छात्राओं ने शोर मचाया तो आरोपी वहां से भाग गए। छात्राओं ने अपने अभिभावकों को घटना के बारे में जानकारी दी। इसके बाद एक छात्रा के पिता ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तीन आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए आसपास लगे सीसीटीवी आदि चेक करने शुरू कर दिए हैं, ताकि घटना में शामिल आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

## वृद्ध ने फंदे से लटककर दी जान

**मसवासी**। स्वार थाना क्षेत्र के गांव खोदकला में बुधवार सुबह एक 65 वर्षीय वृद्ध का शव शहतूत के पेड़ से लटका मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना शव को पेड़ से उतारकर अंतिम संस्कार कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। गांव खोदकला निवासी धर्मपाल सिंह (65) बुधवार सुबह गांव के समीप जंगल में शहतूत के पेड़ पर फंदे से लटके मिले। शव देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंचे और रोते-बिलखते शव को नीचे उतारकर घर ले गए।बताया जा रहा है कि धर्मपाल सिंह ई-रिक्शा चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। ग्रामीणों के अनुसार उनका पुत्र से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। आशंका जताई जा रही है कि इसी से आहत होकर उन्होंने आत्मघाती कदम उठाया।परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि उन्हें घटना की कोई सूचना नहीं मिली है।

## बरसात से गर्मी से मिली निजात, कई स्थानों पर जल भराव से परेशानी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर**। नगर एवं क्षेत्र में बारिश होने से गर्मी से निजात मिली है,हालांकि बारिश के चलते नगर के कई क्षेत्रों में जलभराव और यातायात प्रभावित होने से लोगों को परेशानियां भी झेलनी पड़ी।

मंगलवार की देर रात्रि से मौसम ने अचानक करवट ली और नगर में झमाझम बारिश शुरू हो गई और बुधवार की सुबह तक बारिश होती रही। पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी और उमस झेल रहे लोगों को बारिश से बड़ी राहत मिली। देर शाम से ही आसमान पर काले बादल छाए रहे और रात को तेज बारिश का दौर शुरू हो गया। हालांकि बारिश के चलते नगर के कई क्षेत्रों में जलभराव और यातायात प्रभावित होने से लोगों को परेशानियां भी झेलनी पड़ी।बारिश के दौरान रहरा अड्डा, बाईपास मार्ग, मोहल्ला कायस्थान, पुरानी सब्जी मंडी, शिवाला मार्ग समेत कई क्षेत्रों की सड़कों पर पानी भर गया। रहरा बस स्टैंड के आसपास लोग बारिश से बचने के लिए इधर-उधर शरण लेते दिखाई दिए, जिससे कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा और जाम की स्थिति बन गई। वहीं

नगरवासियों का कहना है कि नगर पालिका प्रशासन द्वारा अगर समय से नगर के नालों की सफाई करा दी जाती तो बारिश में यह जलभराव की समस्या उत्पन्न नहीं होती।


नगर के रहरा मार्ग पर जल भराव। -जागरण मोर्चा

## कुपोषण मुक्त समाज बनाने पर जोर

- मुरादाबाद में 'संभव अभियान-6.0' का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मुरादाबाद**। जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने जनपद के सभी संबंधित अधिकारियों को शासन के निर्देशानुसार जुलाई से सितंबर 2026 तक चलने वाले 'संभव अभियान-6.0' का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य गर्भावस्था से लेकर बाल्यावस्था तक पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए मातृ एवं शिशु कुपोषण को कम करना और स्वस्थ समाज का निर्माण करना है।

जिलाधिकारी ने बताया कि अभियान का संचालन बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा पंचायती राज विभाग के समन्वय से किया जाएगा। अभियान के तहत गर्भवती एवं धात्री महिलाओं, नवजात शिशुओं और छह माह से पांच वर्ष तक के बच्चों के पोषण स्तर में सुधार के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक गर्भवती महिला की समय पर प्रसव पूर्व जांच (ANC), सुरक्षित प्रसव, प्रसवोत्तर देखभाल तथा शिशु के जीवन के पहले एक हजार दिनों में गुणवत्तापूर्ण पोषण सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही छह माह तक केवल स्तनपान और समय पर पूरक आहार शुरू कराने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाए।

डॉ. पैंसिया ने कहा कि गंभीर कुपोषित (SAM) और मध्यम कुपोषित (MAM) बच्चों की समय पर पहचान, उपचार एवं नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों का नियमित वजन और लंबाई मापन, पोषण ट्रैकर पर शत-प्रतिशत डाटा फीडिंग तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित सभी पोषण योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समय पर पहुंचाया जाए। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि फील्ड स्तर पर नियमित अनुश्रवण करते हुए अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप दिया जाए, ताकि कोई भी पात्र गर्भवती महिला, धात्री माता अथवा बच्चा पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे।

**आक्रोश** पुन: परीक्षा और फीस वापसी की मांग को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

## एलएलबी छात्रों के हित में निषाद पार्टी का प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद**। गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय से संबद्ध लॉ कॉलेजों के एलएलबी प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम पर सवाल उठाते हुए निषाद पार्टी ने छात्रों के हित में आवाज बुलंद की है। पार्टी के प्रदेश सचिव डॉ. रामेश्वर दयाल तुरैहा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर एलएलबी प्रथम सेमेस्टर की पुनः परीक्षा कराने तथा द्वितीय सेमेस्टर की जमा कराई गई फीस वापस दिलाने की मांग की।

ज्ञापन में प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय से संबद्ध 26 लॉ कॉलेजों के कुल 2,989 विद्यार्थियों ने एलएलबी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा दी थी, लेकिन उनमें से केवल 85 छात्र ही सफल घोषित किए गए। इसी प्रकार बीए-एलएलबी पाठ्यक्रम में 907 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से केवल 44 छात्र ही उत्तीर्ण हुए। इतना ही नहीं, छह कॉलेज ऐसे भी बताए गए हैं, जहां एक भी छात्र परीक्षा में सफल नहीं हो सका। प्रतिनिधिमंडल ने दावा किया कि कुल परीक्षा परिणाम लगभग 2.5 प्रतिशत रहा, जिससे छात्रों और अभिभावकों में भारी नाराजगी है।


प्रदर्शन करते एलएलबी के छात्र। -जागरण मोर्चा

निषाद पार्टी के नेताओं का आरोप है कि संबंधित कॉलेजों ने छात्रों से कॉलेज फीस, प्रैक्टिकल फीस और परीक्षा शुल्क के नाम पर हजारों रुपये वसूले। इसके बावजूद परीक्षा परिणाम घोषित होने से पहले ही छात्रों से द्वितीय सेमेस्टर की फीस भी जमा करा ली गई। उनका कहना है कि इतने खराब परीक्षा परिणाम के बाद छात्रों के भविष्य पर संकट खड़ा हो गया है।

प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से मांग की कि छात्रों के भविष्य को देखते हुए एलएलबी प्रथम सेमेस्टर की पुनः परीक्षा कराई जाए। यदि ऐसा संभव नहीं है तो प्रथम और द्वितीय सेमेस्टर में छात्रों से वसूली गई फीस वापस कराई जाए, ताकि आर्थिक रूप से परेशान छात्रों को राहत मिल सके।

डॉ. रामेश्वर दयाल तुरैहा ने कहा कि यदि छात्रों की मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो निषाद पार्टी छात्रों के साथ मिलकर व्यापक जन आंदोलन शुरू करेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विश्वविद्यालय और प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष महिपाल कश्यप, क्षेत्रीय अध्यक्ष राजीव कश्यप, राजेश कश्यप, वीर बहादुर कश्यप, ओमकार प्रजापति, अजय सैनी, डॉ. राजकुमार कश्यप, विक्की कश्यप, अर्जुन सैनी और धर्मेंद्र कश्यप सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खेत पर जा रहे बुजुर्ग को रॉड से पीटा

**हसनपुर**। कोतवाली क्षेत्र के गाव में खेत पर जा रहे एक बुजुर्ग को अज्ञात हमलावरों ने रॉड से पीटकर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित के बेटे ने बुधवार को कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव लुहारी खादर में मगलवार की सुबह करीब 5 बजे भूपसिंह अपने खेत पर जा रहे थे। तभी तीन से चार अज्ञात बदमाशों ने उन्हें पीछे से दबोच लिया और लाठी-डंडों व लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। होश में आने पर पीड़ित ने परिजनों को आपबीती सुनाई। गंभीर हालत में उन्हें मेरठ ले जाया गया, जहां सीटी स्कैन में सिर की हड्डी टूटने और ब्रेन हेमरेज की पुष्टि हुई है। बुधवार की दोपहर पीड़ित किसान का बेटा अमरीश पिता भूप सिंह को लेकर कोतवाली पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

**एक नजर**

### 10 जुलाई को बदायूं दौरे पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य



**बदायूं।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 10 जुलाई को बदायूं दौरे पर आएंगे। वह सुबह 9 :30 बजे लखनऊ से रवाना होकर दोपहर 1:25 बजे बिल्सी पहुंचेंगे। बिल्सी में वह रोडवेज बस स्टैंड का उद्घाटन कर जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद विधायक हरीश शाक्य के कैंप कार्यालय का लोकार्पण करेंगे। दोपहर बाद बदायूं में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर निर्माणाधीन परियोजनाओं का निरीक्षण करेंगे। वहीं, शाम 4 :50 बजे समरेर में ऑडिटोरियम का उद्घाटन कर जनसभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के बाद शाम 5 :45 बजे वह लखनऊ के लिए रवाना हो जाएंगे।

# लगातार भारी बारिश से जलभराव

## तापमान में 5 डिग्री की गिरावट , उमस से मिली राहत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** बुधवार की रात व गुरुवार दोपहर एक बजे से लगातार हो रही बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। दोपहर करीब एक बजे शुरू हुई तेज बारिश के बाद शहर के प्रमुख मार्गों, बाजारों और रिहायशी इलाकों में पानी भर गया।

बारिश के कारण शहर की जल निकासी व्यवस्था की खामियां एक बार फिर उजागर हो गईं। कई मोहल्लों में नालियां उफान पर आ गईं और सड़कें तालाब में तब्दील हो गईं। सड़कों पर पानी भरने से यातायात प्रभावित हुआ, जिससे लोगों को आवागमन में खासी परेशानी उठानी पड़ी। बारिश के चलते मौसम में भी बदलाव आया। अधिकतम तापमान में लगभग 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई, जिससे पारा 28 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। लगातार बारिश और ठंडी हवाओं ने लोगों को उमस भरी गर्मी से बड़ी राहत दी। हालांकि जलभराव वाले क्षेत्रों में सुरक्षा कारणों से बिजली आपूर्ति भी रोक दी गई, जिसके चलते कई मोहल्लों में अंधेरा छा गया।

देर शाम तक बारिश जारी रहने से निचले इलाकों में पानी भरने की आशंका बनी हुई है। नगर पालिका प्रशासन से लोगों ने मांग की है कि बारिश से पहले नालों की सफाई और जल निकासी की समुचित व्यवस्था की जाए, ताकि आम लोगों को परेशानी न हो।



शहर में भरा पानी। -जागरण मोर्चा



बारिश से शहर में भरा पानी। -जागरण मोर्चा

**लावेला चौक पर सड़क बनी तालाब**

लावेला चौक से मुख्य बाजार को जाने वाली सड़क तालाब में तब्दील हो गई। यहां आने जाने वाले वाहन चालक इस पानी में गिरकर चोटिल हो गए।

# 12 को वृहद वृक्षारोपण अभियान 10 तक पौध उठान के निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** प्रदेश में 12 जुलाई को आयोजित होने वाले वृहद वृक्षारोपण महाअभियान-2026 की तैयारियों को लेकर विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी बदायूँ की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी कार्यदायी विभागों को निर्देश दिए कि वे वन विभाग से इन्डेंट प्राप्त कर 10 जुलाई तक लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत पौध उठान सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित तिथि 12 जुलाई को प्रातः 6 बजे से सायं 6 बजे तक व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण किया जाएगा। सभी विभाग समयबद्ध तरीके से पौधारोपण कार्य पूर्ण करें। उन्होंने निर्देश दिए कि इस अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के माध्यम से किया जाए, ताकि अधिक से अधिक जन सहभागिता सुनिश्चित हो सके। इस वर्ष वृक्षारोपण कार्यक्रम "एक पेड़, मां के नाम" थीम पर आयोजित किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि पौधारोपण के साथ-साथ 'हरितिमा ऐप' पर जियो टैगिंग कर 'मेरी लाइफ (Meri Life)' पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य होगा, जिससे किए गए कार्यों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग सुनिश्चित हो सके। उन्होंने अपील की कि इस अभियान को जन आंदोलन बनाते हुए उत्सव के रूप में मनाया जाए। बैठक में जिला पर्यावरण समिति के अंतर्गत बायोमेडिकल वेस्ट के समुचित निस्तारण के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# बिजली थाने के दरोगा को 6000 रिश्वत लेते रंगे हाथों दबोचा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** शहर के आवास विकास स्थित बिजली थाने में तैनात उपनिरीक्षक कृष्ण पाल सिंह को दर्ज मुकदमे जेल न भेजने के नाम पर छह हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए बरेली की एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में खलबली मच गई।

अलापुर थाना क्षेत्र के गांव नेथू के रहने वाले युवक ने एंटी करप्शन संगठन से शिकायत की थी कि उनके घर पर बिजली टीम ने छापमारी की थी। उसके खिलाफ बिजली थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। उपनिरीक्षक कृष्ण पाल सिंह लगातार उनको जेल भेजने की धमकी दे रहे थे। परेशान होकर वह उनसे मिलने थाने आया तो एसआई ने छह हजार रुपये की मांग की। लगातार वह रिश्वत मांग रहे थे। इसके बाद बरेली की एंटी करप्शन टीम ने अपना जाल बिछाया। टीम के बिछाए गए जाल की उपनिरीक्षक को भनक नहीं लगी। पूर्व निर्धारित योजना के तहत बुधवार को शिकायतकर्ता ने उपनिरीक्षक को रिश्वत की रकम सौंपी। जैसे ही रुपये उनकी जेब में पहुंचे, पहले से मौजूद एंटी करप्शन टीम ने उन्हें दबोच लिया। तलाशी के दौरान रिश्वत की पूरी रकम भी बरामद कर ली गई। टीम उनकी गिरफ्तारी के बाद आरोपी उपनिरीक्षक को सिविल लाइन्स थाने ले गई। मामले में एंटी करप्शन प्रभारी निरीक्षक रामलाल पांडेय ने दरोगा के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि आरोपी को गुरुवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा।



आरोपी दरोगा कृष्ण पाल सिंह।

**करप्शन टीम की कार्रवाई**

## कैशलेस व डीबीटी योजना शुरू

**बिसौली।** तहसील सभागार में शनिवार को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना एवं डीबीटी वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण हुआ। क्षेत्रीय विधायक आशुतोष मौर्या 'राजू भैया' ने लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देकर योजना की शुरुआत की। इस योजना से बिसौली विधानसभा के सभी ब्लॉकों के शिक्षकों, उनके आश्रितों, शिक्षामित्रों और रसोइयों को कैशलेस इलाज की सुविधा मिलेगी।विधायक ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता हैं और उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। विशिष्ट अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख अमित पाठक ने सरकार की कल्याणकारी नीतियों की सराहना की। खंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान हरिओम पाराशरी, राहुल सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।





# शिक्षकों-विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री की बड़ी सौगात

## बदायूं में लाइव प्रसारण, योजनाओं की सराहना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के शिक्षकों और विद्यार्थियों को बड़ी राहत दी। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण बदायूं के अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व छात्र-छात्राओं ने देखा। मुख्यमंत्री ने 12 लाख शिक्षकों व उनके परिवारों को कैशलेस चिकित्सा योजना से जोड़ा, जबकि 1.10 करोड़ विद्यार्थियों को डीबीटी के माध्यम से यूनिफॉर्म, जूते-मोजे, बैग व स्टेशनरी के लिए 1200 रुपये प्रदान किए गए।

सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता ने कहा कि मिशन कायाकल्प से परिषदीय विद्यालयों की तस्वीर बदल रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सरकार की प्राथमिकता बताया। जिलाधिकारी अवनीश राय ने सभी बच्चों को विद्यालय से जोड़ने पर जोर दिया। जनपद में लगभग 2200 शिक्षक योजना से लाभान्वित हुए, जबकि 2.22 लाख से अधिक विद्यार्थियों को सहायता राशि मिली। कार्यक्रम में लाभार्थियों को प्रतीकात्मक कार्ड व छात्रों को बैग वितरित किए गए।

# मासूम से दुष्कर्म, पुलिस ने दर्ज की सिर्फ छेड़खानी की रिपोर्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** वजीरगंज थाने में दर्ज छेड़खानी की रिपोर्ट में एक नया मोड़ सामने आया है पिता ने आरोप लगाया है कि बेटी के साथ दुष्कर्म हुआ लेकिन पुलिस मानने को तैयार नहीं है। पीड़ित पिता ने पुलिस पर धमकाने का भी आरोप लगाया है, जबकि पुलिस का कहना है कि जो भी रिपोर्ट आएगी उसके आधार पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

वजीरगंज थाना क्षेत्र के एक कस्बा निवासी किसान की एक दस साल की मासूम बच्ची के साथ 20 वर्षीय युवक ने एक बंद पड़े प्लाट में ले जाकर मंगलवार को दुष्कर्म किया। जानकारी होने पर कस्बे में तनाव फैल गया देखते ही देखते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और छेड़खानी की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली। बुधवार को पुलिस ने बच्ची को मेडिकल कराने के लिए जिला महिला अस्पताल भेजा। पीड़ित पिता का आरोप है कि वहां मौजूद मेडिको लीगल करने वाले डॉक्टर व कर्मचारियों ने साफ तौर पर उससे कहा की बेटी के साथ दरिंदगी हुई है। मेडिकल कराने साथ गई महिला कांस्टेबल ने भी कहा कि हां बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ है, लेकिन अभी डॉक्टरी रिपोर्ट का पुलिस इंतजार कर रही है। क्योंकि अभी तक रिपोर्ट पुलिस को हासिल नहीं हुई है। इंस्पेक्टर अश्वनी कुमार का कहना है की रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। अगर दुष्कर्म की पुष्टि होती है तो आरोपी के खिलाफ दर्ज मामले में दुष्कर्म की धारा की बढ़ोतरी कर दी जाएगी। आरोपी को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया जाएगा।

# धीमी प्रगति पर सीडीओ की नाराजगी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) वित्त पोषण योजना की समीक्षा बैठक बुधवार को विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न बैंकों के अधिकारी एवं उद्योग विभाग के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में उपायुक्त उद्योग सचिन जैन ने योजनाओं की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत जनपद को 1600 का लक्ष्य मिला है। इसके सापेक्ष 1130 आवेदन बैंकों को भेजे गए, लेकिन अब तक केवल 235 आवेदन स्वीकृत और 234 का ही वितरण हो सका है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में 153 लक्ष्य के सापेक्ष 107 आवेदन भेजे गए, जिनमें से मात्र 25 स्वीकृत और 19 का वितरण हुआ है। वहीं ओडीओपी योजना में 28 लक्ष्य के मुकाबले 83 आवेदन भेजे गए, लेकिन केवल 2 आवेदन ही स्वीकृत और वितरित किए गए हैं, जो बेहद निराशाजनक प्रगति दर्शाता है। कम प्रगति पर नाराजगी जताते हुए सीडीओ ने बैंक अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि अगले सप्ताह तक अधिक से अधिक आवेदन स्वीकृत कर वितरण सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना उचित कारण कोई भी आवेदन निरस्त न किया जाए, अन्यथा संबंधित शाखा प्रबंधक की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वीकृति और वितरण के बीच किसी प्रकार का अंतर न रखा जाए और सभी आंकड़े समय से पोर्टल पर अपडेट किए जाएं। उपायुक्त उद्योग ने भी शाखा प्रबंधकों से अनुरोध किया कि अधिक से अधिक आवेदन प्रायोजित कर लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करें। बैठक में यह भी बताया गया कि योजनाओं की समीक्षा मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर हर माह होती है और प्रगति के आधार पर जनपद की रैंकिंग तय होती है। यदि माह के अंत तक निर्धारित लक्ष्य पूरे नहीं हुए तो जनपद की रैंकिंग प्रभावित हो सकती है। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि प्रगति में सुधार नहीं हुआ तो साप्ताहिक समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएंगी।

**▶ बैंक शाखाओं को सख्त निर्देश, लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करें**

## गैंगस्टर एक्टः दो दोषियों को दो-दो साल की सजा

**बदायूं।** अपराधियों के खिलाफ जारी "ऑपरेशन कन्विक्शन" के तहत पुलिस की मजबूत पैरवी के चलते अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है।

गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में एडीजे-06/गैंगस्टर कोर्ट ने बुधवार को दो अभियुक्तों को दोषी पाते हुए दो-दो वर्ष के सश्रम कारावास और 5-5 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। मामला जरीफनगर थाने से जुड़ा है, जिसमें जनपद अलीगढ़ निवासी अरबाज और अमरोहा निवासी जुनैद खां के खिलाफ गिरोहबंदी की कार्रवाई हुई थी। उपनिरीक्षक हरवीर सिंह ने समय से आरोप पत्र दाखिल किया, जिसके बाद अभियोजन विभाग और पुलिस की सटीक पैरवी से दोनों को सजा मिली।

# करोड़ो की जीएसटी चोरी तीन विभाग जांच में जुटे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** सपा नेता एवं कारोबारी रचित गुप्ता के ठिकानों पर केंद्रीय जीएसटी की कार्रवाई के बाद जिले में वर्षों से चल रहे अवैध कारोबार और उस पर विभागीय निगरानी को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। अब डीएम की ओर से तीन सदस्यीय टीम बनाई गई है, जो इस मामले की जांच कर अपनी रिपोर्ट डीएम को देगी। तीन सदस्यीय टीम में जीएसटी, राजस्व विभाग की ओर से एडीएम और खाद्य सुरक्षा विभाग अधिकार इस मामले की संयुक्त जांच करेंगे और अपनी रिपोर्ट डीएम को देंगे।

तीन सदस्यीय टीम बनाई गई है, जो रचित गुप्ता के मामले में जांच कर रही है। टीम की रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
– अवनीश राय, डीएम

**छोटे दुकानदारों पर सख्ती, बड़े कारोबार पर सवाल**

जिले में छोटे दुकानदारों के यहां विभिन्न विभागों की टीमें नियमित रूप से जांच करती हैं और छोटी-छोटी कमियों पर भी नोटिस व कार्रवाई होती है, लेकिन इतने बढ़े कारोबार लंबे समय तक बिना किसी बड़ी जांच के चलते रहते हैं। ऐसे में कार्रवाई के बाद अब यह सवाल जोर पकड़ रहा है कि निगरानी का पैमाना सभी के लिए समान क्यों नहीं रहा।

**अब विभागीय जिम्मेदारी भी जांच के घेरे में**

कार्रवाई के बाद अब निगाहें इस बात पर भी हैं कि संबंधित विभाग अपने स्तर पर क्या कदम उठाते हैं। यदि जांच में किसी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही व नियमों के पालन में चूक सामने आती है तो उनके विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई की मांग उठने लगी है।

# एक सप्ताह में निपटें पीएम सूर्यघर योजना की लंबित फाइलेंः सीडीओ

**बदायूं।** पीएम सूर्यघर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न बैंकों में लंबित ऋण प्रकरणों की स्थिति पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए। परियोजना अधिकारी नेडा प्रणव कुमार पाठक ने जानकारी दी कि जिले में कुल 932 ऋण पत्रावलियां विभिन्न बैंकों में लंबित हैं। सबसे अधिक 339 प्रकरण पंजाब नेशनल बैंक में, 236 स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में और 220 बैंक ऑफ बड़ौदा में लंबित हैं। इसके अलावा अन्य बैंकों में भी कई फाइलें लंबित पाई गईं। मुख्य विकास अधिकारी ने बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लंबित प्रकरणों का निस्तारण एक सप्ताह के भीतर अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ समय पर पहुंचाना प्राथमिकता है। बैठक में वेंडर्स ने विद्युत विभाग से संबंधित समस्याओं को भी उठाया। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को तीन दिन के भीतर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।




# सचिव-सीओ विवाद : बिसौली में दो घंटे हाईवोल्टेज ड्रामा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** बुधवार को ग्राम पंचायत सचिव और क्षेत्राधिकारी (सीओ) के बीच हुआ विवाद कुछ समय के लिए प्रशासनिक हलकों में चर्चा का विषय बन गया। एक पुराने प्रकरण में अभिलेखों संबंधी जानकारी लेने के लिए ग्राम पंचायत सचिव अंकुर पारासरी को सीओ कार्यालय बुलाया गया था। सचिव का आरोप है कि पूछताछ के दौरान उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया, धमकाया गया और मोबाइल छीनने का प्रयास हुआ। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्राम पंचायत सचिव कार्यालय परिसर पहुंच गए और विरोध दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग करने लगे।

दूसरी ओर, सीओ अंशुमन श्रीवास्तव ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उनका कहना है कि सचिव को केवल विवेचना के सिलसिले में आवश्यक जानकारी के लिए बुलाया गया था और पूछताछ पूरी तरह नियमानुसार हुई। उनके अनुसार किसी प्रकार की अभद्रता, धमकी जैसी घटना नहीं हुई। दोनों पक्षों के आमने-सामने आने से कुछ देर तक माहौल तनावपूर्ण रहा और प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थिति सामान्य कराने के लिए लगातार वार्ता की। करीब दो घंटे तक चले घटनाक्रम के बाद धरना समाप्त हो गया और मामला फिलहाल शांत हो गया। हालांकि दोनों पक्ष अपने-अपने दावों पर कायम हैं। ऐसे में पूरे प्रकरण की सच्चाई अब उच्चाधिकारियों की जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

**'स्कूल चलो अभियान'** हर बच्चे को स्कूल से जोड़ने का संकल्प, जनप्रतिनिधियों व डीएम ने किया अभियान का शुभारंभ

# रैली व जागरूकता वाहन को दिखाई हरी झंडी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जनपद में शैक्षिक सत्र 2026-27 के तहत संचालित 'स्कूल चलो अभियान' के द्वितीय चरण की शुरुआत को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर से रैली एवं जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस अवसर पर सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव, एमएलसी प्रतिनिधि शारदेंदू पाठक एवं जिलाधिकारी अवनीश राय मौजूद रहे। सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य जनपद के प्रत्येक बालक और बालिका को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है, ताकि कोई भी बच्चा विद्यालय से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल व्यक्तिगत विकास का माध्यम नहीं, बल्कि सशक्त समाज और विकसित राष्ट्र की आधारशिला भी है। इस दौरान अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों आवश्यक हैं। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अपील की। जिलाधिकारी अवनीश राय ने जनपदवासियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं से 'स्कूल चलो अभियान' को जनआंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी की सहभागिता से ही प्रत्येक बच्चे का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है और एक शिक्षित, सशक्त एवं आत्मनिर्भर समाज का निर्माण संभव है। जिलाधिकारी ने बताया कि जिला प्रशासन इस अभियान को पूरी प्रतिबद्धता के साथ संचालित कर रहा है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों का समय से नामांकन कराने और नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। यह अभियान 15 जुलाई 2026 तक चलेगा।



वाहन को हरी झंडी दिखाते डीएम अवनीश राय व अन्य जनप्रतिनिधि।

# सम्पादकीय

## इंडोनेशिया में मोदी ने कर दिया बड़ा खेल, इंडो पैसिफिक के सारे समीकरण ही बदल कर रख दिये

भारत और इंडोनेशिया के रिश्तों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि बदलती वैश्विक राजनीति में दोनों देश केवल पुराने मित्र नहीं, बल्कि भविष्य के रणनीतिक साझेदार भी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इंडोनेशिया यात्रा ने हिंद महासागर और इंडो पैसिफिक क्षेत्र में भारत की बढ़ती भूमिका को नई मजबूती दी है। जकार्ता में जिस गर्मजोशी और सम्मान के साथ प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत हुआ, उसने साफ संकेत दिया कि भारत अब एशिया की राजनीति, सुरक्षा और विकास की दिशा तय करने वाली प्रमुख शक्ति बन चुका है। देखा जाये तो प्रधानमंत्री की इंडोनेशिया यात्रा लोकतंत्र, समुद्री सुरक्षा, आर्थिक सहयोग और सांस्कृतिक विरासत पर आधारित एक नए क्षेत्रीय गठबंधन की मजबूत नींव भी साबित हुई।

इंडोनेशिया की संसद में प्रधानमंत्री मोदी का संबोधन इस यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण क्षण रहा। उन्होंने भारत और इंडोनेशिया को केवल दो देश नहीं, बल्कि हजारों वर्षों से जुड़े सभ्यतागत साझेदार बताया। रामायण, महाभारत, नालंदा और प्रम्बानन मंदिर का उल्लेख करते हुए मोदी ने साफ कहा कि समुद्र ने दोनों देशों को कभी अलग नहीं किया, बल्कि यही समुद्र दोनों को जोड़ने वाला पुल बना। उनका यह संदेश केवल सांस्कृतिक संदेश नहीं था, बल्कि इंडो पैसिफिक की नई भू-रणनीतिक सोच का संकेत भी था।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में जिस दृढ़ता से कहा कि भारत विस्तारवाद नहीं बल्कि विकासवाद के मार्ग पर चलता है, वह सीधे तौर पर उस वैश्विक शक्ति संतुलन की ओर इशारा था जहां कई ताकतें समुद्री इलाकों पर दबदबा बनाने की कोशिश कर रही हैं। मोदी ने स्पष्ट किया कि भारत और इंडोनेशिया यदि साथ खड़े होते हैं तो लोकतंत्र पर दुनिया का भरोसा और मजबूत होगा। यह बयान इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इंडो पैसिफिक क्षेत्र आज वैश्विक राजनीति का सबसे संवेदनशील केंद्र बन चुका है। इस यात्रा की सबसे बड़ी उपलब्धि दोनों देशों के बीच हुए 20 ऐतिहासिक समझौते रहे। रक्षा, समुद्री सुरक्षा, अंतरिक्ष, दुर्लभ खनिज, दूरसंचार, कृषि, स्वास्थ्य, डिजिटल ढांचा और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में हुए ये समझौते आने वाले वर्षों में भारत और इंडोनेशिया की साझेदारी को नई ऊंचाई देने वाले हैं। सबसे अधिक चर्चा ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली और हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों पर हुए समझौतों की रही। यह हिंद महासागर क्षेत्र में सामरिक संतुलन को मजबूत करने वाला कदम है। कृषिऔर वानिकी देखा जाये तो भारत द्वारा इंडोनेशिया के साथ रक्षा सहयोग बढ़ाना कई मायनों में बेहद महत्वपूर्ण है। मलक्का जलडमरूमध्य के पास स्थित इंडोनेशिया वैश्विक समुद्री व्यापार का अहम केंद्र है। दुनिया के बड़े हिस्से का व्यापार इसी मार्ग से गुजरता है। ऐसे में भारत और इंडोनेशिया के तटरक्षक बलों के बीच समुद्री सुरक्षा सहयोग बढ़ना सीधे तौर पर हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की रणनीतिक उपस्थिति को मजबूत करेगा। यह साझेदारी समुद्री डकैती, अवैध गतिविधियों और किसी भी प्रकार की आक्रामक विस्तारवादी नीति के खिलाफ एक मजबूत सुरक्षा ढांचा तैयार करेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने बयान में महा सागर दृष्टि का उल्लेख करते हुए साफ कहा कि भारत मुक्त, खुला और नियम आधारित इंडो पैसिफिक चाहता है। यह संदेश पूरी दुनिया और खासतौर पर चीन के लिए था कि भारत किसी गुट की राजनीति नहीं बल्कि संतुलित और स्थिर वैश्विक व्यवस्था का समर्थक है। आसियान की केंद्रीय भूमिका पर भारत का जोर यह भी दिखाता है कि नई दिल्ली दक्षिण पूर्व एशिया को केवल व्यापारिक साझेदार नहीं बल्कि रणनीतिक सहयोगी मानती है।

हम आपको बता दें कि मोदी की इस यात्रा में तकनीक और डिजिटल क्षेत्र में हुए समझौते भी बेहद महत्वपूर्ण रहे। भारत के डिजिटल सार्वजनिक ढांचे के आधार पर इंडोनेशिया ओपन नेटवर्क की शुरूआत, भुगतान प्रणाली को जोड़ने की तैयारी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा स्टार्टअप सहयोग पर सहमति इस बात का संकेत है कि भारत अब तकनीकी नेतृत्व की दिशा में भी निर्णायक भूमिका निभा रहा है। भारतीय प्रबंधन संस्थान बेंगलुरु का परिसर इंडोनेशिया में खोलने का फैसला शिक्षा और ज्ञान कूटनीति के क्षेत्र में भारत की बढ़ती ताकत को दर्शार्ता है।

साथ ही प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया कि उन्होंने मोदी सरकार की कई योजनाओं को अपनाया है। उन्होंने हंसी मजाक में कहा कि उन्हें खुशी है कि इन योजनाओं पर किसी का अधिकार नहीं है। लेकिन इस हल्के फुल्के बयान के भीतर भारत के विकास मॉडल की अंतरराष्ट्रीय स्वीकार्यता का बड़ा संदेश छिपा था। इंडोनेशिया द्वारा भारत की कृषि तकनीक, सूखी जमीन को उपजाऊ बनाने के प्रयोग और जनकल्याण योजनाओं का अध्ययन यह दिखाता है कि दुनिया अब भारत को केवल बाजार नहीं बल्कि समाधान देने वाले राष्ट्र के रूप में देख रही है। प्रधानमंत्री मोदी को इंडोनेशिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मान बिंतांग आदिपूर्ण दिया जाना भी इस यात्रा की बड़ी उपलब्धि रहा। यह सम्मान केवल एक व्यक्ति का नहीं बल्कि भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा का प्रतीक है। मोदी ने इसे भारत और इंडोनेशिया की साझा लोकतांत्रिक परंपराओं तथा सभ्यतागत रिश्तों को समर्पित किया। यह सम्मान बताता है कि दुनिया में भारत की साख पहले से कहीं अधिक मजबूत हुई है। साथ ही भारत और इंडोनेशिया के बीच दुर्लभ खनिज, इस्पात आपूर्ति श्रृंखला और दुर्लभ पृथ्वी चुंबकों पर हुए समझौते भविष्य की वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिहाज से भी बेहद अहम हैं। आने वाले समय में प्रौद्योगिकी और रक्षा उत्पादन के लिए दुर्लभ खनिजों की भूमिका निर्णायक होगी। ऐसे में भारत का इंडोनेशिया के साथ इस क्षेत्र में साझेदारी करना दूरगामी रणनीतिक सोच का परिचायक है। देखा जाये तो भारत अब दुनिया को यह संदेश दे रहा है कि वह विकास, लोकतंत्र, सुरक्षा और सांस्कृतिक शक्ति का ऐसा संगम है जो वैश्विक व्यवस्था को नई दिशा दे सकता है। बहरहाल, मोदी सरकार की विदेश नीति की सबसे बड़ी सफलता यही है कि उसने भारत को रक्षात्मक सोच से निकालकर निर्णायक वैश्विक नेतृत्व की भूमिका में पहुंचा दिया है। कभी केवल दक्षिण एशिया तक सीमित माना जाने वाला भारत आज इंडो पैसिफिक की धुरी बन चुका है। दुनिया के बड़े राष्ट्र भारत के साथ साझेदारी को अपनी रणनीतिक आवश्यकता मान रहे हैं। इंडोनेशिया यात्रा ने एक बार फिर साबित कर दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विदेश नीति आत्मविश्वास, सांस्कृतिक गौरव, सामरिक दूरदृष्टि और वैश्विक प्रभाव का नया अध्याय लिख रही है।

# नक्सलवाद से विकास की निर्णायक यात्रा



प्रतिभा झा

(लेखिका दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में शोधार्थी हैं।)

*भारत आज जिस दिशा में आगे बढ़ रहा है, उसमें राष्ट्रीय सुरक्षा और विकास एक-दूसरे के पूरक बन चुके हैं। जहाँ सड़क पहुँचती है, वहाँ शिक्षा और स्वास्थ्य पहुँचते हैं; जहाँ शिक्षा और अवसर बढ़ते हैं, वहाँ हिंसा का प्रभाव स्वतः कम होने लगता है। यही वह प्रक्रिया है जो किसी भी उग्रवादी विचारधारा को दीर्घकाल में कमजोर करती है।*

भारत की लोकतांत्रिक यात्रा अनेक चुनौतियों से होकर गुजरी है, किंतु नक्सलवाद उन चुनौतियों में रहा जिसने केवल कानून-व्यवस्था ही नहीं, बल्कि विकास, सामाजिक समरसता और लोकतांत्रिक संस्थाओं को भी गहराई से प्रभावित किया। पाँच दशकों तक चली इस हिंसा ने हजारों निर्दोष नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और सुरक्षा बलों के जवानों की जान ली तथा आदिवासी क्षेत्रों को भय और असुरक्षा के वातावरण में जीने के लिए विवश किया। एक समय इसे भारत की सबसे बड़ी आंतरिक सुरक्षा चुनौती कहा जाता था, किंतु आज परिस्थितियाँ बदल रही हैं। प्रभावी सुरक्षा अभियानों, प्रशासनिक पहुँच और विकास-केंद्रित नीतियों ने यह संकेत दिया है कि भारत इस चुनौती पर निर्णायक बढ़त बना चुका है।

नक्सलवाद की शुरुआत सामाजिक और आर्थिक असंतोष की पृष्ठभूमि में हुई थी। भूमिहीनता, पिछड़ापन और प्रशासनिक उपेक्षा ने कुछ क्षेत्रों में असंतोष को जन्म दिया, किंतु समय के साथ यह आंदोलन अपने घोषित उद्देश्यों से भटककर हिंसा, उगाही और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हमलों का पर्याय बन गया। स्कूलों, सड़कों और सार्वजनिक संपत्तियों को निशाना बनाना तथा निर्दोष नागरिकों की हत्या किसी भी वैचारिक संघर्ष को वैधता नहीं दे सकती। लोकतंत्र में असहमति के लिए पर्याप्त स्थान है, पर हिंसा कभी समाधान नहीं हो सकती।

पिछले कुछ वर्षों में केंद्र और राज्य सरकारों ने इस समस्या को केवल सुरक्षा के दृष्टिकोण से नहीं देखा। यह समझ विकसित हुई कि स्थायी समाधान के लिए सुरक्षा के साथ विकास और सुशासन की निरंतर उपस्थिति भी आवश्यक है। इसी सोच के अनुरूप सुरक्षा अभियानों को आधुनिक तकनीक, बेहतर खुफिया तंत्र और राज्यों के बीच समन्वय से मजबूत किया गया। साथ ही सड़क, बिजली, मोबाइल नेटवर्क, शिक्षा, स्वास्थ्य और बैंकिंग जैसी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार उन क्षेत्रों तक किया गया जहाँ कभी प्रशासन की उपस्थिति भी चुनौती मानी जाती थी।

इस समन्वित रणनीति का प्रभाव स्पष्ट दिखाई देता है। जिन इलाकों में कभी सरकारी कर्मचारी जाने से हिचकिचाते थे, वहाँ आज सड़कें बन रही हैं, विद्यालय खुल रहे हैं और स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँच रही हैं। डिजिटल सेवाओं तथा प्रत्यक्ष लाभ अंतरण ने सरकारी योजनाओं की पारदर्शिता बढ़ाई है और लोगों का विश्वास मजबूत किया है। जब नागरिकों को यह महसूस होता है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है, तब हिंसक विचारधाराओं का आकर्षण स्वतः कम होने लगता है।



नक्सलवाद के विरुद्ध संघर्ष में सुरक्षा बलों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। कठिन परिस्थितियों में चलाए गए अभियानों, आधुनिक उपकरणों और सटीक खुफिया जानकारी के कारण नक्सली संगठनों की परिचालन क्षमता लगातार कमजोर हुई है। अनेक शीर्ष कमांडर मारे गए, गिरफ्तार हुए अथवा आत्मसमर्पण करने को विवश हुए। यह सफलता केवल सैन्य कार्रवाई का परिणाम नहीं, बल्कि दीर्घकालिक रणनीति और निरंतर प्रयासों का प्रतिफल है।

हालाँकि केवल सुरक्षा अभियानों से स्थायी समाधान संभव नहीं होता। किसी भी उग्रवादी आंदोलन की वास्तविक शक्ति उसके सामाजिक आधार में निहित होती है। इसलिए आदिवासी और वनवासी क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और आजीविका के अवसर बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया। ग्रामीण सड़कें, आवास योजनाएँ, स्वयं सहायता समूह और रोजगारोन्मुख कार्यक्रम स्थानीय समाज को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। इसी के साथ आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति ने भी सकारात्मक परिणाम दिए हैं। अनेक युवाओं ने हिंसा का मार्ग छोड़कर सामान्य जीवन अपनाया है, जिससे नक्सली संगठनों के लिए नए कैडर तैयार करना कठिन हुआ है।

फिर भी यह मान लेना उचित नहीं होगा कि चुनौती पूरी तरह समाप्त हो चुकी है। कुछ दुर्गम क्षेत्रों में नक्सली गतिविधियाँ अभी भी मौजूद हैं और डिजिटल माध्यमों के जरिए युवाओं को प्रभावित करने के प्रयास भविष्य की चुनौती बन सकते हैं। इसलिए सुरक्षा तंत्र को और अधिक तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के साथ-साथ शिक्षा, जागरूकता और सकारात्मक सामाजिक संवाद को भी निरंतर मजबूत करना होगा।

यह भी आवश्यक है कि विकास केवल आँकड़ों तक सीमित न रहे। आदिवासी समाज की सांस्कृतिक पहचान, वनाधिकारों और स्थानीय संसाधनों पर उनके वैध अधिकारों का सम्मान लोकतांत्रिक शासन की प्राथमिकता होना चाहिए। जनभागीदारी आधारित विकास ही दीर्घकाल मंम स्थायी शांति और विश्वास स्थापित कर सकता है।

नक्सलवाद पर चर्चा करते समय यह भी स्मरण रखना होगा कि सबसे अधिक पीड़ा उन गरीब, आदिवासी और ग्रामीण परिवारों ने झेली है जिन्होंने अपने परिजनों को खोया और वर्षों तक भय के वातावरण में जीवन बिताया। सामाजिक न्याय की माँग उचित हो सकती है, किंतु निर्दोष नागरिकों की हत्या, सार्वजनिक संपत्ति का विनाश और विकास कार्यों में बाधा कभी भी न्यायपूर्ण संघर्ष का माध्यम नहीं हो सकते। इसलिए आज आवश्यकता किसी वैचारिक रोमानीकरण की नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक समाधान और समावेशी विकास की है।

भारत आज जिस दिशा में आगे बढ़ रहा है, उसमें राष्ट्रीय सुरक्षा और विकास एक-दूसरे के पूरक बन चुके हैं। जहाँ सड़क पहुँचती है, वहाँ शिक्षा और स्वास्थ्य पहुँचते हैं; जहाँ शिक्षा और अवसर बढ़ते हैं, वहाँ हिंसा का प्रभाव स्वतः कम होने लगता है। यही वह प्रक्रिया है जो किसी भी उग्रवादी विचारधारा को दीर्घकाल में कमजोर करती है।

आज यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि तथाकथित 'लाल गलियारा' धीरे-धीरे विकास के नए गलियारे में परिवर्तित हो रहा है। यह परिवर्तन केवल सुरक्षा बलों की वीरता का परिणाम नहीं, बल्कि उस व्यापक राष्ट्रीय दृष्टि का प्रतिफल है जिसमें सुरक्षा, सुशासन और विकास को समान प्राथमिकता दी गई है। आने वाले वर्षों में इस नीति की निरंतरता ही इसकी सबसे बड़ी कसौटी होगी।

भारत ने अनेक कठिन चुनौतियों का सामना लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रीय संकल्प के बल पर किया है। नक्सलवाद के विरुद्ध संघर्ष भी उसी परंपरा का विस्तार है। अंतिम विजय तब होगी जब जंगलों में गोलियों की आवाज़ नहीं, विकास की गतिविधियाँ सुनाई दें; जब किसी युवा के हाथ में हथियार नहीं, शिक्षा और रोजगार का अवसर हो; और जब आदिवासी अंचल भय के प्रतीक नहीं, बल्कि समृद्धि, विश्वास और आत्मसम्मान के केंद्र बनें। यही नए भारत की दिशा है और यही उस लोकतांत्रिक राष्ट्र की पहचान, जो हिंसा नहीं, विकास; भय नहीं, विश्वास; और संघर्ष नहीं, सहभागिता के मार्ग पर आगे बढ़ने का संकल्प रखता है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# परशुरामपुरी से जागे संस्कृति और समृद्धि




रुद्र प्रताप दुबे

(लेखक सामाजिक विषयों के जानकार हैं)

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने एक बार फिर सांस्कृतिक पुनर्स्थापना की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। 6 जुलाई को उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक में शाहजहांपुर जिले की जलालाबाद तहसील का नाम बदलकर 'परशुरामपुरी' करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। मुगल कालीन नाम को हटाकर अपनी मूल सांस्कृतिक जड़ों की ओर लौटना, मात्र एक नाम का परिवर्तन नहीं बल्कि भारत के गौरवशाली अतीत और सनातन अस्मिता की पुनर्स्थापना है। जलालाबाद से परशुराम पुरी की यह यात्रा केवल एक कस्बे के नाम परिवर्तन तक सीमित नहीं है। यह उस सोच का विस्तार है जिसमें स्थानीय इतिहास, लोक-आस्था और सांस्कृतिक स्मृति को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया जा रहा है। भगवान परशुराम, जो शस्त्र और शास्त्र दोनों के प्रतीक माने जाते हैं, उनकी जन्मस्थली को उचित पहचान मिलना नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का माध्यम बन सकता है।

जलालाबाद का इतिहास अत्यंत प्राचीन और गौरवशाली रहा है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार यह भगवान परशुराम की तपोभूमि और जन्मस्थली रहा है। इसके बाद, महाभारत काल में भी इस क्षेत्र का विशेष महत्व था, माना जाता है कि पांडवों ने अपने अज्ञातवास का कुछ समय यहाँ के वनों में बिताया था लेकिन मुगल काल में थोपे गए इस नाम के कारण इस भूमि की वास्तविक पहचान कहीं छिप गई थी। मुगल दस्तावेजों में भी इस क्षेत्र का जिक्र एक महत्वपूर्ण परगने के रूप में करके इसकी महत्वपूर्ण धार्मिक पहचान को मिटाने का काम किया गया।

प्राचीन, सनातन और वास्तविक गौरव 'परशुरामपुरी' का यह नाम परिवर्तन वास्तविकता में केवल धार्मिक नहीं, बल्कि इस क्षेत्र के लिए एक बड़ा आर्थिक गेम-चेंजर साबित होने जा रहा है। जैसे ही यह क्षेत्र आधिकारिक तौर पर 'परशुरामपुरी' के रूप में स्थापित होगा, देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं और पर्यटकों का आवागमन बढ़ेगा। पर्यटकों की संख्या बढ़ने से होटल, लॉज, परिवहन, हस्तशिल्प, और पूजा-सामग्री से जुड़े स्थानीय व्यापार को भारी गति मिलेगी। युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। परशुरामपुरी के भव्य विकास के लिए सड़कों का चौड़ीकरण, मंदिर परिसर का सुंदरीकरण और बुनियादी ढांचागत विकास तेज होगा, जिससे इस पूरे क्षेत्र के आर्थिक स्तर में भारी सुधार देखने को मिलेगा। अयोध्या, काशी और मथुरा जैसे धार्मिक केंद्रों में हाल के वर्षों में हुए कायाकल्प के बाद वहां श्रद्धालुओं की संख्या और स्थानीय आय दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है– परशुरामपुरी से भी वैसी ही अपेक्षा की जा रही है। वर्तमान में केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद जब उत्तर प्रदेश सरकार में लोक निर्माण विभाग के मंत्री थे तब बीजेपी की डबल इंजन सरकार ने परशुराम मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण, सड़क




संपर्क, बिजली-पानी की बेहतर व्यवस्था और श्रद्धालु सुविधा केंद्रों पर निवेश करना प्रारंभ कर दिया था। अब शाहजहांपुर से सटे जिलों के लोगों का मानना है कि यह क्षेत्र आने वाले वर्षों में एक प्रमुख धार्मिक-पर्यटन गंतव्य के रूप में उभर सकता है। शाहजहांपुर, जो अब तक मुख्यतः कृषि और लघु उद्योगों पर निर्भर रहा है, मात्र इस पहचान के जरिए ही धार्मिक अर्थव्यवस्था के मानचित्र पर भी अपनी जगह बना सकता है।

जलालाबाद को 'परशुरामपुरी' बनाने का यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उस वृहद् सोच का हिस्सा है, जो भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान को राष्ट्र के विकास का आधार मानती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्पष्ट मानना है कि भगवान परशुराम केवल एक जाति या वर्ग के आराध्य नहीं, बल्कि पूरे भारत के न्याय, करुणा और पुरुषार्थ के प्रतीक हैं। वहीं, गृहमंत्री अमित शाह ने कई अवसरों पर रेखांकित किया है कि भारत की प्राचीन अस्मिता और महापुरुषों के गौरव को पुनर्स्थापित करना ही 'अमृत काल' का मुख्य संकल्प है। वास्तव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जहां 'विकास भी और विरासत भी' की सोच को लेकर आगे बढ़ते हैं वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार यह रेखांकित करते रहे हैं कि उनकी सरकार विकास के साथ-साथ प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक पहचान को भी मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। बीते वर्षों में इलाहाबाद से प्रयागराज, मुगलसराय से पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर जैसे कई नामकरणों के जरिए यह नीति लगातार आगे बढ़ी है। इस ऐतिहासिक निर्णय को धरातल पर उतारने का श्रेय केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के साथ ही शाहजहाँपुर के स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अनथक प्रयासों को जाता है। स्थानीय विधायकों और जनप्रतिनिधियों के एकजुट नेतृत्व और 'भगीरथ प्रयास' का ही परिणाम है कि शासन-प्रशासन स्तर की सभी कड़ियों को पार करते हुए इस प्रस्ताव को कैबिनेट की अंतिम मंजूरी मिल सकी। जनप्रतिनिधियों की इस सजगता ने क्षेत्र के लोगों को अपनी जड़ों पर गर्व करने का ऐतिहासिक अवसर देते हुए इस ऐतिहासिक क्षेत्र को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान देने का रास्ता खोल दिया है। अयोध्या में श्री राम मंदिर और काशी में विश्वनाथ कॉरिडोर के दिव्य स्वरूप के बाद, अब परशुरामपुरी का यह कायाकल्प सनातन संस्कृति के ध्वज को और ऊँचा ले जाएगा।

स्थानीय जनता की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करके सरकार ने यह सिद्ध कर दिया है कि आधुनिक विकास के साथ-साथ अपनी सांस्कृतिक विरासत को संजोना ही 'नव्य उत्तर प्रदेश' का असली मंत्र है। 'परशुरामपुरी' अब न केवल आस्था का एक बड़ा केंद्र बनेगी, बल्कि शाहजहांपुर और आसपास के जिलों के लिए आर्थिक समृद्धि का एक नया द्वार भी खोलेगी।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# देश के 18 शहरों में अब पानी में चलेगी मेट्रो, साकार होगा वाटर मेट्रो मैन का सपना

## लोकनाइ बेहरा को एक्वा मैन ऑफ इंडिया तथा वाटर मेट्रो मैन ऑफ इंडिया के रूप में मिली है पहचान

जागरण मोर्चा कार्यालय
संजय सिंह गौर

**बदायूं।** वह दिन दूर नहीं जब मेट्रो सेवा का लुत्फ आप पटना, अयोध्या, वाराणसी, प्रयाग में गंगा की लहरों के साथ श्रीनगर के डल झील पर भी उठा सकते हैं। केंद्र सरकार ने इसके लिए संभावनाओं की तलाश तेज कर दी है। शुरूआत में देश भर के 18 शहरों को इस वाटर मेट्रो सेवा के लिए उपर्युक्त माना गया है। अभी वाटर मेट्रो सेवा केरलम के कोच्चि में संचालित किया जा रहा है। जिसका श्रेय कोच्चि मेट्रो रेल लिमिटेड (केएमआरएल) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक लोकनाथ बेहरा और उनकी टीम को जाता है। जिनकी पहल से कोच्चि में यह सेवा अप्रैल 2023 से शुरू हो पाई और यही वजह है कि उन्हें एक्वा मैन ऑफ इंडिया तथा वाटर मेट्रो मैन ऑफ इंडिया" के नाम से पहचान मिली।



क्योंकि, भारत में जहां दशकों तक सड़क, रेल और हवाई परिवहन को ही विकास का प्रमुख आधार माना जाता रहा, वहीं लोकनाथ बेहरा ने यह सोच विकसित की कि देश की विशाल नदियां, झीलें, बैकवाटर्स और अंतदेर्शीय जलमार्ग केवल प्राकृतिक संसाधन या पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि आधुनिक सार्वजनिक परिवहन के प्रभावी माध्यम भी बन सकते हैं। इसी सोच ने भारत की पहली एकीकृत कोच्चि वाटर मेट्रो परियोजना को जन्म दिया। आपको बता दें कि लोकनाथ बेहरा 1985 बैच के आईपीएस अधिकारी रहे हैं और 2009 में गठित हुई एनआईए के संस्थापक सदस्य में एक रहे हैं। यही नहीं साल 2008 में हुए मुंबई ब्लास्ट के मास्टर माइंड आतंकी डेविड हेडली को पकड़ने अमेरिका जाने वाली टीम के भी हिस्सा रह चुके हैं। साल 2001 से वह कोच्चि मेट्रो के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक हैं। बिहार के पटना में यह सेवा दीघा घाट से पटना सिटी के कंगन घाट तक चलाई जाएगी। बीच में इसके प्रमुख स्टॉपेज गांधी घाट और गाय घाट होंगे। इसका शुरूआती किराया लगभग 20 के करीब तय किए जाने की योजना है। दूसरे चरण में इसका विस्तार दानापुर और सोनपुर (हरिहरनाथ) तक किया जाएगा। यह अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक जहाज 42 मीटर लंबा और वातानुकूलित है, जिसमें 50 यात्रियों के बैठने और 25 यात्रियों के खड़े होने (कुल 75 लोग) की क्षमता है। सुरक्षा के लिए सीसीटीवी, एलसीडी स्क्रीन, साउंड सिस्टम और बड़ी कांच की खिड़कियां लगाई गई हैं, ताकि यात्री आराम से गंगा और घाटों का नजारा देख सकें।

***कोच्चि से शुरू हुई नई परिवहन क्रांति***

लोकनाथ बेहरा के नेतृत्व में विकसित कोच्चि वाटर मेट्रो पारंपरिक फेरी सेवा नहीं, बल्कि आधुनिक, तकनीक-आधारित और पर्यावरण अनुकूल सार्वजनिक परिवहन प्रणाली के रूप में तैयार की गई। इसमें अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक नौकाएं, आधुनिक टर्मिनल, डिजिटल टिकटिंग, एकीकृत यात्री सेवाएं तथा मेट्रो रेल एवं अन्य सार्वजनिक परिवहन साधनों के साथ समन्वित संचालन की व्यवस्था विकसित की गई। परियोजना ने न केवल सड़कों पर बढ़ते ट्रैफिक का विकल्प प्रस्तुत किया, बल्कि द्वीपों और जल क्षेत्रों में रहने वाले हजारों लोगों को शहर की मुख्यधारा से जोड़ते हुए उनकी यात्रा को आसान, सस्ती और सुरक्षित बनाया। इससे कार्बन उत्सर्जन में कमी, ईंधन की बचत तथा पर्यावरण संरक्षण को भी महत्वपूर्ण बढ़ावा मिला। कोच्चि वाटर मेट्रो की सफलता ने देश-विदेश के नीति निमार्ताओं, शहरी परिवहन विशेषज्ञों और पर्यावरणविदों का ध्यान आकर्षित किया। लाखों यात्रियों ने इस सेवा का लाभ उठाया और इसे आधुनिक, आरामदायक तथा विश्वस्तरीय सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था के रूप में सराहा।आज अनेक सरकारी प्रतिनिधिमंडल और विशेषज्ञ दल कोच्चि पहुंचकर इस मॉडल का अध्ययन कर रहे हैं, ताकि इसे अपने-अपने राज्यों और शहरों में लागू किया जा सके।

***कई राज्यों में तैयार हो रहा वाटर मेट्रो का रोडमैप***

कोच्चि मॉडल की सफलता के बाद देश के कई राज्यों में वाटर मेट्रो की संभावनाओं का अध्ययन शुरू हो चुका है। महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, असम के डिब्रूगढ़ और तेजपुर। श्रीनगर के डल झील, उत्तर प्रदेश के वाराणसी, प्रयागराज, अयोध्या और बिहार के पटना के गंगा में चलाने की तैयारी है। पटना के गंगा में इसे घाट और शहरा आवागमन के लिए चलाने की योजना है। वहीं वाराणसी में घाट, पर्यटन क्षेत्र, व्यस्त नदी तट क्षेत्र, अयोध्या में मंदिर पर्यटन क्षेत्र और प्रयागराज में इसे संगम क्षेत्र और भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक क्षेत्र में चलाने की योजना पर काम चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अप्रैल 2023 में कोच्चि वाटर मेट्रो को राष्ट्र को समर्पित करते हुए इसे देश के हरित और बहु-माध्यमीय परिवहन तंत्र की दिशा में ऐतिहासिक पहल बताया था।एकीकृत परिवहन प्रणाली पर विशेष जोर दिया है।नई अर्थव्यवस्था और रोजगार के अवसर मिलेगे। भारत के जल परिवहन की नई पहचान होगी।

## एक नजर

### अखिलेश यादव पर राजभर का तंज : जेपीएनआईसी घोटाले का लगाया आरोप

**लखनऊ (एजेंसी)।** प्रदेश सरकार में मंत्री और सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने एक बार फिर सपा प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए हमला बोला है। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर राजभर ने लिखा है कि मैं सुबह घर से निकला तो जेपीएनआइसी (जय प्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय सेंटर) दिखाई दिया। लोकनायक जयप्रकाश के नाम पर राजनीति करने वाले कम से कम उनके नाम पर बन रही बिल्डिंग में घोटाला नहीं करना चाहिए था। लोकनायक के नाम पर 200 करोड़ की बिल्डिंग में 860 करोड़ रुपये खर्च कराया और निर्माण भी पूरा नहीं हुआ। राजभर ने कहा कि 'लोकनायक स्वर्ग में जहां कहीं होंगे, वो सोच रहे होंगे कि क्या इसी समाजवादी की नींव डालने के लिए उन्होंने अपना जीवन आंदोलन के लिए झोंका था। यकीन मानिए जयप्रकाशजी की आत्मा का ही श्राप है कि आप नौ साल से सत्ता से बाहर हैं और आगे दोबारा सत्ता में नहीं आएंगे'।

# ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भर, यूपी सरकार और टाटा पावर में समझौता



जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए लगातार बड़े फैसले ले रही है। इसी कड़ी में बुधवार को उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (UPSRLM) और टाटा पावर कम्युनिटी डेवलपमेंट ट्रस्ट के बीच एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए। इस बड़ी साझेदारी का सीधा उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों (SHGs) से जुड़ी ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार, स्वरोजगार और उद्यमिता के नए रास्ते खोलना है।

### क्षमता निर्माण और आधुनिक बाजार पर रहेगा विशेष जोर

राज्य मिशन कार्यालय लखनऊ में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में इस समझौते को अंतिम रूप दिया गया। इस साझेदारी के तहत महिला नेतृत्व वाले ग्रामीण उद्यमों को जमीनी स्तर पर बढ़ावा दिया जाएगा। इसके साथ ही स्वयं सहायता समूहों और क्लस्टर स्तरीय संघों की संस्थागत क्षमता को तकनीकी रूप से मजबूत किया जाएगा। महिलाओं को सिर्फ पारंपरिक काम तक सीमित न रखकर आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण, उद्यमिता कौशल (Entrepreneurship Skills) का विकास और उनके तैयार उत्पादों के लिए बेहतरीन बाजार उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### गांव-गांव खुलेंगे मिलेट कैफे और एग्रो प्रोसेसिंग यूनिट्स

इस समझौते के धरातल पर उतरने के बाद प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में मिलेट कैफे, एग्रो प्रोसेसिंग आधारित इकाइयों और अन्य महिला नेतृत्व वाले ग्रामीण उद्यमों की स्थापना की जाएगी। इससे न केवल स्थानीय स्तर पर रोजगार के ढेरों नए अवसर पैदा होंगे, बल्कि ग्रामीण महिलाओं की मासिक आय में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। यूपी सरकार और टाटा पावर की यह जुगलबंदी ग्रामीण अर्थव्यवस्था का चेहरा बदलने में गेम-चेंजर साबित होने वाली है।

### 'लखपति दीदी' अभियान को मिलेगी नई गतिः दीपा रंजन

इस महत्वपूर्ण अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को अपने पैरों पर खड़ा करना है। टाटा पावर के साथ हुआ यह सहयोग महिला उद्यमिता को एक नई और आधुनिक दिशा देगा। उन्होंने भरोसा जताया कि यह पहल मुख्यमंत्री के संकल्प के अनुरूप ग्रामीण महिलाओं की आय में रिकॉर्ड वृद्धि कर उन्हें 'लखपति महिला उद्यमी' बनाने के लक्ष्य को समय से पहले प्राप्त करने में बड़ी भूमिका निभाएगी।

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी नई मजबूतीः हिमल तिवारी

वहीं, टाटा पावर कम्युनिटी डेवलपमेंट ट्रस्ट के चेयरमैन और मुख्य मानव संसाधन, सीएसआर एवं सस्टेनेबिलिटी अधिकारी हिमल तिवारी ने इस साझेदारी को बेहद खास बताया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के साथ यह सहयोग महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों को सशक्त बनाने और स्थानीय उत्पादों को एक बेहतर बाजार मंच देने की दिशा में हमारा एक बड़ा कदम है। यह साझेदारी सतत ग्रामीण आजीविका के नए अवसर विकसित कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सीधे तौर पर सुदृढ़ करेगी।

# महिला को बंधक बनाकर किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ (एजेंसी)।** आगरा की निवासी एक महिला को काम दिलाने के बहाने परिचित ने चिनहट बुलाया। उसे यहां एक महीने तक होटल में रखकर दुष्कर्म किया और देह व्यापार का दबाव बनाने के लिए महिला से उसकी दो वर्षीय बच्ची भी छीन ली। इस प्रकरण आरोपित ने महिला देह व्यापार से मना करने पर उसकी पिटाई कर दी। पुलिस ने महिला की तहरीर पर लखनऊ में चिनहट के लौलई निवासी अनिल सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया और बुधवार को उसको जेल भेज दिया। पुलिस ने बच्ची को सीतापुर के मानपुर से बरामद किया है। महिला को काम के बहाने बुलाने वाली एक युवती की तलाश जारी है। महिला ने बताया कि वह इवेंट मैनेजमेंट का काम करती हैं। एक महीने पहले वह काम की तलाश में सहेली के पास लखनऊ आई थी। नौकरी के सिलसिले में उसकी मुलाकात सहेली ने चिनहट के लौलई निवासी अपने परिचित अनिल कुमार सिंह से कराई गई। आरोप है कि अनिल सिंह ने उसे अपने शिव गेस्ट हाउस में नौकरी का झांसा दिया और उसके बाद होटल प्राइसलेस ले गए। एक महीने तक होटल में बंधक बनाकर कई बार दुष्कर्म किया। विरोध पर जान से मारने की धमकी दी। अनिल ने कुछ दिन बाद देह व्यापार का दबाव बनाना शुरू कर दिया। मना करने पर बुरी तरह पीटा और उनकी दो वर्षीय बच्ची को भी छीन लिया। पूछने पर बच्ची के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। वह किसी तरह होटल से भाग निकली और चिनहट थाने पहुंचकर आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया। जांच के दौरान अनिल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर सीतापुर के मानपुर में एक गांव से एक महिला के पास से बच्ची को सकुशल बरामद किया। इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि बच्ची को सकुशल बरामद कर मां को सौंप दिया गया है।

# यूपीपीसीएल ने जून की 98.62% बिजली शिकायतें सुझाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में बिजली व्यवस्था लगातार अधिक भरोसेमंद और उपभोक्ता केंद्रित बनी हुई है। योगी सरकार का लक्ष्य केवल प्रदेशवासियों को निर्बाध बिजली उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना भी है। इसी का परिणाम है कि उ.प्र. पावर कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) ने जून में दर्ज बिजली संबंधी शिकायतों में 98.62 प्रतिशत का सफल निस्तारण कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इस तरह योगी सरकार की प्रभावी मॉनिटरिंग और जवाबदेह कार्यशैली के चलते प्रदेश की बिजली व्यवस्था लगातार मजबूत हुई है।

### बिजली आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण

सबसे उल्लेखनीय तथ्य यह रहा कि जून में बिजली आपूर्ति से संबंधित शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण किया गया है। यह उपलब्धि इस बात का संकेत है कि यूपीपीसीएल ने उपभोक्ताओं की सबसे महत्वपूर्ण समस्या बिजली आपूर्ति में बाधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। गर्मी के मौसम में रिकॉर्ड बिजली मांग के बावजूद शिकायतों का इतनी तेजी से समाधान विभाग की सक्रिय कार्यशैली को दर्शाता है। आंकड़ों के अनुसार, जून महीने में प्रदेश भर से 17 लाख 47 हजार से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई थी, जिसमें से 17 लाख 23 हजार से अधिक शिकायतों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया। शिकायतों के समाधान की यह दर 98 .62 प्रतिशत रही, जो उपभोक्ता सेवा के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि मानी जा रही है।

### एमवीवीएनएल में 6.39 लाख से अधिक शिकायतों का निस्तारण

सभी डिस्कॉम पर जून में प्राप्त शिकायतों और उनके निस्तारण के आंकड़ों पर नजर डाले तो दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (डीवीवीएनएल) में 3 .03 लाख से अधिक शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 2 .99 लाख से अधिक शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया था। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (एमवीवीएनएल) में 6 .45 लाख से अधिक शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 6 .39 लाख से अधिक का समाधान किया गया।

### केस्को में 1.15 लाख शिकायतों का समय रहते हुआ समाधान

इसी तरह पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (पीयूवीवीएनएल) में आई 2 .83 लाख शिकायतों में से 2 .77 लाख से अधिक शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। जबकि पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (पीवीवीएनएल) में 3 .94 लाख से अधिक शिकायतें आईं जिनमें से 3 .89 लाख से अधिक शिकायतों का समाधान कर दिया गया। वहीं कानपुर इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कंपनी (केस्को) में 1 .19 लाख से अधिक शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 1 .15 लाख से अधिक शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण किया गया।

### बिजली व्यवस्था की 24 घंटे निगरानी कर रहीं यूपीपीसीएल की टीमें

प्रदेश में बढ़ती बिजली मांग को देखते हुए उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) की टीमें चौबीसों घंटे बिजली व्यवस्था की निगरानी कर रही हैं। बिजली की मांग का लगातार विश्लेषण किया जा रहा है ताकि किसी भी परिस्थिति में उपभोक्ताओं को असुविधा का सामना न करना पड़े। दिन के साथ-साथ रात्रिकालीन समय में भी बिजलीकर्मी फील्ड में रहकर आवश्यक तकनीकी कार्यों को अंजाम दे रहे हैं। संभावित खराबियों की पहले ही पहचान कर उन्हें दूर किया जा रहा है, जिससे बड़े स्तर पर बिजली आपूर्ति प्रभावित होने की संभावना कम हो रही है।

### सभी जिलों में अधिकारी लगातार कर रहे निरीक्षण

प्रदेश के सभी जिलों में विभागीय अधिकारी और कर्मचारी नियमित रूप से उपकेंद्रों, ट्रांसफॉर्मरों तथा वितरण तंत्र का निरीक्षण कर रहे हैं। साथ ही शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। साथ ही ए .आई . टूल का इस्तेमाल करके हेल्पलाइन नंबर 1912 को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

# 18 अफसरों पर कार्रवाई की सिफारिश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**अलीगंज अग्निकांड**

**लखनऊ (एजेंसी)।** राजधानी में 22 जून को अलीगंज सेक्टर डी में अवैध बिल्डिंग में लगी भीषण आग की जांच कर रही एसआइटी ने नौ आईएएस व नौ पीसीएस अधिकारियों पर कार्रवाई करने की सिफारिश की है।

सभी अधिकारी लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) में तैनात रहे हैं। इनमें से कुछ जिलाधिकारी के पद पर, कुछ एलडीए में ही तैनात है, वहीं दो अधिकारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्ती पर एसआइटी रिपोर्ट तैयार हो चुकी है और जल्द ही शासन को सौंपी जाएगी। पहली बार आइएएस व पीसीएस अधिकारियों की भूमिका की जांच हो रही है। माना जा रहा है कि नियुक्ति विभाग संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस देकर जवाब-तलब कर सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्ती पर एसआईटी रिपोर्ट तैयार हो चुकी है और जल्द ही शासन को सौंपी जाएगी। माना जा रहा है कि इसके बाद नियुक्ति विभाग संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस देकर जवाब-तलब कर सकता है। इस घटना में 15 लोगों की मौत हुई थी और नौ लोग झुलसे थे। मुख्यमंत्री खुद भी मौके पर गए थे और दोषियों पर सख्त कार्रवाई के लिए एसआईटी का गठन किया था। एसआईटी ने एलडीए से 2016 से 2024 तक जोन चार व पांच में तैनात रहे प्रवर्तन व जोनल अधिकारियों की सूची मांगी थी। खासकर अग्निकांड वाले आवासीय भूखंड पर व्यावसायिक निर्माण के दौरान एलडीए में तैनात अफसरों को घटना के लिए जिम्मेदार माना जा रहा है। इसी कारण एलडीए ने सौ से अधिक अधिकारियों व कर्मचारियों के नाम एसआईटी को भेजे हैं। आईएएस अधिकारियों में लखनऊ के मौजूदा नगर आयुक्त गौरव कुमार, तत्कालीन एलडीए उपाध्यक्ष मैनपुरी के जिलाधिकारी इंद्रमणि त्रिपाठी और तत्कालीन एलडीए सचिव अमेठी के जिलाधिकारी पवन गंगवार, सत्येंद्र यादव, शिवाकांत द्विवेदी, अक्षय त्रिपाठी, एमपी सिंह, ऋतु सुहास और श्रीश चंद्र वर्मा हैं। इनके साथ ही पीसीएस अधिकारी में अमित राठौर, विपिन शिवहरे, श्रद्धा चौधरी, प्रिया सिंह, संगीता राघव, प्रभाकर सिंह, डीके सिंह, विश्व भूषण मिश्र और सुशील प्रताप सिंह अलग-अलग पदों पर तैनात रहे। इनमें कई अफसर इस समय भी एलडीए में तैनात हैं।

# एवरेस्ट विजेता तिला सेन को सम्मान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** माउंट एवरेस्ट पर विजय प्राप्त कर उत्तराखंड का नाम रोशन करने वाली आईटीबीपी कांस्टेबल तिला सेन का खटीमा में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर आजाद समाज पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार के नेतृत्व में उनकी पूरी टीम ने तिला सेन को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा उनके साहस, परिश्रम और उपलब्धि की सराहना की।



एवरेस्ट विजेता तिला सेन को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करते सत्येंद्र कुमार।

बताया गया कि तिला सेन, मदन लाल की पुत्री हैं और माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली उत्तराखंड की पाँचवीं महिला हैं। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि से उधम सिंह नगर जनपद और विशेष रूप से खटीमा क्षेत्र गौरवान्वित हुआ है। सम्मान समारोह में खटीमा विधानसभा से राजा गौतम, सितारगंज विधानसभा से संदीप कुमार सहित कई वर्तमान पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने तिला सेन और उनके परिवार को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उनके साहस और हौसले की प्रशंसा की। पूर्व जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ने कहा कि तिला सेन ने अपनी मेहनत और लगन से पूरे उत्तराखंड, उधम सिंह नगर और बहुजन समाज का मान-सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि तिला सेन की उपलब्धि युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है और यह साबित करती है कि दृढ़ संकल्प के साथ कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने तिला सेन को उनकी ऐतिहासिक सफलता के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## पूर्णागिरि मंदिरः नई कार्यकारिणी गठित

**खटीमा।** आदिशक्ति माता पूर्णागिरि मंदिर कहां समिति नगरा तराई की बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

संस्थापक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह मेहरा की अध्यक्षता और मुख्य अतिथि बीडीसी सदस्य सनकेशी देवी की उपस्थिति में हुई बैठक में संगठन की मजबूती पर चर्चा हुई।नई कार्यकारिणी में दीपक थापा को अध्यक्ष, बलवंत सिंह खाती को प्रबंधक, नरेन्द्र सिंह खोलिया को उपाध्यक्ष, प्रकाश सिंह भंडारी को सचिव, दान सिंह धामी को कोषाध्यक्ष तथा पूरन चंद्र कापड़ी को उप संगठन मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। सभी ने समिति को अधिक सक्रिय व जनहितकारी बनाने का संकल्प लिया।

# राम रतन यादव को किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** साहित्य, हिंदी भाषा एवं सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय, खटीमा में कार्यरत सहायक अध्यापक एवं साहित्यकार राम रतन यादव को उत्तर प्रदेश के रामपुर स्थित माया देवी धर्मशाला में आयोजित भव्य साहित्यिक समारोह में 'पल्लव काव्य भारती सम्मान-2026' से सम्मानित किया गया।



राम रतन यादव को 'पल्लव काव्य भारती सम्मान-2026' से सम्मानित करते।

लोक चेतना को समर्पित साहित्यिक संस्था पल्लव काव्य मंच, रामपुर (उत्तर प्रदेश) द्वारा आयोजित हीरक जयंती काव्य समागम, पुस्तक लोकार्पण एवं साहित्यकार सम्मान समारोह में देश के विभिन्न क्षेत्रों से साहित्यकारों ने भाग लिया। इस अवसर पर राम रतन यादव को हिंदी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति के संरक्षण-संवर्धन तथा सामाजिक कार्यों में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह एवं सम्मान-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रणधीर प्रसाद गौड़ ने की, जबकि मुख्य अतिथि बाबा कल्पनेश रहे। समारोह में संस्था के अध्यक्ष शिवकुमार चंदन, उपाध्यक्ष ओंकार सिंह विवेक, महामंत्री प्रदीप राजपूत माहिर सहित राजवीर सिंह, सत्यपाल सिंह सजग, अतुल कुमार शर्मा, रजनी सिंह, रागिनी गर्ग, गीता मिश्रा, टिंकू सिंह एवं डॉ. प्रीति अग्रवाल सहित अनेक साहित्यकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रदीप राजपूत माहिर ने किया। राम रतन यादव को मिले इस सम्मान पर शिक्षा एवं साहित्य जगत से जुड़े लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए इसे खटीमा और उत्तराखंड के लिए गौरव का विषय बताया।

## शिविर में 35 दिव्यांग व बुजुर्ग चयनित

**खटीमा।** ब्लॉक सभागार में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत पंजीकरण शिविर आयोजित किया गया। सांसद प्रतिनिधि रविंद्र राणा की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में पहुंचे 60 प्रतिभागियों में से 40 लाभार्थियों का चयन सहायक उपकरणों के लिए किया गया।इनमें 35 लाभार्थी एडिप और 5 राष्ट्रीय वयोश्री योजना (RBY) के तहत पंजीकृत हुए। सहायक समाज कल्याण अधिकारी तरन्नुम ने बताया कि चयनित लाभार्थियों को जल्द ही निशुल्क व्हीलचेयर, बैसाखी और कान की मशीन दी जाएगी। शिविर में डीपीआरओ उमेश शर्मा और जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध उपस्थित रहे।

**ड्रेनेज-डीपीआर तैयार** एंठा व खकरा नाले चौड़े व पक्के बनेंगे, नगर के 16 .00 वर्ग किमी क्षेत्रफल में नहीं होगा जल भराव

# 3 अरब 13 करोड़ 45 लाख की ड्रेनेज योजना डीपीआर तैयार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** नगर वासियों को अब जल भराव की स्थिति से निजात मिल सकेगी। इसके लिए तीन अरब 13 करोड़ 45 लाख की डीपीआर तैयार कर ली गई है। ड्रेनेज योजना के तहत नगरीय क्षेत्रफल 16.00 वर्ग किमी को दो जोन में बांटा गया है। जिसमें प्रथम जोन की लागत एक अरब 78 करोड़ 59 लाख तथा द्वितीय जोन की लागत एक अरब 34 करोड़ 85 लाख आंकी गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के ड्रीम प्रोजेक्ट में शुमार नगर की ड्रेनेज योजना की घोषणा 2021 में हुई थी। इस योजना का उद्देश्य नगर वासियों को वर्षात में उफनते एंठा व खकरा नाले एवं नगर के डूब स्थलों के अलावा अन्य वार्डों में भरने वाले पानी से निजात दिलाना है। गत वर्ष समूचा नगर 4' से 10फिट से अधिक पानी भरने से जल मग्न हुआ था। जिसमें आम नगरवासी व व्यापारियों को अरबों का आर्थिक नुकसान हुआ था। सीएम धामी के ड्रेनेज योजना के क्रियान्वयन से नगर वासियों को निजात मिल सकेंगी। नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने बताया कि नगर वासियों को ड्रेनेज योजना से अब जल भराव से निजात मिलेंगी। उन्होंने वर्ष 2021 में सीएम धामी द्वारा की गई घोषणा को वर्ष 2023-24 से सिंचाई विभाग द्वारा डीपीआर को मुकाम तक पहुंचाने का प्रयास रंग लाया। उन्होंने कहा कि नगर के डूब क्षेत्र आयुष कॉलोनी, डिग्री कॉलेज रोड तथा पूर्णागिरि कॉलोनी, कंजाबाग रोड आदि सम्मिलित हैं। सिंचाई खंड सितारगंज के अधिशासी अभियंता आनंद सिंह नेगी ने बताया कि ड्रेनेज योजना वर्ष 1947 की जनसंख्या एवं नगर के भू-भाग के महत्व को मध्ये नजर तैयार की गई है। जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य ने तीन अरब 13 करोड़ 45 लाख की लागत से नगर के ड्रेनेज योजना तैयार होने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि अब हर वर्ष एंठा, खकरा नाले के उफान सहित अन्य डूब वाले स्थानों पर वर्षात में होने वाले नुकसान से निजात मिलेंगी। नगर डूब क्षेत्र के पानी की निकासी के लिए 15 पंपिंग स्टेशन बनेंगे। घनी आबादी से निकलने वाले एंठा, खकरा सहित 18 अन्य नाले नगर के मार्गों के दोनों और पक्के बनाए जायेंगे। एंठा, खकरा नाले के चौड़ीकरण सहित पक्का करने की योजना है। नगर सीमा में ड्रेनेज योजना के लिए पुल एवं पुलियाओं की क्षमता भी बढ़ाने की योजना है। 22 प्राथमिक नालों में से 19 सालों की लंबाई 14.16 किमी के पुनर्निर्माण प्रस्तावित हैं। 18 अन्य महत्वपूर्ण नालों की लंबाई 14.94 किमी तथा वार्ड बार द्वितीयक नालो की लंबाई 31.475 किमी का निर्माण प्रस्तावित है।

> जीआईएस आधारित स्टार्म वाटर मास्टर ड्रेनेज प्लान वैज्ञानिक सर्वेक्षण के आधार पर तैयार है। नगर सीमा के अंतर्गत प्राकृतिक एंठा एवं खकरा नाले को चौड़ा कर पक्का करने के कार्य एवं घोषणा 387/2025 के खटीमा में पानी निकासी हेतु चरणबद्ध तरीके से ड्रेनेज प्लान किया जायेगा। ड्रेनेज योजना लागू होने के बाद जल भराव से नगर वासियों को राहत मिलेंगी। ड्रेनेज योजना तैयार होने के बाद अधीक्षण अभियंता सिंचाई खंड सितारगंज स्तर से टेंडर प्रक्रिया अपनायी जायेंगी।
> **-आनंद सिंह नेगी अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड सितारगंज**

## चोरी के विरोध में सरकार का पुतला फूंका

**खटीमा।** क्षेत्र के मंदिरों में लगातार हो रही चढ़ावा चोरी की घटनाओं के विरोध में आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर पुतला फूंका।

कार्यकर्ताओं ने कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए चोरों की जल्द गिरफ्तारी और पूरे मामले की हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।प्रदेश प्रवक्ता दया कृष्ण कापड़ी और कुमाऊं अध्यक्ष जसपाल सिंह के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने आक्रोश जताया। इस दौरान करम सिंह राणा, सुखदेव सिंह चीमा और अर्जुन सिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

# प्रतियोगिता से छात्र राष्ट्र सुरक्षा के प्रति जागरूक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** सीमावर्ती क्षेत्रों में राष्ट्र जागरण और सुरक्षा के प्रति युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार को राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय, खटीमा में सीमा जागरण मंच, उत्तराखंड द्वारा सीमा ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।




सीमा ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन करते पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों से भारत की सीमाओं, राष्ट्रीय सुरक्षा और सीमावर्ती क्षेत्रों से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे गए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं सीमा जागरण मंच के प्रदेश संगठन मंत्री आशीष वाजपेयी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध घुसपैठ, नशे का कारोबार और राष्ट्रविरोधी गतिविधियां देश के लिए गंभीर चुनौती हैं। उन्होंने सीमा सुरक्षा बलों के शौर्य और पराक्रम का उल्लेख करते हुए कहा कि "सीमा सुरक्षित है तो देश सुरक्षित है।" उन्होंने युवाओं से सीमावर्ती क्षेत्रों में रिवर्स पलायन को बढ़ावा देने, सामाजिक सहभागिता मजबूत करने तथा राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य रामदत्त जोशी ने की। इस अवसर पर उधम सिंह नगर महामंत्री अमित सिंह बिष्ट, गणेश जोशी, शहनाज बानो, राधा आर्या, मंजू आर्या, ज्योति सतवाल, हेमंत भंडारी, अमरजीत सिंह, बिंदा प्रसाद, पंकज सिंह, छात्रावास प्रभारी रामकुमार भारती तथा मनोज कुमार द्विवेदी सहित विद्यालय परिवार एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### अपहरण कर दुष्कर्म करने का आरोपी पकड़ा, जेल भेजा

**पूरनपुर।** किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। किशोरी को मेडिकल के लिए भेजा है। थाना सेहरामऊ उत्तरी के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने वताया कि खीरी के इमली चौरहा मोहल्ला निवासी युवक उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गया। पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। केस दर्ज होने के बाद पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। पुलिस ने मंगलवार को किशोरी को बरामद कर लिया। इसके बाद मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जांच में पाया गया कि किशोरी का अपहरण करने के बाद युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। किशोरी के वयान के आधार पर पुलिस ने अपहरण के दर्ज मुकदमे में दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट की धाराएं बढा दी। वुदवार को पुलिस ने आरोपी अंश जायसवाल को जेल भेज दिया। पुलिस ने वताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# शिक्षकों को मिलेगी 5 लाख तक कैशलेस इलाज सुविधा

## ब्लाक सभागार में बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से तहसील स्तरीय कार्यक्रम का भव्य आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** बुधवार को नगर के ब्लाक सभागार में बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से तहसील स्तरीय कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। भाजपा विधायक वावूराम पासबान, खंड शिक्षा अधिकारी बिजय वीरेंद्र, ब्लाक प्रमुख मानसी सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण एवं डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) योजना की शुरुआत की गई। जिसका लाइव प्रसारण कार्यक्रम ब्लॉक सभागार में आयो जित किया गया। बेसिक शिक्षा विभाग और माध्यमिक शिक्षा विभाग के पात्र शिक्षकों और उनके परिवारों को हर साल प्रति परिवार को पांच लाख तक के कैशलेस उपचार की सुविधा मिलेगी। जिसके तहत चेक वितरित किए। इससे उत्तर प्रदेश के करीब 12 लाख शिक्षकों और उनके आश्रितों को सीधा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के लगभग 1.10 करोड़ स्कूली बच्चों के अभिभावकों के बैंक खातों में यूनिफॉर्म, जूते, मोजे और स्टेशनरी आदि के लिए 1200 सौ की राशि डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर (DBT) के जरिए स्थानांतरण किए। भाजपा विधायक वावूराम पासवान ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार योजनाए चला रही है। उन्होंने तमाम योजनाओं की जानकारी दी।

खंड शिक्षा अधिकारी ने भी अपने बिचार व्यक्त किए। और विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान सभी ने मुख्यमंत्री का लाइव प्रसारण भी देखा। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख मानसी सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता, उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह, खण्ड विकास अधिकारी हेमंत कुमार, खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेंद्र सिंह, संतोष पासवान, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मैनेजर नीतीश गुप्ता, सूर्य प्रकाश गंगवार, बिमल कुमार, राजेश लोधी, विश्व नाथ सिंह, डॉ निरंजना, डॉ सुगंध अग्रवाल सहित शिक्षक और शिक्षामित्र उपस्थिति रहे।


चेक वितरण करते विधायक, ब्लाक प्रमुख और खंड शिक्षा अधिकारी। –जागरण मोर्चा


जानकारी देते हुए मुख्य अतिथि विधायक विवेक वर्मा।

### मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित

#### विधायक ने कहा- "शिक्षकों के हित में सरकार का बड़ा कदम

**बीसलपुर।** खंड विकास अधिकारी कार्यालय के सभागार में बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से तहसील स्तरीय कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण एवं डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) योजना की शुरुआत की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीसलपुर के विधायक विवेक वर्मा ने की। समारोह में बीसलपुर, बिलसंडा और बरखेड़ा ब्लॉक के लगभग 100 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि व क्षेत्रीय विधायक विवेक वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार निरंतर शिक्षकों के हित में जनकल्याणकारी कार्य कर रही है। उन्होंने कहा, "शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना लागू होने से शिक्षकों को इलाज के दौरान आने वाली आर्थिक समस्याओं से काफी हद तक मुक्ति मिलेगी। अब वे बिना किसी वित्तीय मानसिक तनाव के अपना और अपने परिवार का बेहतर इलाज करा सकेंगे। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख अशोक कुमार, उपजिलाधिकारी बीसलपुर नागेंद्र पाण्डे और एसबीआई बीसलपुर के मैनेजर श्री आनंद कुमार ने भी अपने विचार साझा किए। शिक्षा विभाग की ओर से खंड शिक्षा अधिकारी बीसलपुर हर्षित शर्मा, बिलसंडा के शिवशंकर मौर्य और बरखेड़ा के अजय कुमार ने विभागीय योजनाओं की प्रगति पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों में सीनियर बेसिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष भद्रपाल गंगवार, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष दया शंकर और राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला अध्यक्ष मुकेश अवस्थी ने शिक्षकों के हित में उठाए गए इस कदम की सराहना की और अपने विचार व्यक्त किए। तहसील स्तरीय कार्यक्रम में ब्लॉक खेल प्रभारी मुईन खां, एआरपी प्रवीण कुमार, गेंदन लाल, भारतेंदु कुमार, कुलदीप सिंह, तुषार अरोरा, रामौतार, जितेंद्र कुमार, विभु कुमार, सौरभ सदन, उमेश मिश्रा, सूरज कुमार, निशा, रेशमा आदि शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# उदयपुर खुर्द रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला युवक का शव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** उदयपुर खुर्द हाल्ट के पास रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। प्रथम दृष्टया युवक की मौत किसी ट्रेन की चपेट में आने से चर्चा हो रही है। सूचना मिलते ही पुलिस और रेलवे कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव लालपुर अमृतपुर निवासी कृष्ण पाल मंगलवार की रात किसी काम से बाहर गया था। उदयपुर खुर्द रेलवे हाल्ट के पास रेलवे लाइन पार करते समय अज्ञात ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बुधवार सुबह करीव सात बजे निर्धारित समय पर उदयपुर हाल्ट की ओर पहुंच रही ट्रेन के चालक की नजर रेलवे ट्रैक पर पड़े एक युवक के शव पर पड़ी। ट्रैक पर शव दिखाई देने के बाद चालक ने तुरंत ट्रेन रोक दी और इसकी सूचना रेलवे कंट्रोल, स्टेशन मास्टर तथा स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और पूरे क्षेत्र का निरीक्षण किया। घटना की खबर फैलते ही उदयपुर हाल्ट और आसपास के गांवों के लोग मौके पर पहुंच गए। काफी देर तक लोगों की भीड़ घटनास्थल पर लगी रही। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करते हुए घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ कर घटना के संबंध में जानकारी जुटाई। सूचना पर परिवार के लोग पहुंचे और उन्होंने शव की शिनाख्त कृष्णपाल के रुप में की,जो मंगलवार की रात काम से बाहर गया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। प्रारंभिक जांच में पुलिस का मानना है कि युवक किसी ट्रेन की चपेट में आया है। लेकिन यह हादसा था या आत्महत्या अथवा किसी अन्य कारण से हुई घटना, इस संबंध में अभी कोई स्पष्ट निष्कर्ष नहीं निकाला गया है। पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। पुलिस ने वताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी। रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। परिवार में चीत्कार मची हुई है। जिनका रो रो कर बुराहाल है।


घटना के बाद मृतक के घर लगी भीड़। –जागरण मोर्चा

**▶ ट्रेन से कटकर मौत होने की चर्चा, पुलिस ने शुरू की जांच**

# सड़क हादसों में घायल हुए युवक ने तोड़ा दम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** तीन दिन पूर्व अनियंत्रित गति से आ रही कार की टक्कर से घायल हुए बाइक सवार की उपचार के दौरान जिला चिकित्सालय में मृत्यु हो गई।

क्षेत्र के ग्राम उगनपुर मरौरी निवासी संतोष कुमार का 22 वर्षीय पुत्र सुरजीत विगत 6 जुलाई को अपनी बाइक से गांव से शहर को आये थे। रात्रि लगभग 8:00 बजे बापस अपने घर लौट रहे थे। ग्राम के संपर्क मार्ग के पास जैसे ही पहुंचे पीछे से तेज गति से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे । बरेली के एक निजी चिकित्सालय में उनका इलाज चल रहा था। हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला चिकित्सालय लाया गया जहां उपचार के दौरान उनकी सांसे थम गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की रिपोर्ट अभी दर्ज नहीं हो पाई है। युवक को टक्कर मारने वाला कार चालक मौके से भाग गया। पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी है।


मृतक का फाइल फोटो।

## संक्षेप समाचार

### धान रोपाई को लेकर दो पक्षों में मारपीट, वीडियो वायरल

**पूरनपुर।** धान की रोपाई को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया, दोनों पक्षों के लोगों ने एक-दूसरे पर जमकर लाठी-डंडे और हाथापाई की। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। गांव कंजाखेड़ा में धान की रोपाई के दौरान किसी बात को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हुई। कुछ ही देर में विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और लाठी डंडे चलने के साथ ही जमकर हाथापाई हुई। घटना के दौरान मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर किसी तरह दोनों पक्षों को शांत कराया। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मामले की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है,यदि किसी पक्ष की ओर से तहरीर दी जाती है तो उसके आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि खेती-बाड़ी के कार्यों के दौरान छोटे-छोटे विवाद कई बार बड़ा रूप ले लेते हैं। ऐसे मामलों में समय रहते समझदारी और आपसी संवाद से विवाद का समाधान किया जाना चाहिए, ताकि कानून-व्यवस्था प्रभावित न हो। पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो की भी जांच की जा रही है। जांच के आधार पर जो भी तथ्य सामने आएंगे,उसी के अनुरूप आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### घर पर काम कर रही महिला को सांप ने काटा, गंभीर

**पूरनपुर।** घर के कामकाज के दौरान एक महिला को जहरीले सांप ने काट लिया। आनन-फानन में उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया। घुंघचाई क्षेत्र के पुन्नापुर टांडा निवासी महिला फूलमती अपने घर में रोजमर्रा के कामकाज में व्यस्त थी। इसी दौरान अचानक घर में छिपे सांप ने उसे काट लिया। पहले तो महिला को मामूली दर्द महसूस हुआ, लेकिन कुछ ही देर में उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। महिला की हालत खराब होते देख परिजन घबरा गए और उसे तुरंत उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के दौरान चिकित्सकों ने महिला की स्थिति गंभीर होने पर उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन एंबुलेंस की सहायता से महिला को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार जारी है। चिकित्सकों की निगरानी में महिला की हालत पर लगातार नजर रखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में खेतों और रिहायशी इलाकों में सांप निकलने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। उन्होंने लोगों से घर और आसपास साफ-सफाई रखने तथा सांप दिखाई देने पर स्वयं पकड़ने की बजाय संबंधित विभाग या प्रशिक्षित व्यक्ति की मदद लेने की अपील की।

### घर से लापता दो किशोरियां व एक युवती बरामद

**पूरनपुर।** पुलिस ने घर से लापता हुई दो किशोरियों और एक युवती को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस की सक्रियता से तीनों को सुरक्षित खोज निकाला गया। जिसके बाद परिजनों ने राहत की सांस ली। कोतवाली क्षेत्र के गांव में एक किशोरी और पडोस की एक युवती दोनों एक साथ घर से बाजार जाने की बात कहकर निकली थीं। थाना सेहरामऊ क्षेत्र की एक किशोरी को एक युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया था। पुलिस ने अलग-अलग मामलों में दो किशोरियों और एक युवती के घर से लापता होने की सूचना मिलने पर संबंधित थानों में गुमशुदगी एवं अन्य आवश्यक धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीमों का गठन किया गया और उनकी तलाश शुरू की गई। पुलिस ने संभावित स्थानों पर छानबीन करने के साथ ही तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से तीनों की तलाश की। तलाशी अभियान के दौरान पुलिस ने दो किशोरियों और एक युवती को सकुशल बरामद कर लिया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। एक किशोरी को मेडिकल के लिए भेजा गया। पुलिस ने बताया कि तीनो को बरामद कर लिया गया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी लापता, गुमशुदगी दर्ज

**बीसलपुर।** थाना क्षेत्र के मोहल्ला हबीबुल्ला खां जनूबी से एक किशोरी के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। नगर के एक मोहल्ला निवासी ने कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र में स्पष्ट किया है कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री बीती 6 जुलाई 2026 को घर से बिना बताए कहीं चली गई। काफी समय तक वापस न लौटने पर परिजनों ने उसे अपनी सभी रिश्तेदारों और संभावित स्थानों पर तलाश किया, लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं लग सका। परेशान पिता ने 7 जुलाई 2026 को थाने में गुमशुदी दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर, मामले की जांच शुरू कर दी है।

### भारतीय किसान यूनियन (लोक शक्ति) 9 जुलाई को करेगी बीसलपुर तहसील का घेराव

**बीसलपुर।** भारतीय किसान यूनियन (लोक शक्ति) आगामी 9 जुलाई को तहसील बीसलपुर में भ्रष्टाचार और विभिन्न जन-समस्याओं को लेकर एक दिवसीय विशाल आंदोलन और उप जिलाधिकारी का घेराव करेगी। यह निर्णय मंडलीय सचिव मुरलीधर कश्यप के नेतृत्व में और जिला अध्यक्ष पातीराम कश्यप की अध्यक्षता में लिया गया है। जिला अध्यक्ष ने बताया की यह आंदोलन जालसाजी कर जीवित किसान को मृतक दिखाने और प्रधानों के मानदेय को लेकर आर-पार की लड़ाई का एलान है। भाकियू लोक शक्ति के पदाधिकारियों के अनुसार, जनपद के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता 9 जुलाई को थाना कोतवाली बीसलपुर के मुख्य चौराहे के पश्चिम में स्थित बंगाली बाबा मंदिर पर एकत्रित होंगे। वहाँ से सभी कार्यकर्ता कोतवाली रोड होते हुए नारेबाजी करते हुए पैदल मार्च निकालेंगे और तहसील प्रांगण पहुंचकर धरने पर बैठेंगे। संगठन ने एलआईयू और क्षेत्रीय पुलिस प्रशासन से आंदोलनकारियों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

# वृक्षारोपण को लेकर पंचायत बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** 12 जुलाई को प्रस्तावित वृहद वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत शहबाजपुर के त्रिवेणी घाट, घाटमपुर स्थित पंचायत भवन में बुधवार को एक जागरूकता बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सचिव विशाल वर्मा ने की।

बैठक में ग्रामीणों को अधिक से अधिक संख्या में वृक्ष लगाने तथा पर्यावरण संरक्षण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए सचिव विशाल वर्मा ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और लगातार घटते हरित क्षेत्र को देखते हुए वृक्षारोपण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति यदि कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प ले, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। 12 जुलाई को आयोजित होने वाले वृहद वृक्षारोपण अभियान में परिवार सहित भाग लेने और लगाए गए पौधों की नियमित देखरेख करने का भी आह्वान किया। बैठक के दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि ग्राम पंचायत क्षेत्र में अधिक से अधिक लोगों को वृक्षारोपण अभियान से जोड़ा जाएगा। बैठक में ग्राम पंचायत सचिव विशाल वर्मा, रोजगार सेवक बच्चूलाल, सोनू, परमजीत सिंह, रमन, कालीचरन, रमेश, लक्ष्मण प्रसाद वर्मा, गोमती भक्त सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।


बैठक में मौजूद सचिव और ग्रामीण। –जागरण मोर्चा

**▶ 12 जुलाई को होगा वृक्षारोपण, किया जागरुक**

# बीसलपुर व्यापार मंडल गठित, शपथ दिलाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बीसलपुर नगर इकाई का गठन एवं शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संगठन के जिलाध्यक्ष अनूप अग्रवाल ने नवनियुक्त युवा जिलाध्यक्ष मोहित अग्रवाल सहित सभी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

उन्होंने सभी से व्यापारी एकता और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का आह्वान किया।इस अवसर पर नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें वीरेंद्र अग्रवाल को नगर अध्यक्ष, दीपक अग्रवाल को नगर महामंत्री, मनोज गोयल को नगर महामंत्री (संगठन) और नितिन भारद्वाज को नगर युवा अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसके साथ ही प्रखर गुप्ता को युवा महामंत्री, संजय अग्रवाल को कोषाध्यक्ष, प्रियंका अग्रवाल को युवा कोषाध्यक्ष और अभिषेक पाठक को मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया। प्रदीप वर्मा, फरहान हुसैन और मोहम्मद रिजवान ने कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शपथ ली।जिलाध्यक्ष अनूप अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक व्यापारी की आवाज़ बनकर उनकी समस्याओं का समाधान करना है। व्यापारी समाज की एकजुटता ही संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है। समारोह के अंत में सभी उपस्थित व्यापारियों ने आपसी समन्वय के साथ व्यापारिक हितों की रक्षा करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री विनीत अग्रवाल सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।


नवनियुक्त पदाधिकारी जिला अध्यक्ष को सम्मानित करते हुए। –जागरण मोर्चा

**दहेजमुक्त-विवाह** सादगी के साथ नवयुगल ने लिए सात फेरे

# सादगीपूर्ण आदर्श दहेज रहित विवाह संस्कार संपन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** समाज में सादगीपूर्ण और दहेजमुक्त विवाह की मिसाल पेश करते हुए माता भगवती देवी गौशाला, प्रसादपुर परिसर में एक आदर्श विवाह संस्कार संपन्न कराया गया।

बीसलपुर क्षेत्र के चौसर पट्टी निवासी कुंवरसेन गंगवार की पुत्री शीतल गंगवार का विवाह पीलीभीत जनपद के बार नवादा निवासी खेमपाल गंगवार पुत्र जगवीर सिंह गंगवार के साथ संपन्न हुआ। वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न हुए इस विवाह में दोनों ने पवित्र अग्नि के समक्ष सात फेरे लेकर एक-दूसरे को जीवनसाथी के रूप में स्वीकार किया। विवाह संस्कार को माता भगवती देवी गौशाला के प्रबंधक अनंत राम पालिया तथा आत्माराम वर्मा ने वैदिक विधि-विधान के साथ संपन्न कराया, उन्होंने वर-वधू को गृहस्थ जीवन के आदर्शों, पारिवारिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों का पालन करने का संदेश भी दिया। उपस्थित लोगों ने नवदंपती के सुखद एवं मंगलमय वैवाहिक जीवन की कामना की। समारोह में गायत्री परिवार के सदस्य संदीप खंडेलवाल एवं सीमा खंडेलवाल भी पहुंचे। उन्होंने नवविवाहित दंपती को आशीर्वाद देते हुए उपहार भेंट किए और कहा कि दहेजमुक्त एवं सादगीपूर्ण विवाह समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। ऐसे आयोजन सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने और समानता व सम्मान पर आधारित वैवाहिक परंपराओं को बढ़ावा देने का कार्य करते हैं।

विवाह समारोह में मौजूद लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि दहेज जैसी सामाजिक बुराई को समाप्त करने के लिए इस प्रकार के आदर्श विवाह समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं। उन्होंने अधिक से अधिक परिवारों से दहेजमुक्त विवाह अपनाने की अपील की, ताकि समाज में समानता, सादगी और आपसी सम्मान की भावना को मजबूती मिल सके। समारोह का वातावरण पूरी तरह धार्मिक, सादगीपूर्ण और सौहार्दपूर्ण रहा।


आशीर्वाद देते समाजसेवी।


श्रम बंधु टास्क फोर्स समिति की बैठक में मौजूद डीएम। –जागरण मोर्चा

# श्रम योजनाओं की समीक्षा, लक्ष्य के अनुरूप पंजीकरण कराने के निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री श्रम-योगी मानधन योजना, प्रधानमंत्री लघु व्यापारी मानधन योजना एवं श्रम बंधु टास्क फोर्स समिति की बैठक गांधी सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को श्रम-योगी मानधन योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अधिक से अधिक श्रमिकों का पंजीकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने भवन निर्माण श्रमिकों के पंजीकरण, विभिन्न श्रम कल्याण योजनाओं के प्रचार-प्रसार तथा बाल श्रम के विरुद्ध अभियान चलाकर प्रतिष्ठानों पर नियमित छापेमारी करने के भी निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला पंचायत राज अधिकारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### नाबालिग को गायब करने का आरोप, नहीं सुन रही कोतवाली पुलिस

तिलहर/शाहजहांपुर। नगर के मोहल्ला मुस्तबाबाद से एक 14 वर्षीय नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि 28 जून 2026 की रात वह बच्चों के साथ सो रही थी। अगली सुबह उनकी पुत्री बिस्तर से गायब थी। आरोप है कि निवासी अनुराग अपने परिजनों के सहयोग से उनकी बेटी को भगा ले गया है।पीड़ित परिवार 29 जून से कोतवाली के चक्कर काट रहा है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। सुनवाई न होने पर परिजनों ने पुलिस कप्तान सौरभ दीक्षित से गुहार लगाई। एसपी ने तत्काल कोतवाल को किशोरी की बरामदगी के निर्देश दिए, लेकिन 8 दिन बीतने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। परिजनों ने आरोपियों पर सख्त कार्रवाई और शीघ्र बरामदगी की मांग की है।

# कांवड़ यात्रा व उर्स-ए-आला हजरत को लेकर प्रशासन अलर्ट

## डीएम-एसएसपी ने अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व धर्मगुरुओं संग की बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय



बैठक में उपस्थित जिलाधिकारी अविनाश सिंह एवं पुलिस अधीक्षक।

**बरेली।** कांवड़ यात्रा और आगामी उर्स-ए-आला हजरत के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। बुधवार को डीएम अविनाश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य ने अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं धर्मगुरुओं के साथ बैठक कर सुरक्षा, यातायात और अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा किसी नई परंपरा की अनुमति नहीं होगी। बैठक में कांवड़ मार्गों पर गड्ढों, जलभराव, लटकते बिजली के तार, ट्रांसफार्मर और क्षतिग्रस्त सड़कों का मुद्दा उठाया गया। डीएम ने संबंधित विभागों को यात्रा शुरू होने से पहले सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। नगर निगम और नगर पालिकाओं को सफाई, सड़क मरम्मत और जलनिकासी के कार्य समय पर पूरा करने को कहा गया।

एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि डीजे और वाहन की कुल ऊंचाई 12 फीट से अधिक नहीं होगी। परंपरागत मार्ग से हटकर यात्रा निकालने की अनुमति नहीं दी जाएगी। बाहर से डीजे लाने पर संबंधित थाने को पूर्व सूचना देनी होगी तथा आपत्तिजनक गीत बजाने पर कार्रवाई होगी। प्रत्येक कांवड़ जत्थे के लिए पुलिस नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने, सड़क पर स्टंटबाजी और माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने कांवड़ सेवा शिविरों के लिए भी दिशा-निर्देश जारी किए हैं। शिविर सड़क के बाईं ओर लगाए जाएंगे, अग्निशमन व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे, महिलाओं के लिए अलग शौचालय और स्वयंसेवकों के पहचान पत्र अनिवार्य होंगे। डीएम ने कहा कि दोनों धार्मिक आयोजनों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# अखिलेश यादव जन्मदिन पखवाड़ा समापन पर सपा ने किया वृक्षारोपण

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बिसौली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पखवाड़ा के अंतिम दिन बिसौली विधानसभा क्षेत्र के गांव मलिकपुर और खेड़ा दास में वृक्षारोपण एवं पीडीए पंचायत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, भारत सरकार के पूर्व प्रदेश कोऑर्डिनेटर सतीश प्रेमी ने कहा कि अखिलेश यादव के जन्मदिन पर शुरू किया गया 'हर बूथ एक पेड़' अभियान पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज को जागरूक करने का प्रयास है। उन्होंने समाजवादी सरकार की जनहितकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए 102/108 एंबुलेंस सेवा, पुलिस की 100 नंबर सेवा, कन्या विद्याधन योजना के तहत 30 हजार रुपये, छात्रों को लैपटॉप वितरण, महिला सुरक्षा के लिए 1090 सेवा, वृद्धा एवं विधवा पेंशन जैसी योजनाओं को जनकल्याणकारी बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में प्रदेश का किसान, मजदूर, व्यापारी, छात्र और नौजवान सभी परेशान हैं। महंगाई चरम पर है और दलित, पिछड़े व अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों पर उत्पीड़न की घटनाएं बढ़ी हैं। ऐसे में पीडीए ही एकमात्र विकल्प है। उन्होंने 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाकर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में स्वर्गीय चन्द्र पाल सिंह यादव एवं स्वर्गीय सतीश यादव के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। पंचायत में पंकज यादव, विकास यादव, गौरव प्रधान, कपिलदेव, सुबोध यादव, अनिल यादव, रविंद्र कुमार यादव, ओमेंद्र सिंह, मुकेश प्रधान, कुंवर पाल सिंह, खाली राम सिंह, राजवीर सिंह यादव आदि रहे।

# बिजली गिरने से पेड़ के नीचे खड़े किसान की हुई मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय



अस्पताल में परिजनों से वार्ता करते विधायक बाबूराम पासवान। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से बड़ा हादसा हो गया। बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे खड़े दो किसान बिजली की चपेट में आ गए। हादसे में एक किसान की मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से झुलस गया। दोनों को सीएचसी पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया। दूसरे को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव बख्तापुर शिवपुरिया निवासी गंगाराम (60 वर्ष) और गयादीन (50 वर्ष) बुधवार को अपने खेत में धान की रोपाई कर रहे थे। इसी दौरान अचानक मौसम बदल गया और तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई। तेज हो बारिश होने से बारिश से बचने के लिए दोनों पास में खड़े एक पेड़ के नीचे जाकर रुक गए। इसी बीच तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली सीधे पेंड़ पर आ गिरी। बिजली गिरते ही दोनों किसान उसकी चपेट में आ गए और दोनों झुलस कर जमीन पर गिर पड़े। बिजली गिरने की तेज आवाज सुनकर खलवली मच गई। आस पास खेतों में काम कर रहे किसान और ग्रामीण मौके की ओर दौड़े। दोनों को अचेत अवस्था में देखकर तत्काल निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर पहुंचाया गया। जंहा चिकित्सकों ने जांच के बाद गंगाराम को मृत घोषित कर दिया। हांलाकि गंगाराम की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। वहीं झुलसे गयादीन की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में उसका उपचार जारी है। गंगाराम की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बड़ी संख्या में ग्रामीण अस्पताल और मृतक के घर पहुंच गए। सूचना पर एसडीएम अजीत प्रताप सिंह व पुलिस भी अस्पताल पहुंची,और आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्रीय विधायक बाबूराम पासवान ने भी सीएचसी पहुंचकर घायल गयादीन का हालचाल जाना। उन्होंने चिकित्सकों से बेहतर इलाज सुनिश्चित करने को कहा और मृतक के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए ढांढस बंधाया। विधायक ने प्रशासनिक अधिकारियों से पीड़ित परिवार को शासन से मिलने वाली आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को भी कहा। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। जिनका रो रो कर वुराहाल है। कोतवाल पवन पांडे ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

> मामले की जानकारी लगने पर अस्पताल गया था। घटना दुखद है। परिजनों से वर्ता की गई है। मृतक व झुलसे ग्रामीण के परिजनों को हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी।
>
> **-अजीत प्रताप सिंह, उपजिलाधिकारी, पूरनपुर**

> हादसा बहुत दुखद है। सूचना पर अस्पताल में पहुंच कर जानकारी जुटाई है। चिकित्सकों को बेहतर इलाज के निर्देशित किया गया है। मृतक के परिवार से मिला हूं। परिवार को हरसंभव सहायता दिलाई जाएगी। इसके लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।
>
> **-बाबूराम पासवान, भाजपा विधायक, पूरनपुर**

## विभिन्न मांगो को लेकर डीआरएम से मिले व्यापारी

**बहेड़ी।** दिल्ली तक सीधे ट्रेन सहित कई अन्य प्रमुख मांगों के साथ तहसील अध्यक्ष अतुल गर्ग की अगुवाई में व्यापार मंडल के पदाधिकारी बरेली जाकर मंडल रेल प्रबंधक वीणा सिन्हा से मिले और सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दिल्ली तक सीधे ट्रेन चलाए जाने की मांग के अलावा मुंडिया रेलवे फाटक पर अंडरपास तथा स्थानीय रेलवे स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज बनाए जाने की मांग प्रमुख रूप से रखी गई। व्यापारी नेताओं के मुताबिक, रेल अधिकारियों ने उनकी बातों पर सकारात्मक रुख अपनाकर संबधित अधिकारी को मौके पर बुलाया और मांग के अनुरूप जल्द सर्वे कराए जाने का भी आश्वासन दिया है। प्रतिनिधि मंडल में अतुल गर्ग के अलावा आसिफ रिजवी आदि शामिल रहे।

## संक्षेप समाचार



सुंदरकांड पाठ में भाग लेते लोग। -जागरण मोर्चा

### इनरव्हील क्लब ऑफ ग्लोरी ने सुंदरकांड पाठ व भजन-कीर्तन का किया आयोजन

पीलीभीत। इनरव्हील क्लब ऑफ ग्लोरी की ओर से मंगलवार को सीताराम जानकी मंदिर में श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ सुंदरकांड पाठ एवं भजन–कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्लब की सदस्याओं के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म और अध्यात्म के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। सुंदरकांड पाठ के उपरांत ढोल की मधुर थाप पर भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति दी गई, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिरस में सराबोर हो गया। इसके बाद विधि–विधान के साथ भगवान की पूजा–अर्चना की गई और सभी ने सुख–समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं को मीठा शरबत एवं प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर क्लब की सदस्याओं ने सामूहिक रूप से भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए धार्मिक एवं सामाजिक एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में क्लब की अध्यक्ष रुचि खन्ना, सचिव रिंकी गुप्ता, आईएसओ निधि वर्मा, संपादिका पूनम कपूर, प्रगति गुप्ता, मीनाक्षी खन्ना, सोनम गर्ग, पूनम गुप्ता सहित अन्य सदस्याएँ उपस्थित रहीं। पूरे आयोजन का वातावरण भक्तिमय रहा। उपस्थित श्रद्धालुओं ने सुंदरकांड पाठ एवं भजन–कीर्तन की सराहना करते हुए इसे सफल, प्रेरणादायक और आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर आयोजन बताया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवकों की मौत, रातभर सड़क किनारे खाई में पड़े रहे शव



मृतक का फ़ाइल फ़ोटो।

**न्यूरिया।** टनकपुर रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद दोनों युवक सड़क किनारे खाई में जा गिरे और पूरी रात बारिश में वहीं पड़े रहे। बुधवार सुबह राहगीरों की नजर शवों पर पड़ने के बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही न्यूरिया पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर अज्ञात वाहन की तलाश भी तेज कर दी है। मृतकों की पहचान थाना न्यूरिया क्षेत्र के गांव सड़ा निवासी करीब 25 वर्षीय अरविंद और 28 वर्षीय रंजीत के रूप में हुई है। हादसा टनकपुर रोड स्थित उलेतापुर पेट्रोल पंप के पास हुआ। थानाध्यक्ष दिगम्बर सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हुई है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर दुर्घटना की जांच कर रही है। अज्ञात वाहन की तलाश जारी है।




शाहजहांपुर में स्कूल चलो अभियान रैली निकालते बच्चे। -जागरण मोर्चा

### स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत रैली निकाली

**शाहजहाँपुर।** स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत अनुदानित मदरसा नुरुल हुदा, बिजलीपूरा द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य क्षेत्र के अभिभावकों एवं आमजन को प्रत्येक बच्चे का विद्यालय में नामांकन कराने तथा नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित करना था। रैली का शुभारंभ मदरसा परिसर से हुआ। छात्र–छात्राओं ने हाथों में जागरूकता संबंधी तख्तियाँ एवं बैनर लेकर विभिन्न मार्गों से होकर रैली निकाली। इस दौरान बच्चों ने "सब पढ़ें, सब बढ़ें", "हर बच्चा स्कूल जाए, उज्ज्वल भविष्य पाए", "शिक्षा है हर बच्चे का अधिकार" जैसे प्रेरक नारे लगाए। रैली के माध्यम से लोगों को शिक्षा के महत्व तथा बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए जागरूक किया गया। मदरसा के प्रधानाचार्य इक़बाल हुसैन उर्फ फूलमियां ने कहा कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है और समाज के सभी लोगों का दायित्व है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों का समय पर मदरसा में प्रवेश कराकर नियमित रूप से पढ़ाई के लिए भेजें। रैली में इज़हार हसन, जहूर अहमद, कामरान हुसैन, मोहम्मद जाहिद, साजिद अली खान, मोइन खान, आदि मौजूद रहे।

## शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना शुरू

**बहेड़ी।** प्राथमिक तथा माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों, शिक्षा मित्र, अनुदेशक तथा रसोईयों के हित में मुख्यमंत्री द्वारा लागू की गई मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का स्थानीय स्तर पर भी शुभारंभ कर दिया गया।

तहसील सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य मेहमान के रूप में आए बहेड़ी व शेरगढ़ ब्लाक प्रमुख क्रमशः अमरेंद्र सिंह गोल्डी व भूपेंद्र कुर्मी ने तहसीलदार भानु प्रताप सिंह के साथ लाभार्थी शिक्षक/ शिक्षिकाओं को मुख्यमंत्री चिकित्सा कार्ड बितरित किए। इस अवसर पर तहसीलदार ने बताया कि सभी बेसिक स्कूलों में पढ़ने वाले सभी बच्चों के अभिभावकों के खाते में ड्रेस तथा अन्य पाठ्य सामग्री खरीदने की रकम डी बी टी के जरिये (1200 रूपये) भेजी जा रही है।

# शिक्षकों को पांच लाख कैशलेस इलाज व ग्रुप इन्श्योरेंस का बड़ा तोहफा

जागरण मोर्चा कार्यालय



तहसील सभागार में कैशलेस योजना शुभारंभ का प्रसारण देखते शिक्षक।

**तिलहर (शाहजहांपुर)।** मुख्यमंत्री द्वारा विगत दिनों घोषित शिक्षक कैशलेस उपचार योजना का आज विधिवत डीबीटी के माध्यम से शुभारंभ किया गया ।तिलहर के तहसील सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में बड़ी स्क्रीन पर कार्यक्रम के शुभारंभ कासीधा प्रसारण सभागार में उपस्थित प्रशासन व शिक्षा विभाग के अनेक अधिकारियों शिक्षकों और कर्मचारियों ने देखा।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के लाखों शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारीयों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा की घोषणा की थी ।जिसका शुभारंभ बुधवार को सुबह वाराणसी के व्यापार केंद्र में मुख्यमंत्री के द्वारा किया गया ।अब प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों की वार्डन पूर्णकालिक तथा अंशकालिक शिक्षक शिक्षिकाएं अनुदेशक शिक्षा मित्र आदि इससे लाभान्वित होंगे और उन्हें तथा उनके परिवार को 500000 तकका कैशलेस इलाज उपलब्ध होगा ।इसके अलावा भारतीय स्टेट बैंक से हुए समझौते के आधार पर स्थाई तथा कस्तूरबा विद्यालयों के संविदा शिक्षकों शिक्षामित्र और अनुदेशकों को शिक्षकों को ग्रुप इंश्योरेंस तथा दुर्घटना बीमा आदि उपलब्ध कराया जाएगा शिक्षकों का कर्मचारियों को एसबीआई में खाता संचालित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। बुधवार को तहसील सभागार में एसडीएम जीत सिंह राय की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में योजना का शुभारंभ किया गया। इस दौरान वाराणसी स्थित रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर से आयोजित प्रदेशस्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी उपस्थित शिक्षकों और अधिकारियों को दिखाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख कविता यादव, जैतीपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजीव कश्यप, खुदागंज ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नरेंद्र गुप्ता उर्फ लल्ला तथा व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरभ गुप्ता उर्फ रवि मौजूद रहे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षामित्र और शिक्षा विभाग के कर्मचारी शामिल हुए। एसडीएम जीत सिंह राय ने बताया कि योजना के तहत बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक, शिक्षामित्र, विशेष शिक्षक, अनुदेशक, सहायता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षक, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के वार्डन एवं पूर्णकालिक शिक्षक-शिक्षिकाएं, प्रधानमंत्री पोषण योजना के रसोइये तथा उनके आश्रित परिवार के सदस्य कैशलेस चिकित्सा सुविधा के पात्र होंगे। साथ ही माध्यमिक शिक्षा विभाग के कार्यरत शिक्षक एवं उनके आश्रितों को भी योजना में शामिल किया गया है। अधिकारियों ने शिक्षकों को योजना की पात्रता, पंजीकरण प्रक्रिया और कैशलेस उपचार की व्यवस्था की विस्तृत जानकारी देते हुए अधिक से अधिक संख्या में पंजीकरण कराने और योजना का लाभ उठाने की अपील की। इस योजना के लागू होने से हजारों शिक्षकों और उनके परिवारों को गंभीर बीमारी के इलाज में आर्थिक राहत मिलने की उम्मीद है।

**आग का मातम** या अली, या हुसैन की सदाओं से गूजा इलाका, मातमदारों के जोश को बारिश भी नही कर पाई ठन्डा

# दहकते शोलों और जंजीरों पर अंजुमन का मातम

जागरण मोर्चा कार्यालय



जंजीरों से मातम करते हुए। -जागरण मोर्चा



दहकती आग पर चलकर मातम करते।

**मोहम्मदी-खीरी।** इक्कीसवीं मोहर्रम पर इमामबाडे में एक मजलिस आयोजित हुई जिसमें बरेली से आऐ मौलाना अरशद अली जैदी ने खेताब फरमाया, मौलाना ने पैगम्बरे इस्लाम इमाम हुसैन के बारे में विस्तार से बताया।

उसके बाद अलम का जुलूस निकाला गया, जुलूस के बाद अजुमने हुसैनिया ने दहकते हुऐ अगारों पर चल कर आग का मातम किया, वही दहकती जजीरों का भी नौजवानों ने मातम किया, जलते हुऐ आगारों पर बुजुर्ग, नौजवान और बच्चें अलम को लेकर दहकते अगारों पर या अली या अली की सदाओं के बीच से निकले। अजुमन के लोगों ने दहकती हुई जजीरों का मातम किया अजुमन का जोश देखते ही बन रहा था। बारिश बंद होने के बाद मातम दारू का दोस्त देखते ही बन रहा था, या अली,या हुसैन की सदाओं से माहौल गमजदा हो गया। देर रात यह कार्यक्रम समाप्त हुआ। बारिश के बाबजूद हजारों की तादाद मे महिलाएं और नौजवान इस आग का मातम देखने के लिऐ बेताब दिखे साथ ही बड़ी तादाद में बाहर से मेहमानों ने इस कार्यक्रम में शिरकत की। अजुमन के अध्यक्ष मो.अब्बास नकवी की देखरेख मे आयोजित हुआ, इस मौके पर हसन नकवी, आलिम रजा, अफजल जैदी, जाहिद जैदी, असलम रिजवी, रहबर रिजवी, अहसन रिजवी, जमीर रिजवी, आजाद रिजवी, फरीद जैदी सहित पूरी अजुमन के लोग मौजूद रहे, कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा में बडी सख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

# पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बाघ मित्रों का 3 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** टाइगर रिजर्व में लखीमपुर खीरी और बिजनौर के 'बाघ मित्रों' के लिए तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। 7 से 9 जुलाई तक चलने वाले इस कार्यक्रम का आयोजन पीलीभीत टाइगर रिजर्व और विश्व प्रकृति निधि-भारत के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। इसका उद्देश्य अन्य संवेदनशील क्षेत्रों के बाघ मित्रों को भी पीलीभीत मॉडल की तर्ज पर प्रशिक्षित कर मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करना है।

वन शहीद कुंदन लाल सभागार में आयोजित उद्घाटन सत्र में दुधवा टाइगर रिजर्व, उत्तर एवं दक्षिण खीरी वन प्रभाग, दुधवा बफर, दुधवा-किशनपुर कॉरिडोर, सामाजिक वानिकी प्रभाग बिजनौर तथा पीलीभीत टाइगर रिजर्व के बाघ मित्रों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि रोहिलखंड परिक्षेत्र के मुख्य वन संरक्षक एवं पीलीभीत टाइगर रिजर्व के क्षेत्र निदेशक पी.पी. सिंह ने कहा कि बाघ मित्रों ने जंगलों और स्थानीय समुदाय की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकने में उनकी भागीदारी बेहद अहम है। प्रभागीय वनाधिकारी मनीष सिंह और प्रभागीय निदेशक भारत कुमार डी.के. ने भी बाघ मित्रों के कार्यों की सराहना की। वन्यजीव जैव विविधता संरक्षण समिति के महासचिव डॉ. अमिताभ अग्निहोत्री ने बाघ मित्रों से भविष्य में भी सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

स्पेन ने पुर्तगाल को 1-0 से हराया, हार के बाद दिखा स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो का दर्द

# रोनाल्डो का वर्ल्ड कप सफर हार के साथ थमा

**नई दिल्ली**

दुनिया के महान फुटबालरों में से एक पुर्तगाल के स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो का वर्ल्ड कप का सफर हार के साथ समाप्त हुआ। उनका फीफा वर्ल्ड कप जीतने का सपना पूरा नहीं हो सका।

स्पेन के खिलाफ राउंड ऑफ 16 मुकाबले में पुर्तगाल 0-1 से हारकर वर्ल्ड कप से निराशाजनक तरीके से बाहर हो गई। इसके साथ ही 41 साल के रोनाल्डो का वर्ल्ड कप सफर हमेशा के लिए खत्म हो गया। मैच के बाद निराश रोनाल्डो ने पुष्टि की है कि यह उनके करियर का आखिरी वर्ल्ड कप था, लेकिन उन्होंने इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास लेने पर फिलहाल कोई फैसला नहीं किया है। आर्लिंग्टन के डलास स्टेडियम में 7 जुलाई को आयोजित यह मुकाबला बहुत देर तक बराबरी पर था, लेकिन दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में सब्स्टीट्यूट मिकेल मेरिनो ने गोल दागकर पुर्तगाल और रोनाल्डो का सपना तोड़ दिया। हार के बाद रोनाल्डो का दर्द साफ दिखाई दिया। उन्होंने स्वीकार किया कि आखिरी वर्ल्ड कप से इस तरह विदाई लेना उनके लिए बेहद दुखद है।




### स्पेन के गोलकीपर सिमोन बने रोनाल्डो के लिए रोड़ा

स्पेन के 29 साल के गोलकीपर उनाई सिमोन ने लगातार 609 मिनट तक गोल नहीं खाकर वर्ल्ड कप का नया रिकॉर्ड बनाया। सिमोन ने पुर्तगाल के खिलाफ पहले हाफ में क्रिस्टियानो रोनाल्डो के दो प्रयास विफल किए। इनमें एक शानदार डाइविंग सेव भी शामिल रही।

### रोनाल्डो ने गिनाईं उपलब्धियां

दो दशक के अपने शानदार वर्ल्ड कप करियर में क्रिस्टियानो रोनाल्डो कभी फाइनल तक नहीं पहुंच पाए। हार की निराशा के बावजूद रोनाल्डो ने पुर्तगाल के लिए अपने योगदान पर गर्व जताया। उन्होंने याद दिलाया कि उनकी मौजूदगी में पुर्तगाल ने फुटबॉल इतिहास की सबसे बड़ी सफलताएं हासिल कीं। क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने कहा, ''मैंने पुर्तगाल के लिए तीन खिताब जीते हैं। क्रिस्टियानो रोनाल्डो से पहले पुर्तगाल ने एक भी खिताब नहीं जीता था।

## बेल्जियम क्वार्टर फाइनल में, डांस से अमेरिकी राष्ट्रपति का उड़ाया मजाक




फीफा वर्ल्ड कप 2026 के राउंड ऑफ 16 में बेल्जियम ने यूएसए को 4-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है।

जीत के बाद बेल्जियम के खिलाड़ियों ने ट्रंप डांस करके जश्न मनाया और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को चिढ़ाते हुए मजाक बनाया। बता दें कि बेल्जियम और अमेरिका के बीच हुए मैच से पहले जमकर विवाद हुआ था। यह विवाद अमेरिकी स्ट्राइकर फोलारिन बालोगुन को लेकर था। राउंड ऑफ 32 के मुकाबले में बालोगुन को रेड कार्ड मिला था।

इसकी वजह से वह इस मैच में नहीं खेलने वाले थे लेकिन फीफा ने उन्हें इस मैच में खेलने की अनुमति दे दी। यह फैसला तब बदला जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फीफा के प्रमुख जियानी इन्फेंटिनो को फोन करके इस फैसले की समीक्षा के लिए दखल देने को कहा। सिएटल स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में चार्ल्स डी केटेलेरे के पहले हाफ में किए गए दो गोल, हंस वनाकेन के पहले वर्ल्ड कप गोल और सब्स्टीट्यूट रोमेलु लुकाकू के आखिरी समय में किए गए गोल की वजह से बेल्जियम ने शानदार जीत दर्ज की।

## अंतिम 11 मिनट में पलटी बाजी, अर्जेंटीना अंतिम 8 में

मिस्र को रोमांचक मुकाबले में 3-2 से हराया



**नई दिल्ली**

फीफा वर्ल्ड कप 2026 के राउंड ऑफ 16 मुकाबले में अर्जेंटीना और मिस्र के बीच बेहद रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। पहले हाफ के शुरुआत में ही गोल करके मिस्र की टीम अपनी बढ़त को कायम नहीं रख सकी।

हाईवोल्टेज मुकाबले में अर्जेंटीना ने मिस्र को 3-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। पूरे मैच में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली जहां आखिरी समय तक जीत किसकी होगी यह कहना मुश्किल था।

एक समय दो गोल से पीछे चल रही अर्जेंटीना की टीम ने शानदार वापसी करते हुए आखिरी मिनटों में पासा पलट दिया। मुकाबले की शुरुआत मिस्र के लिए बेहद शानदार रही। मैच के 15वें मिनट में ही यासर इब्राहिम ने एक बेहतरीन गोल दागकर अपनी टीम को 1-0 की शुरुआती बढ़त दिला दी।

### रोमेरो के बाद मेसी का दिखा जादू

दो गोल से पिछड़ने के बाद अर्जेंटीना के खिलाड़ियों ने अपनी आक्रामकता बढ़ाई और मैच में जोरदार वापसी की। मैच के 79वें मिनट में क्रिस्टियन रोमेरो ने टीम के लिए पहला गोल दागा और फासले को कम किया। इसके ठीक चार मिनट बाद यानी 83वें मिनट में दिग्गज फुटबॉलर मेसी ने अपने अनुभव का जादुई नमूना पेश करते हुए एक शानदार गोल किया और स्कोर को 2-2 की बराबरी पर ला खड़ा किया।

## कोको गॉफ सेमीफाइनल में पहुंचीं जेसिका पेगुला को किया पराजित

चारों ग्रैंडस्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली 7वीं खिलाड़ी बनीं



**नई दिल्ली**

अमेरिकी स्टार कोको गॉफ ने विंबलडन 2026 में लगातार चौथे मैच में जीत दर्ज की। मंगलवार को एक सेट हारने के बाद वापसी करते हुए उन्होंने जेसिका पेगुला को 4-6, 6-3, 6-3 से मात देकर वर्ष के तीसरे ग्रैंडस्लैम विंबलडन के महिला एकल वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बनाई। लंदन के ऑल-इंग्लैंड लॉन टेनिस क्लब में पेगुला लगातार अच्छा खेल रही थीं और पहले सेट में ग्रास कोर्ट पर कोको गॉफ की कमजोरियां सामने आ गईं। लेकिन नंबर 7 सीड खिलाड़ी ने अपनी प्रतिद्वंद्वी की सभी कोशिशों को नाकाम कर दिया।

इस मैच में जीत के साथ गॉफ अपने करियर में चारों ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में सेमीफाइनल या उससे आगे पहुंचने वाली सातवीं सक्रिय खिलाड़ी बन गईं। उनसे पहले वीनस विलियम्स, सेरेना विलियम्स, कैरोलिना प्लिस्कोवा, अरिना सबालेंका और इगा स्वियातेक ऐसा कर चुकी हैं। गॉफ ने ऑल इंग्लैंड क्लब में अपने इस सफर को काफी अद्भुत बताया। वह इस टूर्नामेंट में ग्रास कोर्ट पर लगातार चार मैच हारने के बाद आई थीं और राउंड ऑफ 16 में भी एक सेट हारने के बाद बेलिंडा बेनसिक को हराया था। हमेशा सुर्खियों से दूर रहने वाली मजबूत दावेदार जेसिका पेगुला ने 32 वर्ष की उम्र में पहली बार सेंटर कोर्ट पर कदम रखा। उनका लक्ष्य शानदार प्रदर्शन करते हुए जल्द ही दोबारा इसी कोर्ट पर लौटना था, यानी शुक्रवार को होने वाले सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करना।

### सिनर भी अगले दौर में पहुंचे

पुरुषों में मौजूदा चैंपियन यानिक सिनर ने जान-लेनार्ड स्ट्रफ के खिलाफ 7-5, 7-6(4), 6-3 से जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली है। शुक्रवार को सेमीफाइनल मुकाबले में सिनर के सामने सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच या तीसरी वरीयता प्राप्त फेलिक्स ऑगर-एलियासिमे से होंगे। पहला सेट हारने और दूसरे सेट की शुरुआत में ही एक ब्रेक से पिछड़ने के बाद, स्ट्रफ ने अपनी आक्रामकता और बढ़ा दी। उन्होंने सिनर को परेशान करने के लिए अपने जबरदस्त फोरहैंड और सही समय पर नेट की ओर बढ़ने की रणनीति का इस्तेमाल किया। सिनर लगातार 30 मैचों की जीत की शानदार लय बनाए थे। इस दौरान उन्होंने करियर गोल्डन मास्टर्स की उपलब्धि भी हासिल की।

## जिम्बाब्वे दौरे व एशियाई खेलों में लक्ष्मण होंगे मुख्य कोच

**नई दिल्ली**



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस प्रमुख और पूर्व दिग्गज बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण आगामी जिम्बाब्वे दौरे और आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम के मुख्य कोच की भूमिका निभाएंगे। उनके साथ बल्लेबाजी कोच के रूप में ऋषिकेश कानितकर और गेंदबाजी कोच के रूप में सुनील जोशी सहयोगी स्टाफ का हिस्सा होंगे। सूत्रों के अनुसार, यह फैसला इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की सीरीज के बाद सीनियर राष्ट्रीय टीम के मुख्य सहयोगी स्टाफ को कुछ समय का आराम देने के उद्देश्य से लिया गया है। इंग्लैंड दौरा 19 जुलाई को होने वाले तीसरे वनडे मैच से समाप्त हो रहा है। इसके बाद भारत को जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है। यह मैच 23, 25 और 27 जुलाई को हरारे में खेले जाएंगे।

## टी20 रैंकिंग में बेथ मूनी बनीं नंबर 1 बल्लेबाज

**नई दिल्ली**

आस्ट्रेलिया की बल्लेबाज बेथ मूनी महिला बल्लेबाजों की टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गई हैं। उन्होंने टी20 विश्व कप 2026 में 47.60 की औसत के साथ 238 रन बनाए थे। मूनी इस संस्करण में सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ियों की सूची में दूसरे पायदान पर रहीं, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया को रिकॉर्ड सीतवीं बार खिताब जिताने में अहम योगदान दिया। प्लेयर ऑफ द सीरीज बेथ मूनी फाइनल मैच में 49 गेंदों में 10 चौकों के साथ 64 रन की पारी खेलकर मूनी प्लेयर ऑफ द मैच भी चुनी गई थीं। पांचवीं बार है, जब मूनी टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंची हैं। दक्षिण अफ्रीका की ऑलराउंडर मारिजने काप ने शीर्ष 10 में जगह बनाई। टूनामेंट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बाद वह चार पायदान ऊपर चढ़कर 10वें स्थान पर पहुंच गई हैं। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज किम गार्थ ने भी शानदार छलांग लगाई है। ऑस्ट्रेलिया के सफल रन चेज में अहम भूमिका निभाने के बाद वह 15वें स्थान पर पहुंच गई। वहीं, इंग्लैंड की फ्रेया कैंप ने बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन करते हुए आईसीसी महिला टी 20 ऑलराउंडर रैंकिंग में 31 पायदान की छलांग लगाई और 27वें नंबर पर पहुंच गई।

## भारत की 125 रनों से हुई शर्मनाक हार

**ट्रेंट ब्रिज**

भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही पांच मैचों की टी20 सीरीज के तीसरे मुकाबले में टीम इंडिया को बेहद शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा है। पूरी टीम 76 रन पर सिमट गई। मैच को इंग्लैंड की टीम ने 125 रनों से अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ ही उन्होंने सीरीज में 2-0 की मजबूत बढ़त बना ली है। आयरलैंड दौरे से चला आ रहा हार का सिलसिला टीम इंडिया के लिए रुकने का नाम नहीं ले रहा है। इस मैच में गेंदबाजी से लेकर बल्लेबाजी तक टीम इंडिया ने हर सेक्टर में निराश किया। भारतीय टीम का ऐसा बुरा हाल काफी बड़ा चिंता का विषय बन गया है। इसके अलावा श्रेयस अय्यर की कप्तानी और टीम इंडिया के कोचिंग स्टाफ पर भी बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं। वर्ल्ड चैंपियन टीम का ऐसा हाल फैंस के समझ के परे है।

### इंग्लैंड के खिलाफ 76 रन पर ही सिमट कर रह गई टीम इंडिया



### भारत के इतिहास की सबसे बड़ी हार

टीम इंडिया के लिए यह टी20 इंटरनेशनल में अब तक कि सबसे बड़ी बार है। इससे पहले टीम इंडिया को साल 2019 में वेलिंगटन में न्यूजीलैंड के हाथों 80 रनों से हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन इस मैच को तो टीम इंडिया 125 रनों से हार गई है। इस हार को भारतीय फैंस और टीम इंडिया सालों तक नहीं भूल सकेगी। टीम इंडिया चाह कर भी इस दाग को नहीं मिटा सकेगी।

## हैप्पी थाला डे, फीफा ने धोनी को दी जन्मदिन की बधाई

**नई दिल्ली**

भारत के पूर्व कप्तान और विकेटकीपन बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी मंगलवार को अपना 45वां जन्मदिन मनाया।

माही को देश के अलावा विदेशों से भी जन्मदिन की बधाइयां और शुभकामनाएं दी गईं। क्रिकेट जगत के साथ-साथ ही फीफा वर्ल्ड कप के आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट ने धोनी को अनोखे तरीके से जन्मदिन की बधाई दी। फीफा ने एक तस्वीर साझा की, जिसमें लियोनेल मेसी, किलियन एम्बाप्पे और एर्लिंग हालैंड नजर आ रहे हैं। फीफा वर्ल्ड कप 2026 में तीनों खिलाड़ियों ने अब तक सात-सात गोल किए हैं। इस तस्वीर के साथ कैप्शन लिखा गया, 7 गोल्स. थाला फॉर ए रीजन. हैप्पी थाला डे। यह पोस्ट धोनी की प्रतिष्ठित नंबर-7 जर्सी और फैंस के बीच उनके लोकप्रिय निकनेम थाला को समर्पित थी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भी सोशल मीडिया पर एक विशेष ग्राफिक साझा कर धोनी के शानदार करियर को याद किया। बोर्ड ने लिखा, 538 अंतरराष्ट्रीय मैच, 17,266 अंतरराष्ट्रीय रन और विकेट के पीछे 829 शिकार, 2007 टी20 वर्ल्ड कप, 2011 वनडे वर्ल्ड कप और 2013 चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाले कप्तान। भारतीय क्रिकेट के महानतम खिलाड़ियों में से एक महेंद्र सिंह धोनी को जन्मदिन की शुभकामनाएं।




### कराटे में 12 साल के कुशाग्र भट्ट ने जीते दो स्वर्ण पदक

**भोपाल।** कैम्पियन के कक्षा नवमीं के छात्र कुशाग्र भट्ट ने मुंबई में आयोजित 31वीं यूरो एशिया इंटरनेशनल डब्ल्यूएफएसके ओ ओपन कराटे चैम्पियनशिप 2026 में प्रतियोगिता की कुमाइटे एवं काता श्रेणी में 12 वर्ष के व्यक्तिगत बॉयज वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदकों पर अपना कब्जा जमाया। कुशाग्र को इस शानदार प्रदर्शन के बदौलत सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट भी प्रदान किया गया। यह प्रतियोगिता वर्ल्ड फुनाकोशी शोतोकान कराटे ऑर्गनाइजेशन (डब्ल्यूएफएसकेओ) द्वारा आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में विश्व के 27 देशों जापान, श्रीलंका, यूएई, मलेशिया, भारत, जिम्बाब्वे, ऑस्ट्रेलिया, पुर्तगाल, रूस, अमेरिका, दक्षिण अफ्रीका आदि के सैकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लिया। विद्यालय के प्राचार्य फादर डॉ. अमृतलाल टोप्पो एसजे उप प्राचार्य फादर फेबियानुस खलखो एसजे एवं जोंसी कोशी को बधाई दी।










जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।